I must thank the people of Rajasthan, Madhya Pradesh and Chhattisgarh for taking such a decisive action and telling the nation that they are sick and tired of the right, they are sick and tired of the rich and the powerful ruling them.

(1410/RBN/SK)

The answer does not lie with the Congress. The Congress is not the answer. But due to the lack of a third alternative, as they had to throw out the ruling dispensation, they opted for the Opposition. So, the Congress now has to live up to what it says. It has to commit here, before the end of this Session, that if they come to power they will undo the damages done to the farmers, they will undo Aadhar, they will undo GST, they will simplify

GST, and that they will undo the damages done to the national economy due to demonetisation. They will have to bring a law in order to see that no single person in this country will be able to play with the currency of the country. Many laws need to be changed. So, the Congress will have to commit itself if it wants to be in power next time. Otherwise, this *Mahagathbandhan*, as the Prime Minister was speaking, will become a *Mahagadbadbandhan*. That is what it will be. The people will not trust an untrustworthy Congress. The people will not trust an untrustworthy BJP. Both have been damned.

Thank you for the opportunity Madam. …(*Interruptions*)

(ends)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): Madam Speaker, give me a minute. …(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: What is that you want to say?

… (*Interruptions*)

1412 hours

*(At this stage, Shri S.P. Muddahanume Gowda and some other hon. Members went back to their seats.)*

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): Unless this problem is solved, we have to do this in the interest of the country, in the interest of our country's defence and in the interest of our country's integrity. …(*Interruptions*)

HON. SPEAKER: There is no problem at all.

… (*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): So, we are expecting the Prime Minister to make an announcement regarding the constitution of JPC.

HON. SPEAKER: Only yesterday he dealt with this issue.

… (*Interruptions*)

SHRI MALLIKARJUN KHARGE (GULBARGA): We also request you to kindly put pressure on the Government to constitute a JPC. The truth should come out. You have seen everything, like the signature, files, etc. …(*Interruptions*) I request you once again to direct the Government to

constitute a JPC. Otherwise, we have no choice but to protest against this and walk out from the House. …(*Interruptions*)

1414 hours

*(At this stage, Shri Mallikarjun Kharge and some other hon. Members left the House.)*

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): Madam Speaker, Members leaving their seats and coming to the well of the House is understood. It has become a practice which is not supposed to be done. But when our Member, Shri Tathagata Satpathy, was speaking, some Members were walking up to him and tried to obstruct him by showing the placards in front of him. This is something which is very serious. I had to stand up and tell him to come to the well or to come to this side. Ultimately, he agreed. Today is his birthday. This is the manner in which young Parliamentarians are behaving! This should be condemned with full force. This should not happen inside the House.

HON. SPEAKER: I also took his name. I told him, by particularly taking his name, that this is not proper. You know public is also seeing all these things. Such things should not be done. आप किसी दूसरे मैम्बर को इस प्रकार से उसकी बात कहने के बीच में नहीं आ सकते हैं। परसों भी मैंने उस महिला को रोका था, जब उनके माइक में जाकर बात करने लगी थीं। I did it. But what to do? They are, after all, people’s representatives. They must behave themselves.

SHRI BHARTRUHARI MAHTAB (CUTTACK): So are other Members. They are also elected representatives.

HON. SPEAKER: Rightly said. इसीलिए तो मैं बोलती हूं कि उनका हक क्यों छीनना। मैं कन्टीनुयसली चर्चा चला रही हूं। आपको नहीं बोलना है, बाकी लोगों को बजट पर चर्चा करनी है।

(1415/MK/SM)

बाकी लोगों को अपने क्षेत्र की समस्याएं उठानी हैं। यह तो समझना पड़ेगा। दो-दो बार इस पर डिस्कशन हो चुका है। कल प्रधान मंत्री जी ने भी अपने रिप्लाई में जो कहना था, कह दिया। हर समय ऐसा नहीं होता है। मगर ये प्रैक्टिस बनी रहे, इसलिए मैंने रिक्वेस्ट की थी कि इसका हल अपने-आप ढूंढ़ना पड़ेगा। हम सभी पब्लिक रिप्रेजेंटिव्स हैं, हम सबकी जिम्मेदारी है। बहुत गैर-जिम्मेदाराना बर्ताव यहां पर हो रहा है कि दूसरे व्यक्ति की सीट पर जाकर उसको डिस्टर्ब किया जाता है। यह वास्तव में बहुत ही गलत चीज यहां पर हो रही है, लेकिन कर क्या सकते हैं? या तो रोज उठाकर किसी को बाहर फेंको, यह भी नहीं कर सकते। यह बहुत ही गलत है। जैसा आपने कहा यह कंडेम्नेबल है, इस प्रकार के एक्शन पार्लियामेंट में नहीं होने चाहिए।

**श्री जनार्दन मिश्र (रीवा):** निंदा प्रस्ताव आना चाहिए।

**माननीय अध्यक्ष:** मैंने बोल तो दिया कि यह कंडेम्नेबल है और क्या बोलूं? यह कृत्य वास्तव में निंदनीय है कि आप किसी दूसरे मेम्बर को डिस्टर्ब करते हैं और वह भी उनकी सीट के पास जाकर। इसलिए आज मैंने तो उनका नाम लेकर बुलाया । You can't do it. अब इससे भी नहीं समझ रहे हैं तो जहां समझ आएगी, वहां आएगी। समझाने वाले और भी समझाएंगे।

1417 बजे

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर):** आदरणीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे अंतरिम बजट 2019-20 के जनरल डिस्कशन पर बोलने का मौका दिया है। …(व्यवधान)

**माननीय अध्यक्ष:** मैं एक बात और सबको बताना चाहूंगी कि इससे हम साबित कर रहे हैं कि लोक सभा का कोई अर्थ नहीं है। प्रजातंत्र में आखिर बात कहां बोलेंगे? हम अपने-आप में प्रजातंत्र का गला घोंट रहे हैं। अपने-आप को प्रजातंत्र का प्रहरी मानते हुए भी हम एक प्रकार से प्रजातंत्र का गला घोंट रहे हैं। हम सदस्यगण इस प्रकार से व्यवहार कर रहे हैं कि अगर हम पार्लियामेंट में ही किसी को बोलने नहीं देंगे तो कैसे चलेगा? आप यहां से चिल्लाओ, आप अपने नारे लगाओ, लेकिन जो व्यक्ति अपनी सीट पर बैठा है या अपनी सीट से बोल रहा है, तथागत सत्पथी जी अपनी सीट से बोल रहे थे, इसलिए इस प्रकार यह कृत्य अपने-आप में प्रजातंत्र के घोर विरोधी होने का सबूत देता है कि हम विश्वास नहीं करते हैं।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर):** धन्यवाद, अध्यक्ष महोदया। आपने मुझे अंतरिम बजट 2019-20 के जनरल डिस्कशन और Demand for Grants on account for 2019-20 और Supplementary Demand for Grants, 2018-19 पर अपनी बात रखने का अवसर दिया। मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं। मैं आज बजट के पक्ष में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं-

> "छटा अंधियारा, हुआ उजियारा है, जन-जन का भाग्य संवारा है,
> भरोसा पहले से कुछ ज्यादा है, सूरज नहीं डूबेगा यह हमारा वादा है।"

…(व्यवधान) माननीया अध्यक्ष जी, मुझे खुशी इस बात की है कि जो बजट इस बार का है, नये भारत के निर्माण के लिए जिस तरह का बजट का प्रावधान किया गया, …(व्यवधान) यह गरीब का, किसान का, नौजवान का, मध्य वर्ग का बजट है। 'सबका साथ, सबका विकास' मूलमंत्र के साथ इस बजट को तैयार किया गया है। सबको सशक्त करने वाला एस्पिरेशनल क्लास का बजट है, आकांक्षाओं वाले वर्ग का बजट है। इस बजट से लगभग साढ़े तीन करोड़

से ज्यादा हमारे मध्य वर्ग के परिवार हैं, 12 करोड़ से ज्यादा हमारे किसान हैं, 30 करोड़ से ज्यादा हमारे मजदूर हैं, उन सबको लाभ मिलने वाला है। यही नहीं, This is a pro growth, pro farmer, pro poor, physically prudent and it is going to strengthen purchase power of Indian middle class. यह सही नीति और साफ नीयत के साथ नये भारत के निर्माण के लिए बजट लाया गया है, जिसके लिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी का और माननीय प्रधान मंत्री जी का बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं। जब हम 2014 में सत्ता में आए, तब दुनिया भारत के बारे में क्या सोचती थी? कल खड़गे जी 1947 के बाद कांग्रेस की गाथा की बात कर रहे थे, लेकिन दुनिया 2014 में क्या कहती थी?

(1420/RPS/AK)

वर्ष 2014 की आईएमएफ की एक रिपोर्ट है, highlighting India's bad economic performance, and the cause that they have given for it is domestic than international. I will quote from it, and it states that:

"… India's growth slowdown is unusual among emerging markets both in its severity and the fact it has coincided with elevated inflation. Global factors have certainly hurt exports and weighed on investment. However, staff analysis indicates that about two-thirds of the slowdown can be explained by domestic factors, including supply bottlenecks, delayed project approval and implementation, and heightened policy uncertainty…".

इसके चार वर्ष बाद 2018 में आईएमएफ की रिपोर्ट क्या कहती है, इससे पता चलता है कि इन चार वर्षों में देश में क्या बदला है। It talks about India's economic progress, which states that :

"…India has been among the fastest-growing economies in the world over the past few years, lifting millions out of poverty. The authorities have initiated important structural reforms to spur India's catch up with more advanced economies and to improve living standards for all. The main reforms include the inflation-targeting monetary policy framework, the Insolvency and Bankruptcy Code, the Goods and Services Tax, and steps to liberalize FDI flows and improve the business climate…".

वर्ष 2014 में हम दुनिया की 'फ्रेजाइल फाइव' इकोनॉमीज में आते थे, जहां लगता था कि 'BRICS' में से 'आई' कभी भी उड़ सकता है, खत्म हो सकता है, लेकिन वर्ष 2019 आते-आते, मोदी जी के नेतृत्व और दूरदृष्टि के कारण आज भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था बनी है। भारत ने एक नई पहचान बनाई है। इसके लिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी को बधाई देता हूं।

कई बार जब आंकड़ों की बात करें तो कांग्रेस उससे दूर भाग जाती है। विकास की इस रफ्तार में वे अपने आपको सोचते हैं कि क्या नहीं कर पाए। कल खड़गे जी ने कहा कि 1947 के बाद उन्होंने सब कुछ किया है। अगर नेहरू-गांधी परिवार के पास ही सत्ता रहती तो मुझे लगता है कि अगले 100 वर्षों में वह करने को मिलता जो इन पांच वर्षों में हुआ है। आप उस समय के आंकड़े निकालकर देखिए।

अध्यक्ष जी, मैं सदन के सामने कुछ आंकड़े रखना चाहूंगा। पिछले 67 वर्षों में रूरल सैनिटेशन मात्र 38 प्रतिशत थी, हमने इसे 95 प्रतिशत तक पहुंचाया है। गैस कनेक्शन मात्र 55 प्रतिशत थे, हमने 95 प्रतिशत तक पहुंचाए हैं। सड़कों के माध्यम से गांवों को जोड़ने की जो बात थी, वह 55 प्रतिशत था, उसमें भी सबसे बड़ा योगदान अटल बिहारी वाजपेयी जी का था। आज इसे बढ़ाकर 91 प्रतिशत से ज्यादा किया है तो नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया

है। बैंकों का राष्ट्रीयकरण इन्होंने किया, लेकिन अपने लाभ के लिए किया। गरीब जनता का उसमें कभी लाभ नहीं हो पाया और मात्र 50 प्रतिशत बैंक खाते खुल पाए थे। इन्होंने 67 वर्षों में जितने खाते खोले, हमने पांच वर्ष से कम समय के अन्दर शत-प्रतिशत खाते खोलने का काम किया है। बिजली की बात कही गई।

माननीय अध्यक्ष जी, शायद इनके मन में खुशी नहीं होती, जब किसी गरीब के घर में रोशनी आती है। उसके घर में भी बच्चों को दीपक, मोमबत्ती या लालटेन जलाने की बजाए, बल्ब या ट्यूबलाइट जलाकर पढ़ने का अवसर मिले। गरीबों की भलाई कैसे हो, शायद इसे वे लोग नहीं समझ पाते हैं, जिन्होंने गरीबी नहीं देखी है, लेकिन मोदी जी ने देखी, इसलिए इस सरकार में अगर किसी का सबसे ज्यादा लाभ हुआ है तो वह गरीबों का हुआ है। इसके लिए मैं मोदी जी के प्रति बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं। ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क की आवश्यकता आज इसलिए भी है कि वर्ष 0.02 प्रतिशत ऑप्टिकल फाइबर की रीच गांवों तक हुई थी। आज लगभग 50 प्रतिशत ग्राम पंचायतें इससे जुड़ी हैं और इसी वर्ष सभी ग्राम पंचायतों तक ऑप्टिकल फाइबर पहुंच जाएगा। डिजिटल इंडिया का जो हमारा सपना है, इसको साकार करने के लिए यह एक बहुत बड़ा कदम है। रेगुलर रोड्स पिछले 67 वर्षों में 3 लाख 80 हजार किलोमीटर बनी थीं।

(1425/VB/SPR)

लेकिन इन चार वर्षों में दो लाख किलोमीटर सड़कें उसमें और जुड़ गई हैं, यह अपने आप में एक बहुत बड़ी बात है।

वर्ष 2013-14 में एफडीआई 36 बिलियन यूएस डॉलर थी, वह बढ़कर 61.96 बिलियन यूएस डॉलर हुई है। आप किसी भी क्षेत्र में आँकड़े देख लें, किसी भी मापदंड पर पूर्व की सरकारों और आज की सरकार को देखें, तो हमारा काम 55 साल बनाम 55 महीने में इनसे कई गुणा ज्यादा है। इसीलिए इनको चिन्ता सताती है कि जब आँकड़ों की बात आएगी, काम की बात आएगी, तो ये हमारे सामने कभी नहीं खड़े हो पाएंगे।

यही नहीं, जब हमारे यहाँ बॉर्डर पार से आतंकवादियों ने हमला किया, यदि मैं 'उरी' हमले की बात करूँ, अगर सर्जिकल स्ट्राइक करने का दम किसी ने रखा, तो वह हमारी सेना ने रखा और यह श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार में हुआ है। वह 'उरी-द सर्जिकल स्ट्राइक' थी और कल मोदी जी का भाषण पूरा सर्जिकल स्ट्राइक था। देख लीजिए, आज सामने कोई नज़र नहीं आ रहा है।

मापदंड देखा जाता है कि सरकारें किस तरह से काम करती हैं और देश किस तरह से आगे बढ़ता है। कहीं-न-कहीं यह मोदी जी की विज़नरी लीडरशिप थी, जिसके कारण आज भारत बहुत आगे बढ़ा है। चाहे कोई संगठन हो, कम्पनी हो, समाज हो, देश हो, सरकार हो, अगर नेतृत्व काबिल होगा, तो उसका लाभ देखने को मिलता है। पिछले साढ़े चार वर्षों में हमने ईमानदार नेतृत्व भी देखा, मेहनती नेतृत्व भी देखा और साफ नीयत के साथ काम करते हुए भी हमने देखा है।

भारत की जो ग्लोबल परफॉर्मेंस बढ़ी है, उसके कुछ पैरामीटर्स हैं। जहाँ हम ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस में डॉ. मनमोहन सिंह जी की सरकार में 132वें स्थान से 142वें स्थान पर गये थे, वहीं मोदी जी ने हमें वापस 77वें स्थान पर पहुँचा दिया है। इस साल हम इसमें 50वें स्थान पर आ जाएंगे। भारत ने एक बहुत बड़ी छलांग ईज़ ऑफ डूइंग बिज़नेस में लगायी है।

ग्लोबल इनोवेशन इंडेक्स में हम 74वें स्थान से 57वें स्थान पर पहुँचे हैं। ई-गवर्नमेंट इंडेक्स में 180वें स्थान से 96वें स्थान पर पहुँचे हैं। ट्रैवल एंड टूरिज्म कंपीटीटिवनेस इंडेक्स में 65वें स्थान से 40वें स्थान पर पहुँचे हैं। क्लाइमेट चेंज परफॉर्मेंस में 30वें स्थान से चौथे स्थान पर पहुँचे हैं। ई-पार्टिसिपेशन इंडेक्स में 40वें स्थान से हम 15वें स्थान पर पहुँचे हैं।

माननीय वित्त मंत्री जी, हमारे यहाँ इनकम टैक्स डिपार्टमेंट का बहुत डर रहता है। कभी रेड करने की बात हो, कभी स्क्रूटनी करने की बात हो, किस अधिकारी के पास किसकी इनकम टैक्स रिटर्न है, वह खौफ़ उनके मन में से नहीं जाता था। यह इनटरफेस किस प्रकार से खत्म हो, इस दिशा में आपने एक अनूठा प्रयास किया है। इसके लिए जो सॉफ्टवेयर है, वह

अधिकारी को रिप्लेस कर देगा। जिस प्रकार से हम लोग अपनी एग्जामशीट पर लिखकर आते थे और उसको चेक करने वाले टीचर को यह पता नहीं रहता था कि यह किसकी आंसरशीट है। उसी तरह से जब हम लोग इनकम टैक्स रिटर्न फाइल करेंगे, तो कौन अधिकारी चुनेगा, सॉफ्टवेयर के माध्यम से वह किसके पास जाएगी और यदि कोई क्वेरी भी लगती है, तो जब हम उसका रिप्लाई देंगे, तो वह किसी और अधिकारी के पास जाएगी। यह आज के व्यापारी वर्ग के लिए एक बहुत बड़ी देन है। मैं समस्त व्यापारी वर्ग और टैक्स पेयर्स की तरफ से आपका बहुत-बहुत धन्यवाद करना चाहता हूँ।

जितना भी इंस्पेक्टर राज है, उसे हमने अपनी ओर से खत्म करने का प्रयास किया है। पूर्व की सरकारों के समय 17 तरह के टैक्स लगते थे, 1150 चुंगी नाके थे। लेकिन मोदी जी की इच्छा शक्ति और राज्यों के सहयोग से हमने जीएसटी बिल भी पास किया और आज उसके इतने अच्छे परिणाम देखने को मिलते हैं कि लगातार भारत की टैक्स कलेक्शन बढ़ रही है। उसके लिए भी मैं माननीय पीयूष गोयल जी और भारत सरकार को बधाई देता हूँ।

मैं एक बात इस सदन को याद करवाना चाहता हूँ। वर्ष 2013-14 में चिदम्बरम जी ने बजट के समय एक भाषण दिया था। उन्होंने कहा था कि आज जो विकास हुआ है या आज का जो बजट है, यह उनके हार्ड वर्क और उनकी हार्वर्ड की शिक्षा के कारण है।

(1430/PC/UB)

लेकिन हमारे वित्त मंत्री जी ने जब यहां पर बजट प्रस्तुत किया, तो उन्होंने उस मध्य वर्ग - टैक्स पेयर्स की बात की, जिनके हार्ड-वर्क के कारण टैक्स में भी बढ़ोतरी हुई है और गरीब जनता का विकास हुआ है। यह एक बड़ा बदलाव हमें देखने को मिलता है। इससे पता चलता है कि किस तरह हमारी सरकार ने आम आदमी के लिए काम किया और टैक्स पेयर्स का भी सम्मान किया है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, कुछ लोग सड़कों पर जाकर बहुत बातें करते हैं। वे कहते हैं कि बेरोज़गारी बढ़ गई। अगर इस देश में बिरोज़गारी बढ़ी है, तो बिचौलियों और दलालों की बढ़ी

है। उनकी सरकार के समय उनको बहुत काम होता था। इस सरकार में, हमारे पॉवर कॉरिडोर्स में या सरकार के जो मंत्रालय है, वहां से इन लोगों का नामो-निशान मिट चुका है। इनके समय कोई डिफेंस डील बगैर डील के पूरी नहीं होती थी। आज इनको विश्वास नहीं होता है कि ईमानदारी के साथ हमने भारतीय सेना को मज़बूत करने के लिए किस तरह राफेल जहाज़ खरीदा है। इसी साल से उसकी डिलीवरी शुरू हो जाएगी। जो दस सालों में ये नहीं कर पाए, हमने वह कर के दिखाया है।

अध्यक्ष जी, सब से पहले मैं अन्नदाता की बात करुंगा। मैं प्रधान मंत्री जी का धन्यवादी हूं, जिन्होंने स्वामीनाथन रिपोर्ट को लागू कर के, जो उनकी लागत प्लस 50 प्रतिशत है, उसको हमारे किसानों के किया है। 22 ऐसी फसलों पर आपने उसको लागू किया है। इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं। कांग्रेस के लोग कल कह रहे थे कि 6 हज़ार रुपये से क्या होगा? मैं एक नज़र में बजट पर बोलने से पहले बताना चाहूंगा कि वर्ष 2008 में चुनाव में जाने से पहले कांग्रेस ने देश से क्या वादा किया था। उन्होंने कहा था कि हम किसानों की कर्ज़ा माफी करेंगे। अध्यक्ष जी, 6 लाख करोड़ रुपये का कर्ज़ माफ होना था। वर्ष 2008 में यह कहा था कि वर्ष 2010 से इसे इंप्लिमेंट करेंगे। लेकिन जब इंप्लिमेंट भी किया तो मात्र 52 हज़ार करोड़ रुपये उसके ऊपर खर्च किए गए। अगर आप सी.एण्ड.ए.जी. की रिपोर्ट पढ़ेंगी, तो 22 से 23 प्रतिशत लोग ऐसे हैं, जिन को या तो उसका लाभ नहीं मिलना था, उनको मिला और जिन को मिलना चाहिए था, उनको नहीं मिल पाया। किस तरह से भाई-भतीजावाद और लूटपाट उस कर्ज़ा माफी में भी हुई, यह कांग्रेस के शासनकाल के समय हुआ, यह सी.एण्ड.ए.जी. की रिपोर्ट में बड़े विस्तार में कहा गया है।

अध्यक्ष महोदया, यही नहीं, जब पंजाब के चुनाव आए, तो बहुत बड़ा नारा दिया – "कर्ज़ा कुर्की खत्म, फसल दी पूरी रकम।" पंजाब मेरे राज्य के साथ लगता राज्य है। मेरा लोक सभा क्षेत्र जहां खत्म होता है, वहां पंजाब का बॉर्डर शुरू होता है। आप पंजाब के किसी कोने में जाइए, किसी किसान से पूछिए कि क्या आपकी कर्ज़ा माफी हुई? अध्यक्ष जी, बाकी किसी से

क्या पूछना, यह दि-ट्रिब्यून की रिपोर्ट में अमरिंदर सिंह जी की फोटो उस किसान के साथ छपी है। इसमें यह जो किसान है, इसके घर के बाहर यह फोटो खिंचवाई गई और इस बुद्ध सिंह को कहा गया - जैसे ही हमारी सरकार आएगी, तेरा पूरा कर्ज़ा माफ कर दिया जाएगा। इन्होंने घोषणा भी की और आकर प्रोग्राम लॉन्च भी किया, लेकिन दो वर्ष हो गए, बुद्ध सिंह का कर्ज़ा माफ नहीं हुआ। उसने बैंक वालों से कहा - मेरा कर्ज़ा माफ हो जाएगा और आपको पैसा सीधे मिल जाएगा। मान्सा में यह हुआ था। अध्यक्ष जी, यह व्यक्ति डेरा बाबा नानक असेंबली का रहने वाला है। यह आज तक अपने पैसों का इंतज़ार कर रहा है। अंत में इसको बज़ार में से ज़्यादा ब्याज देकर पैसा उठाना पड़ा। आज उसकी हालत और खराब हो गई है।

महोदया, पंजाब में 700 दिनों में 700 किसानों ने आत्महत्या की है। इन 700 किसानों की आत्महत्या का ज़िम्मेदार कौन है? क्या सोनिया जी हैं? कैप्टन अमरिंदर जी हैं? राहुल जी हैं? आखिर कौन हैं, जिन्होंने झूठे वादे किए थे और किसानों को आत्महत्या करने पर मजबूर किया। इनको देश के किसानों से माफी मांगनी चाहिए। ये यहीं पर नहीं रुके। ये मध्य प्रदेश गए, राजस्थान गए और छत्तीसगढ़ गए। ब्रांड अंबेसेडर के तौर पर किसान को वहां ले तो गए, लेकिन उसकी कर्ज़ा माफी वहां भी नहीं हुई। अगर मैं वहां की बात करूं, तो हमारे खंडवा के पंधाना गांव में जवान सिंह जी थे, जो लगभग 45 वर्ष के थे।

(1435/SPS/GM)

इन्होंने 3 लाख 22 हजार रुपये नेशनेलाइज्ड बैंक से लिया और और 50 हजार रुपये कॉओपरेटिव बैंक से लिया था। ये भी खुश थे कि कांग्रेस को वोट दिया है, कर्जा माफ हो जाएगा, लेकिन जब अपने बैंक में गए तो पता चला कि इनका कर्जा माफ नहीं होगा। अलग-अलग शर्तें रख दी गयी थीं कि 31 मार्च 2018 से पहले होगा तो करेंगे, नहीं तो नहीं कर पाएंगे। दो लाख से कम होगा तो करेंगे। आखिरकार उनको भी अपनी जान गंवानी पड़ी। यही नहीं प्रेमनरायन रघुवंशी 65 वर्ष के थे। उन्होंने 3 लाख रुपये प्राइवेट बैंक से और 2 लाख रुपये कॉओपरेटिव बैंक से लिया। जब उनको भी पता चला कि 2 लाख से ऊपर कर्जा माफ नहीं होगा और उस

श्रेणी में ये नहीं आते हैं तो इनको भी अपनी जान गंवानी पड़ी। क्या देश के किसान को कांग्रेस पार्टी ऐसे ही गुमराह करती रहेगी? मैं एक के बाद एक कई उदाहरण छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश के गिना सकता हूं। देवगौड़ा जी बैठे हैं, कर्नाटक की भी बात कर देता हूं। एक वर्ष आपकी सरकार को भी, आपने भी कहा, लेकिन किया नहीं। आपको लाखों-करोड़ों रुपया किसानों का कर्जा माफ करना था, लेकिन नहीं कर पाए। वहां कभी मुख्य मंत्री कहते हैं कि मैं रिजाइन कर दूंगा, कांग्रेस ने तंग कर दिया है। न इस्तीफा देते हैं, न किसानों का कर्जा माफ करते हैं। अध्यक्ष जी, बेचारा किसान जाए तो जाए कहां। जब मोदी जी उसके खाते में 6 हजार रुपया प्रति वर्ष, 75 हजार करोड़ रुपये प्रति वर्ष पूरे किसानों के लिए और अगले दस वर्षों के लिए साढ़े सात लाख करोड़ रुपये सीधे किसानों के खाते में डालते हैं तो इससे बड़ी योजना भारत ने आज तक नहीं देखी है। किसानों के लिए इससे बड़ी योजना न आज तक आई और न ही किसी ने सोचा था। लेकिन कुछ राज्य के लोग आज इसको रोकने का प्रयास कर रहे हैं कि किसान तक वह पैसा न पहुंच पाए।

एक वन-रैंक-वन पेंशन है। पिछली सरकार के समय कहा गया, मैं वन-रैंक-वन पेंशन की बात इसमें इसलिए कह रहा हूं कि कांग्रेस के लोग बजट में कह देते थे, लेकिन बजट का प्रावधान नहीं करते थे। मेरे यहां से लाखों एक्स-सर्विसमैन हैं। कांग्रेस ने बजट में 500 करोड़ रुपये का प्रावधान पूरे देश के लिए किया था। क्या 500 करोड़ रुपये से लाखों एक्स-सर्विसमैन को आप वन रैंक वन पेंशन दे सकते थे? अध्यक्ष जी, 500 करोड़ रुपये नहीं, 35000 करोड़ रुपये उनको किसी ने दिए हैं तो नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने आकर अपना वायदा पूरा किया है। इससे पता चलता है कि ये कितने ढोंग करते हैं, कितने झूठे वायदे करते हैं और यहां पर भी मैं किसानों के लिए कहना चाहता हूं। हमने अगले चुनाव को देखकर नहीं जैसा तथागत जी कह रहे थे। वर्ष 2018-19 के बजट में भी माननीय वित्त मंत्री पीयूष गोयल जी ने 20 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया है और दो हजार रुपये की किश्त इन्हीं दो महीनों के अंदर

उनके खाते में पहुंच जाएगी। इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत अभिनंदन और बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं।

अध्यक्ष जी, यही नहीं हमने सॉयल हैल्थ कार्ड की बात हो। इससे सॉयल की जांच करके 8 से 10 प्रतिशत फर्टिलाइजर्स की लागत में कमी आएगी तो उसका खर्चा भी कम होगा। फसल में 5-6 प्रतिशत की वृद्धि होगी और उससे आमंदनी बढ़ेगी। ई-नाम के माध्यम से 585 से ज्यादा सेंटर्स के माध्यम से देश के किसान मार्केट के साथ जुड़ जाएंगे। हमने नीम कोटिड यूरिया शत प्रतिशत लागू किया है। इससे लाभ यह हुआ है कि जो यूरिया की कमी थी, वह नीम कोटिड यूरिया के कारण नहीं रहेगी और जो हजारों करोड़ रुपये का यूरिया ब्लैक मार्केट होता था, वह भी बंद हुआ है। केवल किसानों के लिए खेती-बाड़ी ही नहीं, चाहे एनिमल हसबैण्ड्री की बात हो, फिशरीज़ की बात हो, इसमें भी हमारी सरकार ने बहुत बड़े कदम उठाए हैं। मुझे प्रसन्नता इस बात की है कि हमारी सरकार ने फिशरीज़ के लिए एक नया डिपार्टमेंट खोलने की शुरूआत की है। उसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं। इससे लगभग 1.5 करोड़ लोग, जो मछुआरे हैं उनको लाभ मिलने वाला है। फिशरीज़ डिपार्टमेंट के माध्यम से और मछुआरों के माध्यम से हमारी जी.डी.पी. का एक प्रतिशत भाग है। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा फिश प्रोडक्शन नेशन कोई है तो हमारा भारत है, जो लगभग 6.3 प्रतिशत है।

(1440/MM/RK)

यही नहीं, हमने सॉइल हेल्थ कार्ड दिए हैं। सॉइल की जांच से 8 से 10 प्रतिशत तक फर्टिलाइज़र्स की लागत में कमी आएगी तो किसानों का खर्च कम होगा। इससे फसल की उपज ज्यादा होगी, जिससे उनकी आमदनी में वृद्धि होगी। 585 से ज्यादा ई-नाम सैंटर्स के माध्यम से देश के किसान मार्केट से जुड़ जाएंगे। नीम कोटेड यूरिया हमने शत-प्रतिशत उपलब्ध करवाया है। इससे यह लाभ हुआ है कि जो यूरिया की कमी रहती थी, अब नीम कोटेड यूरिया के कारण वह भी नहीं रहती है और हजारों-करोड़ रुपये का जो यूरिया ब्लैक मार्केट में जाता था, वह भी बंद हुआ है।

आदरणीय अध्यक्ष जी, केवल किसानों के लिए खेती-बाड़ी ही नहीं, एनिमल हसबैंडरी और फिशरीज़ में भी हमारी सरकार ने बहुत बड़े कदम उठाए हैं। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि हमारी सरकार ने फिशरीज़ के लिए एक नया विभाग बनाने का निर्णय किया है, जिसके लिए मैं बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं। इससे लगभग डेढ़ करोड़ मछुआरों को लाभ मिलने वाला है। फिशरीज़ का हिस्सा हमारी जीडीपी में एक प्रतिशत है। दुनिया में दूसरा सबसे ज्यादा फिश प्रोडक्शन हमारे देश में होता है, जो दुनिया का करीब 6.3 प्रतिशत है।

अध्यक्ष जी, मैं पंजाब की बात कर रहा था। जितने भाजपा शासित राज्य हैं, उन्होंने पेट्रोल-डीज़ल के दामों में कमी की है। मेरा सवाल राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी से है कि कांग्रेस शासित राज्यों ने आज तक तेल के दामों में कमी क्यों नहीं की है? सात रुपये महंगा पेट्रोल और ढाई रुपये महंगा डीज़ल साथ लगते राज्यों से है। पंजाब के लोग हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखण्ड में, जहां भाजपा की सरकारें हैं, वहां जाकर तेल भरवाते हैं। पंजाब की और कांग्रेस शासित राज्यों की खस्ता हालत है। पंजाब में तो यह कहा जाता है कि सरकारी कर्मचारियों की तनख्वाह में से दो सौ रुपये हर महीने काटे जाएंगे ताकि बैंकरप्ट्सी की तरफ जाते पंजाब को बचाया जा सके। यह मैं नहीं कहता हूं, यह अखबारों में छपा है और इसके बारे में सब बताते हैं।

अध्यक्ष जी, हम दुनियाभर में जाते थे तो सोशल सिक्योरिटी के बारे में सुनने को मिलता था और वहां इसकी बहुत बात की जाती थी। अमीर हो या गरीब उसको एक एज के बाद पेंशन मिलती है, हेल्थकेयर की सुविधा मिलती है। हमारे यहां पिछले 70 वर्षों में कभी यह प्रावधान नहीं हो पाया था। हम सोचते थे कि हमारे देश के गरीब को भी पेंशन मिले, उसे भी स्वास्थ्य की सुविधा मिले। मैं कांग्रेस और विपक्ष को याद दिलाना चाहता हूं कि जो पिछले 67 वर्षों में नहीं हुआ, हमने इन साढ़े चार वर्षों में करके दिखाया है। गरीब असंगठित मजदूर के लिए तीन हजार रुपये पेंशन 60 साल की उम्र से देने का प्रावधान अगर किया है तो नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है। इससे लगभग 40 करोड़ से ज्यादा असंगठित मजदूरों को बहुत बड़ा लाभ

होने वाला है, जिनकी आय 15 हजार रुपये तक है। इसके लिए पांच सौ करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया गया है। 29 साल की उम्र के व्यक्ति को मात्र 100 रुपये प्रति महीना देना पड़ेगा और 18 साल की उम्र वाले व्यक्ति को मात्र 55 रुपये देने होंगे।

अध्यक्ष जी, कल-परसों मुझे यूनाइटेड नेशन्स के कुछ लोग मिले, कुछ ऐसी एजेंसी के लोग मिले जो दुनियाभर के देशों को आजकल भारत का भ्रमण करवाते हैं। इसलिए करवाते हैं कि प्रधानमंत्री जन-धन योजना को हमने किस प्रकार से सफलतापूर्वक अपने देश में लागू किया है। डायरेक्ट बेनीफिट ट्रांसफर से पारदर्शिता और सरकार की जवाबदेही तय करके 90 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा की लूट को जो सिस्टम से होती थी, उसको बचाने का काम अगर किसी ने किया है तो नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है। आज दुनिया के सामने उसको एक उदाहरण के रूप में खड़ा किया है। यही नहीं, जीएसटी को लागू करने में बहुत सारे देशों को बहुत सारी दिक्कतें आती थीं। खड़गे जी ने कहा कि 18 प्रतिशत करते-करते समय लगा। लेकिन वह इस बात को भूल गए कि आज तक 30-31 परसेंट टैक्स और इंदिरा जी के जमाने में तो इंकम टैक्स की बात की जाए तो 80 से 90 प्रतिशत भी होगा। ये लोगों को डराते थे और कालाधन तैयार करवाते थे। हमने आने के बाद काले धन को खत्म किया है, भारत की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने का काम किया है और भारत के टैक्सपेयर्स को सम्मान देने का काम नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है। एमजी नरेगा की बात करते-करते महात्मा गांधी जी को भी ये लोग भूल गए थे। इनकी सरकार के समय में 35 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया, लेकिन 20-25 हजार करोड़ रुपये मुश्किल से खर्च होते थे। आज हमारी सरकार ने 55 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया और हम 60 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च कर चुके हैं।

अध्यक्ष जी, मैंने कहा कि वित्त मंत्री जी ने करदाता का सम्मान किया। लेकिन उनके लिए बहुत सारे कदम भी उठाए हैं। आज तक किसी ने उनकी मांग को जो पांच लाख रुपये तक की इंकम पर कोई टैक्स न लगाने की थी, मुझे कहते हुए प्रसन्नता होती है कि अब पांच

लाख रुपये तक की आमदनी पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। अगर बाकी रिबेट्स को भी लगाएंगे तो साढ़े छ: लाख रुपये तक की आमदनी पर कोई टैक्स नहीं देना होगा।

(1445/SJN/PS)

इसके लिए मैं माननीय वित्त मंत्री जी का बहुत-बहुत आभार प्रकट करना चाहता हूं। माननीय अध्यक्ष जी, ये पांच लाख रुपये तक की जो टैक्स माफी हुई है, इसकी जो पूरी इग्ज़ेम्प्शन अवेलेबल हैं, अगर हम उसका कैल्कुलेट करें, तो लगभग सारी इग्ज़ेम्प्शन को अवेल करके साढ़े नौ लाख तक की आमदनी पर भी एक रुपये का टैक्स भी किसी भारतीय को नहीं देना पड़ेगा। हम इस दिशा में आगे बढ़ रहे हैं कि ईमानदारी के साथ देश को आगे बढ़ाया जा सके। यही नहीं, जो टीडीएस की इंट्रेस्ट कमाने पर थ्रेशोल्ड की लिमिट थी, उसको भी हमने बैंक और पोस्ट आफिस में डिपाज़िट करने पर दस से चालीस हजार रुपया कर दिया है। हां, कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिनका नाम नारदा-शारदा में भी आता है। जिनकी नेता पेंटिंग बनाती हैं और पेंटिंग बनाने पर तीन-तीन करोड़ रुपयों में उनकी पेंटिंग को खरीदा जाता है। एक अधिकारी जो भ्रष्टाचार के मामले पर अपना सहयोग नहीं देता है, उसके लिए धरने पर बैठ जाती हैं।

माननीय अध्यक्ष जी, इस देश को समझना होगा कि क्या चुने हुए प्रतिनिधियों के लिए यह जरूरी है कि जिन लाखों लोगों का हजारों करोड़ रुपया पश्चिम बंगाल और बाकी राज्यों का नारदा, शारदा और रोज वैली जैसी कंपनियां खा गई हैं, उनको उनका पैसा वापस लौटाना जरूरी है कि वहां की मुख्य मंत्री का जांच रोकने वाले अधिकारियों के साथ धरने पर बैठना जरूरी है? हमारी सरकार गरीब के साथ खड़ी है और उनको उनका पैसा वापस दिलाने के लिए हम लोग लगातार खड़े रहेंगे और देश का सुप्रीम कोर्ट भी खड़ा है। इस देश में इस तरह की बात और कुछ लोग तो समरसॉल्ट खाने में मशहूर हैं। राहुल जी पहले कहते थे, नारदा-शारदा की बात करते थे। उनके अपने…(व्यवधान) यही नहीं, उनके अपने सांसद उनके खिलाफ हैं, भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना देते हैं। लेकिन पूरे देश के वे नेता जिनके ऊपर भ्रष्टाचार

के गंभीर आरोप लगे हैं, जिनके केस चल रहे हैं, विजिलेंस इनक्वारियां चल रही हैं, वे सब इकट्ठे मिलकर ठगबंधन बनाते हैं और यह दिखाने का प्रयास करते हैं कि लोकतंत्र की हत्या हो रही है। दुर्भाग्य यह है कि इस देश को लूटने वाले इकट्ठे होकर लोकतंत्र के नाम पर अपनी जान बचाना चाहते हैं। लेकिन इस देश की जनता ने हमें इसलिए चुना है कि हम इस देश का लूटा हुआ पैसा वापस ला सकें। हमने इन्सॉल्वेन्सी बैंक्ररप्सी कोड लाकर वह करके दिखाया है, जिसे पिछली कोई भी सरकार नहीं कर पाई है। जिस विजय माल्या को इन्होंने पैसा देकर भगाया था, उसको वापस लाने का काम किया है, तो वह श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है। यू.के. के होम सेक्रेट्री ने परमिशन दे दी है और यही नहीं अब वे लोग भी वापस आ रहे हैं, जो बिचौलिए थे। मैं तो इनके ऊपर आरोप लगाता हूं कि इनकी सरकार, इनके बजट मिडिल मैन को ध्यान में रखकर आते थे, हमारे बजट मिडिल क्लास को ध्यान में रखकर आते हैं, यह अंतर है। इनके समय में बिचौलियों और दलालों का पैसा कैसे बने, उसके लिए होता था। हमारे समय में हाशिये पर लोग, गरीब लोग और मध्य वर्ग के लोगों की जेबों में पैसा कैसे जाए, हम यह प्रयास कर रहे हैं। शायद इसी बात की इनको आपत्ति है। पीयूष जी, आपने बजट देते समय से यहां से कहा था कि मैं टैक्स पेयर्स का धन्यवाद करता हूं। तब आपने विशेष रूप से यह कहा था कि टैक्स पेयर्स के पैसे से राष्ट्र निर्माण में हमें सहयोग मिलता है। नेशनल हाइवेज़, रेलवेज़ बनाने में सहयोग मिलता है। गरीब और हाशिये पर रहने वाले को अच्छी जिंदगी देने का अवसर मिलता है। हमारी बहनों को शौचालयों से लेकर, पक्का घर और रसोई गैस का सिलेंडर मिलता है। गरीब को अच्छे इलाज की सुविधा 'आयुष्मान भारत' के अंतर्गत मिलती है। जहां पर अंधकार छाया हुआ था, वहां पर भी बिजली पहुंचाने का अवसर मिलता है। यह हमारे टैक्स पेयर्स के कारण मिलता है। मैं एक बार पूरे सदन की ओर से उनका बहुत-बहुत आभार प्रकट करना चाहता हूं।

माननीय अध्यक्ष जी, यही नहीं, देश में किसी में हिम्मत नहीं थी कि उस गरीब के बारे में भी बात करते, जो था तो सवर्ण जाति से, लेकिन उसके बच्चे को कभी अवसर नहीं मिल

पाया। मेरे पास तीन-चार दिन पहले चार लोग आए, एक 70 वर्ष के एक 68 वर्ष के और 74 वर्ष के थे।

(1450/BKS/RC)

उनके परिवार में इतनी गरीबी है, लेकिन उनके बच्चों, खुद उनको तथा उनकी आने वाली पीढ़ी को भी यह नहीं लगता था कि हमें कोई आरक्षण का लाभ मिलेगा। सबने अनदेखी कर दी थी। जाति के नाम पर अनदेखी हुई थी, गरीबी के नाम पर नहीं। गरीब को उसका अधिकार मिले, इसके लिए एस.सी.,एस.टी., ओ.बी.सी. को छेड़े बिना 10 परसैंट आरक्षण का अधिकार दिया तो श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने दिया, उसके लिए मैं उनका बहुत-बहुत आभार प्रकट करना चाहता हूं। मोदी जी ने सामाजिक समरसता का एक बड़ा उदाहरण पेश करते हुए यह काम किया है। मैं सभी राजनीतिक दलों को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने उसमें सहयोग दिया। हमने 25 परसैंट सीटें बढ़ाई हैं। कांग्रेस की तरह हमने केवल चुनावी समय पर घोषणा नहीं की, क्योंकि सुप्रीम कोर्ट में जाकर उस आरक्षण पर ब्रेक लग जाती थी, हमने वह काम नहीं किया है। हमने संविधान में संशोधन किया है और बजट में प्रावधान किया है। शिक्षा में 20 प्रतिशत की वृद्धि की है, सीटों में 25 प्रतिशत की वृद्धि की है, ताकि समाज के किसी वर्ग को कोई फर्क न पड़े। यह नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने करके दिखाया है।

अध्यक्ष जी, कांग्रेस पार्टी रोजगार देने की बात कुछ ऐसे फॉर्म भरवाकर करती थी और कहती थी – घर-घर रोजगार। हिमाचल प्रदेश में भी फार्म भरवाये गये थे। चुनाव जीते तो 35 हजार लोगों को वहां नौकरी नहीं दे पाए। आज पंजाब में जितने सरकारी कर्मचारी हैं, उनकी तनख्वाह समय पर नहीं दी जाती। उनकी दीवालियेपन की स्थिति आनी शुरू हो गई। हिमाचल प्रदेश को कांग्रेस कर्ज में डुबोकर चली गई। इनके जहां-जहां के बड़े नेता हैं, उनके ऊपर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप चल रहे हैं। ये समाज को भी झूठ बोलकर वोट लेते हैं। युवाओं को गुमराह करके रोजगार देने की बात करते हैं। जब जहां इनकी अपनी सरकार है, वहां पर ये कुछ नहीं कर पाये, लेकिन आज बाकी लोगों को भटकाने का प्रयास करते हैं। यह इनका ग्रोथ मॉडल है,

अपनी कांस्टीटुएंसी में राहुल गांधी जी मेगा फूड पार्क आज तक नहीं बनवा पाये तो बाकियों के लिए क्या करेंगे।

माननीय वित्त मंत्री जी आप रेल मंत्री भी हैं और आपके नेतृत्व में पिछले साढ़े चार वर्षों में हमने दोगुनी रेलवे लाइने बनती देखीं। इसके साथ ही जो एल.एच.बी. कोचिज हैं, पिछले 17 सालों में ये जितने बने, उससे ज्यादा हमने पिछले दो सालों में बनाये हैं। यही नहीं दुनिया भर में सबसे ज्यादा एल.पी.जी. कंज्यूम करने वाला कोई देश बना है तो भारत बना है। इससे पता चलता है कि गरीब-गरीब जन-जन तक हमने इसको पहुंचाया है। स्टील प्रोड्यूस करने वाले देशों में भारत दुनिया का दूसरे नम्बर का देश बन चुका है। यही नहीं ब्लूमबर्ग इन्नोवेशन इंडेक्स में भी भारत दुनिया के पहले साठ देशों में आया, यह अपने आप में एक बहुत बड़ी उपलब्धि है।

खड़गे जी ने कहा कि इंदिरा जी ने अंतरिक्ष में गए राकेश शर्मा से पूछा था कि देखो वहां से भारत कैसा लगता है। …(व्यवधान) यह खड़गे जी ने कहा, आपने भी कहा होगा, अगले दिन खड़गे जी ने भी वही बोल दिया, आपको कापी किया। महताब जी मैं उससे थोड़ा हटकर बोल रहा हूं। क्योंकि कांग्रेस के लिए इंदिरा इज इंडिया और इंडिया इज इंदिरा था। वे उससे आगे बढ़कर नहीं देखते थे। आपकी काफी चीजें वे ले लेते हैं। ये लोग केवल इसमें खुश थे कि एक भारत का व्यक्ति वहां तक गया। हमारे लिए भी बहुत खुशी की बात है। लेकिन भारत कैसे आगे बढ़े, हमने इस दिशा में नए कदम उठाए और सौ से ज्यादा सैटेलाइट्स एक छोड़ने का काम किया तो भारत के इसरो ने किया है। अंतरिक्ष यात्री भी अगर भेजने की बात करते हैं तो कांग्रेस कभी यह कल्पना नहीं कर सकती थी, नरेन्द्र मोदी जी ने उसका टारगेट भी तय कर दिया है कि हम आजादी की 75वीं वर्षगांठ मनायेंगे तो क्या-क्या करके दिखायेंगे। उसके लिए बजट का प्रावधान किया है। हजारों करोड़ रुपये इसरो के लिए और दिए हैं। अटल इन्नोवेशन के माध्यम से इन्नोवेशन को बढ़ावा देने का हमने प्रयास किया है। स्टार्ट अप इंडिया, स्टैंड अप इंडिया के माध्यम से जहां भारत का नाम कभी दुनिया के स्टार्ट अप देशों में नहीं आता था। इजरायल

जैसा छोटा सा देश स्टार्ट अप नेशन के रूप में जाना जाता था। लेकिन 130 करोड़ लोगों का भारत देश नहीं जाना जाता था। मोदी जी के प्रयासों से और युवाओं की मेहनत से आज दुनिया के पहले तीन स्टार्ट अप नेशंस में भारत का नाम आया है, इसके लिए मैं उनको बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं।

महोदया, नार्थ-ईस्ट के लिए लुक ईस्ट पालिसी कांग्रेस की थी, हमने उसे बदलकर एक्ट ईस्ट पालिसी बनाने का काम किया और हमारा बजट भी दिखाता है कि किस तरह से हमने इसमें 21 प्रतिशत की बढ़ोतरी करके 58,260 करोड़ रुपये नार्थ-ईस्ट के लिए रखे हैं। इसके लिए भी माननीय मंत्री जी मैं आपका और माननीय प्रधान मंत्री जी का आभार प्रकट करता हूं।

(1455/GG/SNB)

अध्यक्ष महोदया, मैं पहाड़ी राज्य से आता हूँ। मैं मुश्किलें समझता हूँ कि पहाड़ों में दुगने से ज्यादा खर्च विकास करने के लिए आता है और आपने बजट में बढ़ोत्तरी की है, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत अभिनंदन करता हूँ।

महोदया, जब कोई गरीब इलाज करवाने के लिए हमारे पास आता था, एमपी के पास कोई ऐच्छिक निधि नहीं होती है। हमारे यहां पर विधायक अपनी जेब से पैसा भी दे देते हैं, उनको ऐच्छिक निधि मिलती है, एमपी को नहीं मिलती है। हमें प्रधान मंत्री जी के पास जाना पड़ता था। उनके पास भी लिमिटिड फण्ड्स होते थे, क्योंकि सांसद बहुत ज्यादा हैं। वे अपने अधिकतर प्रयासों से हमें बहुत पैसा देते भी थे। लेकिन हर गरीब को यह अधिकार मिले, यह दुनियाभर की सबसे बड़ी हैल्थकेयर की योजना भी अगर किसी ने लॉन्च की तो नरेन्द्र मोदी जी ने 'आयुष्मान भारत' के नाम से की है। हिन्दुस्तान के पचास करोड़ लोगों के लिए पांच-पांच लाख रुपये के इलाज की सुविधा की है। माननीय वित्त मंत्री जी, अगर यह कांग्रेस को करना होता और उनकी आज सरकार होती तो आज वे घोषणा करते और उसके बारे में सन् 2022 तक जा कर कहीं सोच पाते। हमने घोषणा करने के तुरंत बाद लागू कर दिया और तीन महीने से कम समय में, लाखों लोगों को उसका लाभ मिला है। 11 लाख से ज्यादा लोग इसका लाभ

उठा पाए हैं। यही नहीं एयरपोर्ट्स की बात करूं, माननीय जयंत सिन्हा जी यहां पर बैठे हैं, हमारे हज़ारीबाग से सांसद भी हैं, मुझे जब हिमाचल जाना होता था तो मैं रात की बस में बैठ कर जाता था। हमारे यहां पर, मेरे लोक सभा क्षेत्र में एक भी एयरपोर्ट नहीं है। लेकिन मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि हिन्दुस्तान में सौ से ज्यादा एयरपोर्ट खोलने का काम भी अगर किसी ने किया है तो नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है। अर्जुन मेघवाल जी जो हमारे पार्लियामेंट्री अफेयर्स मिनिस्टर हैं, मैं भी इनके साथ बैठ कर कई बार बीकानेर ट्रेन से गया हूँ, इनके यहां पर भी आपने एयरपोर्ट खोल दिया और फ्लाइट शुरू कर दी, इसके लिए भी मैं आपका बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूँ। उड़ान में तो बहुत लोगों का भला हुआ है। उसमें बहुत लाभ हुआ है। शिमला में भी फ्लाइट नहीं आ सकती थी, उसका भी लाभ दिया है तो माननीय प्रधान मंत्री जी ने दिया है। संतोष गंगवार जी की ओर से बरेली के लिए मैं आभार प्रकट करता हूँ। अध्यक्ष जी, अगर मैं सौ एयरपोर्ट्स का धन्यवाद करना शुरू करूंगा तो अपनी स्पीच कब शुरू करूंगा। मोदी सरकार की उपलब्धियां इतनी हैं कि मुझे अधिकतर समय इस पर लेना पड़ेगा। हम दुनिया के थर्ड लार्जेस्ट मार्केट बने हैं, एविएशन सैक्टर में, इसकी कल्पना आज से कुछ वर्ष पहले नहीं की जा सकती थी। जहां हम एक छोटी सी सड़क के लिए बार-बार गुहार लगाते थे, नितिन गडकरी जी ने वह करिश्मा यहां पर किया है कि जहां कांग्रेस के राज में 8-10 किलोमीटर सड़क बनती थी, आज 30-30 किलोमीटर सड़क बनाने का काम किया तो नितिन गडकरी जी ने, मोदी सरकार ने किया है। यही नहीं, चेनानी नाशरी टनल जो भारत की सबसे लंबी टनल जम्मू में है, वह भी हमने रिकॉर्ड समय में पूरी की और 90 प्रतिशत लोग जम्मू कश्मीर के हमने उसमें रख कर काम करवाए हैं। क्रांति मंदिर म्युजियम जो हमने रेडफोर्ट में शुरू किया, मेरठ एक्सप्रेस वे शुरू किया, कोल्लम बाईपास शुरू किया, नैशनल म्युजियम ऑफ इण्डियन सिनेमा शुरू किया, यही नहीं अभी तो हम मुंबई से अहमदाबाद की बुलेट ट्रेन पर भी काम शुरू कर रहे हैं।

अध्यक्ष जी, यही नहीं इसके अलावा इस बजट में डिफेंस एलोकेशन तीन हज़ार करोड़ रुपये और बढ़ायी गयी। तीन लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का बजट पहली बार रक्षा मंत्रालय को हमारी सरकार ने दिया है। इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूँ। जहां दूसरी सरकारों में न बुलेटप्रूफ जैकेट मिल पाई, न जूते मिल पाए, न मल्टी कॉम्बैट एयरक्राफ्ट मिल पाए, न फाइटर एयरक्राफ्ट मिल पाए, आपने उन सभी मांगों को पूरा किया है, उसके लिए भी मैं नरेन्द्र मोदी जी का बहुत आभार प्रकट करता हूँ कि हमारी सेना को मज़बूत करने का काम किया है तो नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

(1500/KN/NKL)

अध्यक्ष जी, मेरा आपके माध्यम से एक आरोप भी है। मैं यह आरोप लगाना चाहता हूँ कि कौन सा विपक्ष का ऐसा नेता है और वह किस देश के दौरे पर गया था, किन लोगों से मिला, जिसके बाद वह भारत के हित की बात करने के बजाय, दूसरे कारपोरेट वर्ल्ड के लिए बात करता है, अपनी सेना को कमजोर करने की बात करता है और दूसरे देशों के पक्ष की बात करता है। वह राफेल भारत की सेना के हित में खरीदने के बजाय, उसको कांग्रेस ने दस वर्षों तक नहीं खरीदा, क्यों नहीं खरीदा? ऐसा क्या था, कौन सी उनकी डील पूरी नहीं हो पाई थी, आज क्यों सुबह-शाम ये उठते-बैठते हैं? यही नहीं, यह लगातार देखने को मिलता है कि जब डोकलाम भी हुआ, अब वह कहते हैं कि 56 इंच का सीना किसका? मैं यहाँ से कहता हूँ कि मोदी जी का 56 इंच का सीना था तभी हमने चीन को वहाँ से वापस किया। आपके समय तो हमें यहाँ पर कहा जाता था और मैं यह भी कहता हूँ, हमें यहीं पर कहा जाता था कि चीन के विषय को सदन में ज़्यादा मत उठाओ, संबंध कहीं खराब न हो जाए। अरे! आपकी सरकार डरती थी। हम सीना ठोक कर कहते हैं कि हम चीन के साथ मधुर संबंध चाहते हैं, हम व्यापार बढ़ाना चाहते हैं, लेकिन हम अपने देश को और अपनी सेना को और मजबूत करना चाहते हैं, कमजोर नहीं करना चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- “Whereas our adversaries have acquired fourth and fifth generation of aircraft, why should India wait? India should be prepared.” सुप्रीम कोर्ट ने कहा- “India

should not be unprepared." अध्यक्ष जी, इसका मतलब तो यही है कि सुप्रीम कोर्ट भी चाहता है कि भारतीय सेना मजबूत हो, भारत मजबूत हो। मोदी जी चाहते हो, भारत के लोग चाहते हो, लेकिन कांग्रेस क्यों नहीं चाहती, मैं पूछना चाहता हूँ। यह किसके लिए बैटिंग कर रहे हैं, कौन है? पहले हम एसटीडी, पीसीओ पर जाते थे, आज किसी रेलवे स्टेशन पर चले जाएं तो रेलवे स्टेशन्स को वाई-फाई करने का काम भी किया तो मैं माननीय रेल मंत्री जी आपको और प्रधान मंत्री महोदय को बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूँ। अध्यक्ष जी, 700 से ज़्यादा स्टेशनों पर यह सुविधा मिल चुकी है और 4 हजार स्टेशनों पर अगले कुछ महीनों में मिलने वाली है, इसके लिए भी मैं आपका बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूँ।

फास्टेस्ट वाई-फाई भी भारत में हम यहाँ पर दे रहे हैं। अगर मूवी आपको डाउनलोड करनी है तो वह भी तीन मिनट में हम कर सकते हैं। आज से कुछ वर्ष पहले आपने भी यहाँ पर शुरुआत की। हम सांसदों को भी लाभ मिला है कि अगर सिगनल न भी आए, वाई-फाई की सुविधा है, हम इंटरनेट पर अपना काम कर लेते हैं। मोदी जी ने पूरे देश के युवाओं के लिए किया है। अध्यक्ष जी, आज दुनिया भर में सबसे ज़्यादा डेटा कंज्यूम होता है तो भारत में होता है। आज से चार वर्ष पहले इसकी कल्पना नहीं की जाती थी। हमने सब कदम उस दिशा में उठाए जहाँ पर पहले कोई सोचता नहीं था। कांग्रेस के लोग 2014 में कहते थे कि चाय बेचने वाला क्या देश चलाएगा? इस देश की जनता समझदार थी, जिन्होंने देश बेचने वालों को बाहर कर दिया और ईमानदार चाय बेचने वाले को देश की सत्ता सौंप दी थी। यह ईमानदारी, मेहनत और इनकी नीति भी, नीयत भी और निर्णय भी नए भारत की नींव रख रही है, मजबूत भारत की नींव रख रही है। आदरणीय अध्यक्ष जी, जो कल तक केवल रोटी, कपड़ा और मकान का नारा देते थे, हमने रोटी, कपड़ा, मकान, उपचार, दवाई के साथ-साथ डेटा भी दिया है और यही नहीं, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जो 17 ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी आने वाले वर्षों में होगी, हमने उस ओर भारत को तैयार करने का काम भी किया है। इनके सिस्टम में जहाँ हर कदम पर लूट होती थी, हमने पारदर्शिता लाकर भारत में उसको भी खत्म किया है। ये कहते हैं कि 15 लाख रुपये कब मिलेंगे? देखने का नज़रिया बदला

होगा। मनोज सिन्हा जी कहते हैं कि 5 लाख रुपये का इलाज अगर आयुष्मान भारत से, ढाई-तीन लाख रुपये से घर आपको बनाकर दें, दो लाख रुपये का जीवन ज्योति बीमा आपको दें, दो लाख रुपये की सुरक्षा बीमा योजना आपको दें और एक लाख के लगभग पैसा आपके टैक्स में बचे तो आप कैलकुलेट कर लेंगे तो 15 लाख के आस-पास पहुँच गया।...(व्यवधान) गैस ले लीजिए, शौचालच लीजिए, बाकी सब ले लीजिए। अब सारा कैलकुलेट करेंगे तो लगभग 15 लाख के आस-पास आप पहुँच जाएँगे।

HON. SPEAKER: Yes, please conclude now.

(1505/CS/SRG)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) :** महोदया, इनका नारा था "गरीबी हटाओ"। इनके समय गरीबी तो नहीं हटी, लेकिन हमारी सरकार के समय 5 करोड़ से ज्यादा गरीब गरीबी रेखा से बाहर निकलकर आए हैं। इसके लिए मैं मोदी सरकार का बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूँ। वर्ष 2014 में जहाँ हमारी अर्थव्यवस्था 11वें नम्बर की थी, मुझे कहते हुए प्रसन्नता है कि हम छठे नम्बर की अर्थव्यवस्था बन चुके हैं। जिन अंग्रेजों ने हमारे ऊपर 200 वर्षों तक राज किया, इस साल हम उनको भी पछाड़ देंगे और भारत 5वें नम्बर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा। यह एक बहुत बड़ी उपलब्धि मोदी जी के नेतृत्व में होगी, ऐसा मुझे पूर्ण विश्वास है। मोदी जी की सरकार जब एक बार फिर आएगी तो हम अगले कुछ वर्षों में दुनिया के पहले तीन स्थानों में आकर खड़े हो जाएंगे।

महोदया, मैं ठीक तीन-चार मिनट में अपनी बात को खत्म कर दूँगा। मैं अपने भाषण को छोटा कर देता हूँ।

**माननीय अध्यक्ष :** आपका धन्यवाद। वैसे ही आपने बहुत छोटा भाषण किया है।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) :** महोदया, जहाँ तक नेशनल ऑप्टिकल फाइबर नेटवर्क की बात है, हमने इस पर भी काम किया और यही नहीं, काम करते-करते लगभग 50 प्रतिशत गाँवों तक इसको पहुँचाया है। इस साल के अंत तक हम लगभग सभी पंचायतों को इससे जोड़ देंगे। लगभग एक लाख 66 हजार गाँवों को हमने इससे जोड़ दिया है। इसके लिए भी मैं मोदी सरकार का

बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूँ। जहाँ तक कुछ झूठे आरोप इस सरकार के ऊपर कुछ विपक्षी दल लगाते हैं, मैं यही कहूँगा कि सत्य परेशान कर सकता है, पराजित नहीं। ये जितने लोग यहाँ पर खड़े होकर सुबह-शाम शोर मचाते हैं, ये असुरक्षित लोग हैं। यह मैं इसलिए कहता हूँ कि असुरक्षा बहुत शोर मचाती है, आत्मविश्वास शांत रहता है।

महोदया, कुछ काम ऐसे हुए, जहाँ राहुल जी उन लोगों के साथ जाकर खड़े हुए, जो भारत के टुकड़े करने की बात करते थे। डोकलाम के समय चीन के एम्बेसडर के साथ जाकर खड़े हो गए, लेकिन भारत के साथ खड़े नहीं हुए। कॉरीडोर में बात कोई और हुई, लेकिन सदन को आकर गुमराह कर दिया कि सुषमा जी ने यह कहा, जेटली जी ने यह कहा, फ्रांस के राष्ट्रपति ने यह कहा। जिन लोगों का काम… *(Not recorded)* बोलना हो गया, निशिकान्त जी,… *(Not recorded)* तो अनपार्लियामेन्टरी हो गया, मैं असत्य कहता हूँ। मनोहर पर्रिकर जी से मिलने गए तो उनका हाल-चाल पूछले के बजाय बीमार व्यक्ति का भी लाभ उठाकर राजनीतिक लाभ उठाने का काम किया। इससे बड़ा दुर्भाग्य इस देश के लिए क्या होगा कि एक प्रमुख विपक्षी दल का व्यक्ति एक बीमार नेता का हाल पूछने जाता है, कर्ट्सी के साथ जाता है, लेकिन कर्ट्सी खत्म हो जाती है और उससे राजनीतिक रोटियाँ सेंकना शुरू कर देते हैं।

महोदया, अटल जी की सरकार के समय हमने जो कारगिल में शहीद हुए, उनके पार्थिव शरीर को भी घर तक पहुँचाया था। उनकी विधवाओं को गैस एजेंसी, पेट्रोल पंप और लाखों रुपये दिए थे। आज मोदी सरकार ने राफेल जहाज से लेकर बुलेटप्रूफ जैकेट तक दी है, “वन रैंक वन पेंशन” दी है। अगर सेना के लिए किसी ने कुछ किया है, तो वह नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया है और आगे भी उन्हें मजबूत करने के लिए हम सारे कदम उठाएंगे। यही नहीं, जहाँ तक कुछ युवाओं की बात मैं यहाँ पर कर रहा था।…(व्यवधान)

महोदया, कागज ज्यादा हों तो यह भी थोड़ी सी दिक्कत हो जाती है। मुझे अपने कुछ प्वाइंट खत्म करने पड़ेंगे, क्योंकि बाकियों को भी बोलना है।

**माननीय अध्यक्ष :** आपने बाकियों के बोलने के लिए भी ऐसा कुछ बचा लिया।

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर) :** महोदया, अभी तो बहुत कुछ बचा है। अभी तो मेरे आधे कागज निकले ही नहीं हैं।

(1510/RV/RP)

माननीय अध्यक्ष जी, रेलवे बजट में यह जो बढ़ोतरी हुई है, यह लगभग 64,587 करोड़ रुपये वर्ष 2019-20 (बी.ई.) के लिए है। Overall capital expenditure जो है, वह 1,58,658 करोड़ रुपये होगा।

महोदया, मुझ जैसा व्यक्ति जो एक पहाड़ी राज्य के हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से आता है, मैं इसमें कहना चाहता हूं कि नांगल-ऊना-तलवाड़ा रेलवे लाइन आज से चालीस साल पहले बननी शुरू हुई थी। लेकिन, वह बहुत धीमी गति से बन रही थी। मोदी सरकार आई तो उसे हमने चिन्तपूर्णी माँ मन्दिर वाले स्टेशन चिन्तपूर्णी मार्ग तक बना दिया। उसे दौलतपुर चौक तक पहुंचा दिया। अब उसे आगे भी पूरा करने का काम किया गया है। ऊना-हमीरपुर रेलवे लाइन, जिसका सर्वेक्षण पूरा हो गया है, फाइनल लोकेशन का सर्वे भी हो गया है और इसके लिए बजट में प्रावधान भी कर दिया गया है, इसके लिए मैं मोदी जी के प्रति बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं। भानुपल्ली-बिलासपुर-मनाली-लेह रेलवे लाइन, यानी कि लेह में बैठे अपने सैनिकों तक रेलवे लाइन पहुंचाने के लिए यह नया काम हमारी सरकार ने किया है। इसके लिए भी मैं उनके प्रति बहुत आभार प्रकट करता हूं। बीस किलोमीटर की रेलवे लाइन का जमीन अधिग्रहण हो चुका है। अगर बजट में प्रावधान पहले से ज्यादा नहीं होते तो आज पहाड़ों में रेल नहीं पहुंच पाती। शिमला वाली रेलवे ट्रैक और पठानकोट वाली जोगिन्दर नगर रेलवे लाइन में दोगुनी रफ्तार से ट्रेन चलाने के लिए भी हमारी सरकार ने काम शुरू किया, नई रेलवे लाइन का काम शुरू किया।

अध्यक्ष महोदया, कुछ लोग रोकने का काम करते हैं। उनके लिए मैं यही कहूंगा: -

जिस देश, धरा पर जन्म हुआ, उसका कर्ज चुकाएंगे,

ये नागफनी के काँटे भी, अड़चन हमारी न बन पाएंगे।

देश को भ्रमित करके आगे-पीछे करने का जो काम ये कर रहे हैं, इन पर लोग विश्वास नहीं करते। काँग्रेस का फंडा है, वोट लेने का हथकंडा है। ये लगातार ऐसा करते हैं और इनके फंडे अब एक्सपोज़ हो चुके हैं। इनके लूट का खेल देश के सामने पहले ही आ चुका है। अध्यक्षा जी, मैं दो लाइनें कहकर अपनी बात समाप्त कर रहा हूं: -

अँधेरा फिर मिटेगा, सूरज और लाल उगेगा,
कमल दोगुना बड़ा खिलेगा,
कमल दोगुना बड़ा खिलेगा।

महोदया, इन्हीं शब्दों के साथ मैं माननीय वित्त मंत्री जी को, इस देश के गरीब के लिए, हाशिये पर रहने वाले के लिए, मध्य वर्गों के लिए और देश के हर वर्ग के लिए यह शानदार बजट देने के लिए धन्यवाद देता हूं। देश के विकास के लिए, वर्ष 2030 में भारत कहां पर पहुंचेगा, दुनिया की पहली तीन अर्थव्यवस्थाओं में आकर खड़ा होगा, इसे एक विजनरी लीडरशिप ही देख सकता है, नरेन्द्र मोदी जी ने जो 'न्यू इंडिया' का संकल्प लिया है, 'साफ नीयत, सही विकास' - इस मूल मंत्र के साथ हम आगे बढ़े हैं।

अपनी ओर से मैं इसका समर्थन करते हुए एक बार फिर नरेन्द्र मोदी जी का और माननीय वित्त मंत्री पीयूष गोयल जी के प्रति बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं। बजट प्रस्तुत करते समय जेटली जी की कमी खली है। लेकिन, उनकी भी यही मंशा होती कि इसमें गरीब और सभी समाज का भला हो, वह इस बजट में हुआ है।

महोदया, आपके माध्यम से पूरा सदन अरुण जेटली जी के स्वास्थ्य सुधार की कामना करता है। इन्हीं शब्दों के साथ मैं अपनी वाणी को विराम देता हूं। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे अपनी बात रखने का अवसर दिया।

(इति)

1513 hours

SHRI T.G. VENKATESH BABU (CHENNAI NORTH): Thank you, Madam Speaker. The Budget for 2019-20, presented by hon. Piyush Goyal ji, is hailed on the one hand as pathbreaking, bypassing the tenets of an Interim Budget and addressing the maximum possible sections of the Indian people and on the other hand blamed for the doles and sops extended on the eve of election with an eye on election. It is more populist than being prudent enough to manage the macro-economic potentials. For that matter, budgets should be populist lest they be discarded by the people. For that reason only, the last Budget of the UPA-II, whether it was Vote on Account or account on vote, rolled out the 'One Rank, One Pension' Scheme with a corpus fund of Rs. 500 crore. Also, there were effective sharp cuts in the Excise duties. The promise of loan waivers and the minimum guarantee scheme by the Congress are also eyed at elections without substantiating it.

(1515/RCP/MY)

सभ्यता नहीं है। अभी कुंभ की बहुत चर्चा हो रही है। कल माननीय प्रधान मंत्री जी कुंभ की चर्चा कर रहे थे। कुंभ का बहुत बढ़िया आयोजन केन्द्र सरकार और राज्य सरकार ने, माननीय मोदी जी और माननीय योगी जी ने मिलकर कुंभ की एक बहुत अच्छी व्यवस्था की है। यह धार्मिक टूरिज्म के तौर पर है। लेकिन मैं आपको बताना चाहूंगा कि कुंभ कहां पर होता है? कुंभ वहां होता है, जब समुद्र मंथन के बाद राक्षस अमृत लेकर भाग रहे थे, तब जहां-जहां पर अमृत गिरा था, वहां-वहां कुंभ होता है। चाहे वह इलाहाबाद में हो, चाहे उज्जैन में हो, चाहे नासिक में हो और चाहे हरिद्वार में हो। लेकिन आपको आश्चर्य होगा कि जिससे समुद्र मंथन हुआ, जहां समुद्र मथा गया, वह मंदार पहाड़ मेरे इलाके में है, मेरे जिले में है। मंदार पहाड़ मेरे इलाके में है। यदि आप बैंकॉक के एयरपोर्ट पर जाएंगे, तो आपको पूरा का पूरा मंदार पहाड़ दिखाई देगा। बैंकॉक का एयरपोर्ट, जो भारत का अंग नहीं है, जहां का धर्म हिन्दू नहीं है। उस बैंकॉक के एयरपोर्ट पर आपको पूरा मंदार पहाड़ दिखाई देगा। एक तरफ देव हैं, एक तरफ दानव हैं। लेकिन मैं इस हिन्दुस्तान में बच्चों को ही पूछूंगा कि जहां समुद्र मंथन हुआ था, वह मंदार पहाड़ जानते हो, तो शायद ज्यादातर लोग नहीं बता पाएंगे। वहां पर कुछ नहीं है, कोई इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है। अभी वहां पर थोड़ा-बहुत स्वदेश दर्शन के नाम पर रोप-वे कैसे बनेगा, उसके लिए भारत सरकार ने माननीय मोदी जी के आने के बाद थोड़ा पैसा दिया है। लेकिन यदि उसको साइंस, क्योंकि कई एक लोग हमारे धर्म को, जैसे वी. के. सिंह साहब कहते हैं कि यह मैथोलॉजी है, इसका क्या लेना-देना है। उसी मंदार के इलाके में साहिबगंज जो कि झारखंड का पार्ट है, राजमहल का फ़ासिल्स है, वह 19 करोड़, 20 करोड़ वर्ष पुराना है, साइंस कहता है। बीरबल साहनी जो सबसे बड़े वैज्ञानिक हुए, जिनके नाम पर लखनऊ में इतना बड़ा इंस्टीट्यूट है।

(1615/BKS/RK)

लेकिन वह फॉसिल्स प्रिजर्व होगा, उसको टूरिज्म के तौर पर डैवलप करिए। मैं पिछले दस सालों से थक गया, मैं कुछ नहीं कर पाया। मैं टूरिज्म मिनिस्टर, साइंस एंड टैक्नोलोजी मिनिस्टर, एच.आर.डी. मिनिस्टर से स्टेट से सैंटर से जितनी लिखत-पढ़त कर सकता था, इस पार्लियामैंट का जितना उपयोग कर सकता था, मैंने किया, परंतु कुछ नहीं हुआ और मैं थक गया।

परंतु यदि आप कनाडा जाएंगे, वहां केलिगरी एक जगह है, यदि वहां जाएंगे तो वहां आपको पांच लाख, छः लाख करोड़ साल पुराना एक फॉसिल दिखाई देगा। उसके लिए उन्होंने एक बड़ा म्यूजियम बना रखा है और दुनिया भर के टूरिस्ट वहां जाते हैं। यदि आप साइंस को देखेंगे तो 19 करोड़ या 20 करोड़ वर्ष पुराना फॉसिल राजमहल की पहाड़ियों में हैं और यदि आप समुद्र मंथन को देखेंगे तो आपको लगेगा कि किसी जमाने में वहां समुद्र था और वहां सचमुच का समुद्र मंथन हुआ। इसीलिए हिंदू धर्म को जो माइथोलोजी के तौर पर मानते हैं, उनके लिए भी एक बड़ी सीख दे सकते हैं कि यहीं मंदार पहाड़ है और यहीं फॉसिल है।

अब हम गंगा की बात करते हैं। गंगा की एक कहानी है कि गंगा को जब भगीरथ ने आगे लाना शुरू किया तो एक मुनि तपस्या कर रहे थे और मुनि की तपस्या भंग हो गई तो वहां उन्होंने पूरी की पूरी गंगा को पी लिया। सुलतान गंज एक जगह है, जहां उत्तर वाहिनी गंगा है। उत्तर वाहिनी गंगा हो तो गंगा में वह सर्वश्रेष्ठ जगह मानी जाती है। चाहे वह हरिद्वार की गंगा हो, चाहे वह बनारस की गंगा हो, चाहे वह सुलतान गंज की गंगा हो और चाहे वह मेरे गांव बटेश्वर स्थान की गंगा हो। वहां एक जंघीराघाट है, वहां जाह्नवी मुनि तपस्या कर रहे थे और उन्होंने वहां पूरी की पूरी गंगा को पी लिया। उसके बाद उन्होंने अपनी जांघ से गंगा निकाली। इसलिए गंगा का जो उपनाम जंघीरा है, वह वहीं से पड़ा। अब आप देखिए सुलतान गंज उत्तर वाहिनी गंगा है। वहां ऐसा होता है कि कभी गंगा शहर के किनारे आती है, कभी गंगा दूर चली जाती है। मेरे लिए सुलतान गंज एक महत्वपूर्ण जगह इसलिए है, क्योंकि उसी सुलतान गंज से, जहां से मैं सासंद हूं, वहां चार से पांच करोड़ पर्यटक आते हैं। वे लोग वहां से नंगे पांव कांवड़ लेकर आते हैं। सावन और भादों के दो महीने ऐसे होते हैं, जिसमें कम से कम एक से सवा करोड़ लोग आते हैं। वे वहां गंगा से पानी लेते हैं और 12 ज्योतिर्लिंग में एक ज्योतिर्लिंग और 51 शक्तिपीठों में से एक शक्तिपीठ हमारे देवघर में हैं, वे वहां गंगाजल लेकर जाते हैं। वहां पूजा के समय सावन और भादों में आप टैम्पोरेरी व्यवस्था कर देते हैं। लेकिन उसके इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए क्या व्यवस्था होनी है, वहां कोई व्यवस्था नहीं है। जहां से मैं सांसद हूं, उसकी एक विधान सभा क्षेत्र से एक जमाने में माननीय दिग्विजय सिंह जी, जो यहां रेल मंत्री थे, जिनकी अब मृत्यु हो गई। लेकिन

जब वह रेल मंत्री थे तो उन्होंने एक प्रयास किया कि सुलतान गंज से देवघर तक जो पैदल जा सकते हैं, वे पैदल जाएं, लेकिन आज के समय में जो पैदल नहीं जा सकते हैं, उनके लिए वहां एक रेल लाइन बननी चाहिए। माननीय अटल जी की सरकार थी। 1998 में वह रेल लाइन पास हो गई। 1998 में सुलतान गंज से देवघर वाया असरगंज, बेलहर, कटोरिया 100 किलोमीटर की रेल लाइन पास हो गई। आज मैं 2019 में बात कर रहा हूं। 21 सालों के बाद भी उस रेल लाइन का लैंड एक्युजिशन स्टार्ट नहीं हुआ है, बनने की बात छोड़िये। 1998 के बाद जितने बजट आ रहे हैं, अभी भी मैं देख रहा था कि अभी जो बजट आया, उसकी जो पिंक बुक है, उसे मैंने देखा कि वह क्या कह रही है कि रेल लाइन बनेगी की नहीं बनेगी। मैंने देखा कि उस पिंक बुक में आज भी लिखा हुआ है कि सुलतान गंज से बारास्ता असरगंज, कटोरिया, बेलहर, तारापुर होते हुए देवघर रेल लाइन बनेगी। 21 साल के बाद भी यह हालत है। वहां इतने पर्यटक आते हैं। मैं कहता हूं कि मंत्री जी मेरे यहां जितने पर्यटक आते हैं, पूरे देश भर में इतने पर्यटक कहीं नहीं जाते। वहां चार से पांच करोड़ पर्यटक आते हैं। इतने पर्यटक न तिरुपति में जाते हैं, न इतने वैष्णो देवी में जाते हैं, न इतने पर्यटक शिरडी में जाते हैं। लेकिन उस जगह का विकास नहीं है।

आप जैन धर्म को देखें, जैन धर्म के इतने अनुयायी हैं। मैं जहां से सांसद हूं, उसके बगल में पारसनाथ है। पारसनाथ में जैनियों के 24 तीर्थंकर हुए।

(1620/GG/PS)

उसमें से 22 तीर्थकंरों ने वहीं पारसनाथ में निर्वाण प्राप्त किया। आपको आश्चर्य होगा कि सन् 1947 से ले कर आज तक आजादी के 72 साल बाद, वहां पर रेल लाइन बननी चाहिए, हमारी कांस्टिट्यूएंसी मधुपुर से गिरिडीह और गिरीडीह से पारसनाथ और पारसनाथ से मधुबन। इस रेल लाइन की मांग सन् 1972 से हो रही है। लेकिन कुछ नहीं हुआ। इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं बना, रोड नहीं बनी, रेल नहीं बनी, वहां जो पूरे देश भर के जैन अनुयायी जाएंगे, उनके लिए रहने के लिए अच्छा होटल नहीं है। वहां हैलिपैड नहीं बना। इस कारण से आप समझें कि वह पूरा का पूरा नैगलेक्टिड है। उसी से यदि अलग हट जाएंगे तो भागलपुर में एक जगह चंपापुरी है, जो कि भागवान वासु एकमात्र

ऐसे गुरू हुए, जैन के तीर्थंकर हुए, जो कि भागलपुर में ही पैदा हुए और भागलपुर में ही उनकी डेथ हुई।

चंपापुरी का एक बड़ा पुराना इतिहास है। मैं उसमें जाना नहीं चाहता, लेकिन कितने लोगों को चंपापुरी के बारे में पता है। मैं कहता हूँ कि भागलपुर के भी कई लोगों को भी नहीं पता है कि यह चंपापुरी कोई जगह है। नालंदा, तक्षशिला, विक्रमशिला, लगातार सभी जगह, आप जितनी बार सुनेंगे कि हमारी पुरानी सभ्यता थी, संस्कृति थी, हमारे पास तक्षशिला था, तक्षशिला में चाणक्य पैदा हो गए, नालंदा आ गए, नालंदा विश्वविद्यालय हो गया। विक्रमशिला विश्वविद्यालय हो गया, विक्रमशिला विश्वविद्यालय जब जलाया जा रहा था, सन् 1189 में यह वह साल था, जिस साल ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी बन रही थी। आज हमारे बच्चे और मैं अपने बच्चों की भी बात करता हूँ, दूसरों की मैं बात नहीं करता, मैं अपने बच्चों की भी बात करता हूँ कि यदि पढ़ाने की भी बात आती है तो हमेशा लगता है कि हम विदेशों के विश्वविद्यालयों में अपने बच्चों को पढ़ाएं। क्यों पढ़ाएं? क्योंकि यहां इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं है। विक्रमशिला मेरा गांव है। मैं अभी दो साल पहले राष्ट्रपति महोदय को वहां ले कर गया था। वहां जाने के लिए रोड नहीं है। वह मेरा गांव है, मैं वहां पैदा हुआ हूँ। वह विक्रमशिला विश्वविद्यालय जिसने कि दलाईलामा पंथ की स्थापना की। हम दलाई लामा की बात करते हैं, हमने दलाई लामा को यहां रखा है। इस देश में नहीं दुनिया में पहला वाइस चांसलर सिस्टम विक्रमशिला विश्वविद्यालय ने दिया। भगवान अतीश दिपांकर आठवीं शताब्दी में विक्रमशिला विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर हुए। उस वक्त दुनिया में कहीं वाइस चांसलर सिस्टम नहीं था। अतीश दिपांकर को छोटा बुद्ध कहते हैं। अतीश दिपांकर दलाई लामा पंथ के गुरू हैं। लेकिन जब आप विक्रमशिला जाएंगे, तो विक्रमशिला में आपको केवल घास के अलावा और बकरी चरने के अलावा कोई भी इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं दिखाई देखा। मैं 10 साल से सांसद हूँ, बोलते-बोलते थक गया हूँ। उस विक्रशिला विश्वविद्यालय को जिस बख्तियार खिलजी ने जलाया, आज मैं जहां सांसद हूँ, वह देवघर आया, उसका भी कोई अता-पता आपको नहीं दिखाई देगा। मेरा कहने का मतलब यह है कि इस बिल को लाने के पीछे उद्देश्य क्या था? उद्देश्य यह है कि हम केवल चर्चा करते हैं।

दिल्ली में कुतुबमीनार है, यहां आगरा है, ताज़महल आप देख लीजिए। कहीं सारनाथ चले जाएइ, कहीं सोमनाथ चले जाइए। जो अमीर राज्य हैं, वे अपने लिए तो इन्फ्रास्ट्रक्चर पैदा कर लेते हैं, जैसे केरल है, जहां से मंत्री जी आते हैं, वहां एनआरआई का ठीक-ठाक पैसा आता है। मुझे केरल जाने का कई बार मौका मिला है। आपके जो गांवों के भी हालत हैं, वह शहरों से ज्यादा अच्छे हैं। जो लोगों ने मकान बना रखे हैं, वैसे मकान मैं दिल्ली, मुंबई और कोलकाता में भी नहीं देखता हूँ। मैं गांव की बात कर रहा हूँ। उसका कारण यह है कि आपका जो पॉप्युलेशन है, वह माइग्रेट हो कर बाहर चला गया, बाहर से जो वह पैसा भेजा है और इस कारण से आपके राज्य में जो पैसा आ रहा है, आप उसका डेवल्पमेंट इन्फ्रास्ट्रक्चर के तौर पर कर रहे हैं। लेकिन जो राज्य गरीब हैं, जिस राज्य की सरकार ने कसम खा रखी है कि उनको टूरिज्म सबसे छोटी प्रायोरिटी रखनी है, जिसने कसम खा रखी है कि टूरिज्म का जो बजट है, वह 30, 40 या 50 करोड़ रुपये से ज्यादा नहीं होगा। जहां इतने लोग आते हैं, उसके बारे में इस देश में कोई पॉलिसी नहीं है। टूरिज्म डिपार्टमेंट में जिन ब्यूरोक्रेट्स की पोस्टिंग हो जाती है, उनको लगता है कि कोई काम नहीं मिला तो हमको टूरिज्म दे दिया। हम तो फाइनेंस मंत्रालय के हकदार थे, आर्थिक मामलों के विभाग में चले जाते, बैंकिंग में चले जाते, ऊर्जा में चले जाते।

(1625/KN/RC)

मैं मंत्री जी की बात नहीं करता कि जिनको भी यूथ, स्पोर्ट्स, टूरिज्म, कल्चर ये सब विभाग मिल जाते हैं तो उनकी छवि पूरे देश भर में कार्यकर्ताओं के सामने भी होती है कि कोई काम नहीं मिला, इनको मंत्री बनाना था तो कोटा में इनको मंत्री बना दिया। इस कारण से आज तक कभी भी कोई अच्छी पॉलिसी इस देश में डेवलप नहीं हो पाई। यही कारण है कि आप समझें कि हमने क्या प्रपोजल दिया, हमारा बिल क्या कहता है? हमने क्लॉज 3(1) में कहा-

> "The Central Government shall, by notification in the Official Gazette, establish a Corporation to be known as the Tourism Promotion Corporation of India with its Headquarters at Delhi."

टूरिज्म प्रमोशन जो है, वह एक कॉरपोरेशन होना चाहिए। उसका दिन-रात का एक काम होना चाहिए। इसके पीछे रीजन यह है कि हम जब भी 10 साल में आपके पास किसी योजना के लिए गए, मैं यह नहीं कहता कि भारत सरकार ने पैसा नहीं दिया। भारत सरकार के पास जितना पैसा था, उससे ज़्यादा पैसा जो हमको मिलना चाहिए था, उससे ज़्यादा पैसा मैंने लिया है और आपने दिया है। जैसे अभी ही 'प्रसाद योजना' में देवघर को आप लोगों ने 39 करोड़ 13 लाख रुपया दिया है। प्रसाद योजना में देवघर को इन्क्लूड किया है। उसके पहले एक डेस्टिनेशन के सेंटर के नाते आप देते थे, उसमें भी देवघर को आपने क्यू कॉम्प्लैक्स के लिए 25 करोड़ रुपया दिया है। ऐसा नहीं है कि देवघर को पैसा नहीं मिला है, लेकिन देवघर का क्या होगा? आपको पता है कि वह क्यू कॉम्प्लैक्स के लिए जो आपने पैसा दिया, वह क्यू कॉम्प्लैक्स का पैसा 2011-12 में दिया। आपकी केवल जानकारी के लिए दे रहा हूँ कि राज्यों में क्या हो रहा है और आप उसको कैसे फॉलो कर रहे हो। संयोग से 2015 तक उसका काम चालू नहीं हो पाया, जबकि 2013 में माननीय तत्कालीन राष्ट्रपति महोदय प्रणब मुखर्जी साहब ने उसका शिलान्यास कर दिया। उसके बाद भी काम चालू नहीं हुआ। 2015 में मेरे यहाँ, चूँकि इतने लोग आते हैं, मैंने कहा कि 4-5 करोड़ लोग आते हैं तो संयोग ऐसा खराब हुआ कि हमारे यहाँ भगदड़ मच गई और लगभग 9-10 कांवड़ियों की भगदड़ में डेथ हो गई। मुझे पहली बार लगा कि मेरी पहली प्रायर्टी जो है, अपने क्षेत्र के लोगों के लिए है। मैंने इस पार्टी का सांसद, अपनी सरकार रहते हुए और माननीय मोदी जी कितना काम कर रहे हैं, यह बताने की आवश्यकता नहीं है। उनका पूरा का पूरा कॉन्सनट्रेशन आम, गरीब, पिछड़े, दलित, वंचित, शोषित या इस तरह के पिछड़े इलाकों के लिए ही हैं। मैंने इस लोक सभा में एडजर्नमेंट मोशन दे दिया और हंगामा हुआ। माननीय राजनाथ जी ने मुझे बुलाया। स्वाभाविक है कि मैं पार्टी का सांसद था और बुलाया कि आपने क्यों एडजर्नमेंट मोशन दिया। पहली बार ऐसा हुआ कि एक सरकारी पार्टी के सांसद ने कार्य स्थगन प्रस्ताव दे दिया। सर, मैंने कहा कि मेरी पीड़ा यह है कि 2011-12 में पैसा गया। वहाँ जो कांवड़िये आते हैं, उनको रखने के लिए, रुकवाने के लिए वे 105 किलोमीटर पैदल नंगे

पाँव चलकर आते हैं। हमारे पास कोई ऐसा इंफ्रास्ट्रक्चर नहीं है और 105 किलोमीटर के बाद नंगे पाँव ऐसी स्थिति में होते हैं, कई एक बुजुर्ग खासकर महिलाएँ, बच्चे जो चल पाने की स्थिति में नहीं होते हैं। उनके पाँव में फोड़ा होता है और उनको फिर हम 25 किलोमीटर अपने पूरे जिले में घुमाते रहते हैं क्योंकि इतनी लम्बी लाइन को कंट्रोल करना, खास कर सोमवार के दिन 10-12 लाख लोग होते हैं। मंदिर जाने का एक छोटा सा गेट है। ढाई फीट का एक गेट है। एक ही गेट है, एक ही गेट से आना है तो हम सब को पूजा नहीं करा सकते हैं। उनको हमें 25 किलोमीटर घुमाना पड़ता है। इस कारण से यह क्यू कॉम्प्लैक्स सैंक्शन्ड है। 2013 में इसका राष्ट्रपति महोदय ने शिलान्यस कर दिया लेकिन उसका काम चालू नहीं हो रहा है। आप यह समझिये कि इतनी बुरी दुर्घटना के बाद माननीय प्रधान मंत्री जी ने किसी तरह से संज्ञान लिया। माननीय गृह मंत्री जी ने एक आश्वासन दिया। लोक सभा के अंदर मुझे उठाने का मौका दिया और कहा कि इसका काम चालू होगा। काम चालू हो गया। वह टोटल 126 करोड़ का प्रोजेक्ट है। वह आधा-अधूरा है। उसका कोई यूज नहीं है। किसी तरह से पिछली बार उसको हम लोगों ने कितनी बार जाकर देखा। मैं केवल यह कह रहा हूँ कि इसको बनाने के पीछे मेरी मंशा क्या है? क्या-क्या मैंने डाला है और यह मेरा टूरिज्म के क्षेत्र में अपना व्यक्तिगत प्रेक्टिकल एक्सपीरियंस है। इसलिए मैं यह बात बता रहा हूँ, क्योंकि मैं जिस क्षेत्र से आता हूँ, सांस्कृतिक तौर पर, ऐतिहासिक तौर पर उससे ज़्यादा समृद्ध शायद कम ही जगह होगी।

(1630/CS/SNB)

इसी कारण से मैंने यह कहा कि यदि यह होगा, कोई एक डायरेक्टर जनरल होगा, जो यह देखेगा कि प्रमोशन कैसे होगा, टूरिज्म कैसे बढ़ेगा, यदि वह हैडक्वार्टर से उसे देखेगा तो देवघर के क्यू कॉम्पलेक्स के जैसी स्थिति नहीं होगी। अभी आपने प्रसाद का पैसा दिया, मैं आपको बताता हूँ कि प्रसाद काफी दिनों तक पड़ा रहा। उसमें मैंने कई एक ऐसे कम्पोनेंट देखे हैं, उस कम्पोनेंट की प्रसाद में आवश्यकता नहीं है। अब तो सैंक्शन हो गया। जो पुरानी सचिव रश्मि वर्मा जी थीं, मैं उनसे मिलकर यह लगातार कहता रहा। आज एक शिवगंगा है, मैं आपको बताऊँ कि एक शिवगंगा है, जिसके बारे में यह कहा जाता है कि जब भगवान वहाँ जबरदस्ती बैठ ही गए, उन्होंने कहा था कि मुझे जहाँ

बिठा दोगे, वहीं बैठूँगा और मैं यहाँ से बाहर नहीं निकलूँगा, यदि एक बार आपने रख दिया, तो गुस्से में रावण ने अपने मुष्टिका प्रहार से एक गंगा बना दी, जिसे शिवगंगा कहा जाता है। मैं आपको बताता हूँ कि उसकी सफाई के लिए हमने पैसा दिया है। मैं केवल आप लोगों को जानकारी दे दूँ कि उसके लिए 10 करोड़ रुपया दिया गया। 5 करोड़ रुपया भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर ने दिया, 5 करोड़ रुपया राज्य सरकार ने दिया और कुल 10 करोड़ रुपये से शिवगंगा सफाई का अभी प्रोजेक्ट एक साल पहले हमने चालू किया है। आप जाकर देखेंगे कि शिवगंगा आज भी साफ नहीं हुई है। जब 10 करोड़ रुपये से शिवगंगा साफ नहीं हो पायी, उसमें यदि आप फिर करोड़, 2 करोड़, 3 करोड़ रुपया दे देंगे, तो पैसा बर्बाद करने के अलावा क्या करोगे, कमीशनखोरी के अलावा क्या काम करोगे? यह देखने का सवाल है, यह समझने का सवाल है, केवल यह नहीं कि राज्य सरकार ने दिया और हमको किसी तरह से पास कर देना है और हमने पास कर दिया। उसकी गलियाँ छोटी-छोटी हैं। जैसे बनारस में माननीय प्रधान मंत्री जी के आने के बाद एक डेवलपमेंट हुआ है।

जब मैं बनारस जाता हूँ, तो मैं देखता हूँ कि आसपास के जितने इलाके हैं, उन्हें टेक ओवर किया गया है और अब वहाँ से गंगा दिखाई देती है। एक समय ऐसा आएगा कि चारों तरफ मन्दिर कॉम्पलेक्स इतना भव्य हो जाएगा, जिससे हम उसमें अच्छी तरह से पूजा कर सकें, पूजा करवा पायें। ठीक उसी तरह की सिचुएशन देवघर की है। हम बार-बार कहते थे कि ये गलियाँ कैसे चौड़ी होंगी, गलियाँ साफ-सुथरी कैसे होंगी, गलियों का रास्ता कैसे होगा, एक ही तरह का फसाड़ कैसे होगा? जैसे अमृतसर में माननीय सुखबीर सिंह बादल जी ने अपनी एक योजना के तहत अमृतसर के स्वर्ण मन्दिर के डेवलपमेंट के बारे में सोचा था। मैंने कहा कि उसी तरह का डेवलपमेंट होना चाहिए। जैसे मैंने आपको कहा कि अनुराग सिंह ठाकुर जी ने इस बारे में सोचा, तो आप धर्मशाला जाकर देखिए कि वहाँ कैसा इंफ्रास्ट्रक्चर है। यह प्राइवेट इनिशिएटिव है। इस प्राइवेट इनिशिएटिव के लिए जो टूरिज्म मंत्रालय का जो एक जोर चाहिए, टैक्स कंसेशन चाहिए, इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए जो चीजें चाहिए, उसके लिए कुछ होना चाहिए। उसके बाद हमने कहा, यह क्लॉज 3 का पार्ट 2 है, the corporation shall have its office in the capital city of each State and Union

Territory. जिस तरह से वी.के.सिंह साहब, आपके यहाँ एम्बेसी है। सभी देशों में आपने एम्बेसी बना रखी हैं। भारत सरकार की जो नीतियाँ हैं, नीति है या मान लीजिए, हमें किसी के साथ बिजनेस करना है, टूरिज्म डेवलपमेंट करना है, इसके लिए अलग-अलग विभाग हैं और अलग-अलग चीजें आपके हिसाब से गाइडेड हैं। भारत सरकार का विदेश मंत्रालय जो चाहता है, उसकी एम्बेसी उसी तरह से काम करती रहती है। हमने इसीलिए कहा कि इसका जो ऑफिस है, केवल यह नहीं होगा, सब जगह ऑफिस होगा और यदि सब जगह ऑफिस होगा, तो उसकी कनेक्टिविटी होगी। हमारा देश बहुत बड़ा है, अटक से लेकर कटक तक, एक जमाने में काबुल से लेकर कंधार तक हुआ करता था, अब वह छोटा-छोटा हो गया, तो आज हम कह सकते हैं कि कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक सभी जगह के इंफ्रास्ट्रक्चर के मामले अलग-अलग हैं। यदि स्विट्जरलैंड की बात करें, तो स्विट्जरलैंड से ज्यादा बढ़िया सिचुएशन हमारे यहाँ है। मैं श्रीनगर की बात करता हूँ। वर्ष 1998-99 के बाद कोई ऐसा साल नहीं है कि मैं और मेरा पूरा परिवार कश्मीर नहीं गया है, दो बार-तीन बार कश्मीर नहीं गया है। कश्मीर को जितना मैं जानता हूँ, शायद इस लोक सभा में बहुत कम ऐसे लोग होंगे, जो कश्मीर को उतना जानते होंगे, जितना कश्मीर के परिवारों को मैं जानता हूँ।

आप देखें कि यदि कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड तीनों पहाड़ी राज्यों, जिसमें एक वैली भी है और पहाड़ी भी है, यदि पहाड़ी राज्यों का मिलकर एक अलग इंफ्रास्ट्रक्चर आप डेवलप करते हैं, तो यह कितना बड़ा होगा। इसके बाद लोग स्विट्जरलैंड क्यों जाएंगे? मैं वर्ष 2009 की बात कर रहा हूँ। उस समय स्विट्जरलैंड की पॉपुलेशन केवल एक करोड़ थी। एक करोड़, सवा करोड़ वहाँ की पॉपुलेशन है। भारत का वहाँ 1.5 करोड़ टूरिस्ट जाता है। यदि आप उसे देखेंगे, उसकी वैली में यदि आप जाएंगे, Jungfrau और रेल में जाएंगे, तो वहाँ यश चोपड़ा के सिनेमा का एक बड़ा असर दिखाई देगा। यदि आप वहाँ उतरेंगे, तो आपको वहाँ मसाला टी दिखाई देगी। वहाँ लोग मसाला टी पिलाते हैं कि यह भारत की मसाला टी है। हम अपने बारे में कितना डेवलप करते हैं?

(1635/RV/NKL)

गुस्तावा और जो कश्मीरी व्यंजन हैं, उसको डेवलप करने के लिए हमने बिहार में क्या इनिशिएटिव लिया है, झारखण्ड में क्या इनिशिएटिव लिया है? वह तो छोड़िए, हमने हिमाचल प्रदेश में क्या इनिशिएटिव लिया, पंजाब में क्या इनिशिएटिव लिया?

सभापति महोदय, अभी मैं कुछ दिनों पहले आपके राज्य में था। मैं इतनी बार चेन्नई गया, पर मुझे खुद ही उसके बारे में पता नहीं था। मैं कम से कम 100 बार से ज्यादा चेन्नई हो आया हूं। चेन्नई जाने का मतलब होता था कि मैं तिरुपति चला जाता था, जो कि आंध्र प्रदेश में है। इस बार किसी ने मुझे कहा कि अगर आपको देखना है तो चेन्नई में एक कपिलेश्वर मन्दिर है, आप उसे देखें। उस दिन अवार्ड लेने के लिए अनुराग जी, सुप्रिया जी, हम सभी वहां गए थे और हम कपिलेश्वर मन्दिर चले गए। वह बहुत ही भव्य मन्दिर है, जबर्दस्त है। चेन्नई के बीचोंबीच इतना बढ़िया मन्दिर है। मैं केवल यह कह रहा हूं कि अगर आप किसी शहर में जाते हैं, इतनी बार जाते हैं और आपको ही उसके बारे में जानकारी नहीं है। तमिलनाडु के जो मन्दिर हैं, जैसे तंजावुर का मन्दिर है, चिदम्बरम का मन्दिर है, यदि उधर से पुदुच्चेरी के रास्ते चले जाएं तो आप देखेंगे कि इस तरह का मन्दिर शायद कम लोगों ने देखा होगा। जैसे रामेश्वरम् में मन्दिर है, लेकिन वहां कितने लोग जा पाते हैं? कितने लोगों को हम वहां रोड की कनेक्टिविटी दे पा रहे हैं? कितने लोगों को हम यह बता पा रहे हैं कि यह इतने वर्षों का है, वहां ये चीजें हैं, इसके बारे में इतना पता है? मेरे कहने का मतलब यह है कि जब इसका कोई ऑफिस होगा तो एक-दूसरे के साथ सांस्कृतिक आदान-प्रदान होगा। एक-दूसरे की ज़गहों के बारे में जानकारी होगी कि एक-दूसरे के यहाँ क्या हो रहा है? जैसे आज कौन-सा त्यौहार तमिलनाडु में मनाया जा रहा है, तमिलनाडु के मन्दिरों में मनाया जा रहा है, कौन-सा त्यौहार केरल में मनाया जा रहा है। यदि आपके यहां नौका दौड़ हो रही है तो उसका समय क्या है? आप यहां से कैसे जा सकते हैं? अगर आप वहां जाएंगे तो वहां गरीब वर्ग के लोगों के रुकने की क्या व्यवस्था है? मध्यम वर्ग के लोगों के रुकने के लिए क्या व्यवस्था है? अमीर लोगों के रुकने के लिए वहां क्या व्यवस्था

है? इन सारी व्यवस्थाओं के बारे में हम उन्हें बता पाएंगे। इस कारण से हम चाहते हैं कि इसका एक ऑफिस खुले।

इसके क्लॉज़-4 में हम कह रहे हैं: - 'The Corporation shall be headed by a Director General, to be appointed by the Central Government, in such a manner as may be prescribed.'

भारत सरकार जैसा चाहती है, वैसा करे। अगर वह किसी कमेटी या सिलेक्शन कमेटी के तहत करना चाहती है, जिसका टूरिज्म में इंटेरेस्ट हो। मैं आई.ए.एस. सर्विस का बहुत बड़ा पक्षधर भी हूं। ऑल इंडिया सर्विस एक ऐसा सर्विस है, जो इस देश को यूनाइटेड बनाए हुए है। हमें जो इच्छा होती है, हम उसके अनुसार किसी को ज्वाइंट सेक्रेटरी बना देंगे, सेक्रेटरी बना देंगे। मेरा आग्रह केवल यह है कि जिसका टूरिज्म में इंटरेस्ट हो, उसे बनाएं। जैसे यह पार्टी का मामला होता है कि किसे क्या विभाग दिया जाए, पर एक दिन हम और अनुराग जी बात कर रहे थे तो हमने कहा कि अनुराग जी, अगर कभी भी जिन्दगी में, दस साल, बीस साल, पचास साल बाद यदि हम दोनों में लड़ाई की संभावना आएगी तो वह इसलिए आएगी कि दो मंत्रालय ऐसे हैं, जिन्हें मैं भी लेना चाहूंगा और आप भी लेना चाहेंगे - यूथ और स्पोर्ट्स मंत्रालय। यह मेरा भी विषय है कि मैं यूथ और स्पोर्ट्स विभाग में काम करना चाहता हूं और अनुराग जी का भी यही विषय है। दूसरा टूरिज्म और कल्चर विभाग है। मैं आपको बताऊं कि कभी जिन्दगी में अगर मुझसे कोई यह पूछे कि तुम्हारे इंटेरेस्ट का विषय कौन-सा है तो हमारा तो यही विषय है और मैं जितना अनुराग जी को जानता हूं, अनुराग जी का भी यही विषय है। इसलिए जिसे भी आप इसका डायरेक्टर जनरल बनाएं, उसे टूरिज्म और कल्चर के बारे में जानकारी होनी चाहिए, उसे देश के बारे में जानकारी होनी चाहिए। अगर उसे यह पता होगा तो निश्चित तौर पर वह इसमें काम कर पाएगा।

फिर ऐसा मामला है कि उसे कितनी सैलरी देंगे इत्यादि। इसके लिए क्लॉज़-5 में लिखा है: - 'The Corporation shall have a fund with an initial corpus of Rs. 5000 crore.'

हम यह चाहते हैं कि कॉरपोरेशन के पास कम से कम पाँच हजार करोड़ रुपये का कॉर्पस फण्ड हो। माननीय मंत्री जी, आपकी जितनी भी योजनाएं चल रही हैं, चाहे वह 'स्वदेश दर्शन' हो, 'प्रसाद' हो, रामायण सर्किट हो, कृष्ण सर्किट हो, बुद्ध सर्किट हो, जिसके माध्यम से भी आप काम कर रहे हैं, आपके पास फण्ड्स की हमेशा कमी होती है। मैं चाहता हूं कि इसमें मनरेगा की तरह फण्ड हो, डिमांड-ड्रिवेन फण्ड हो। पाँच हजार करोड़ रुपये में से पाँच हजार करोड़ रुपये इस कॉरपोरेशन में हमेशा मौजूद हो। जब इच्छा हो, तब इसका उपयोग करें, क्योंकि ऐसे आप काम कर ही नहीं सकते हैं, क्योंकि यह बन्दरबांट है। आपको मेरा चेहरा पसन्द आया, आपने मुझे दे दिया। आपको अंजू बाला जी का चेहरा पसन्द आया, उन्हें दे दिया। अगर पाटसाणी जी को पुरी के लिए पैसा चाहिए, उसे दे दिया। ऐसा न हो। आपको यह देखना होगा कि पूरे देश भर में हम किस तरह के इंफ्रास्ट्रक्चर को कैसे डेवलप कर सकते हैं।

(1640/MY/SRG)

जैसा मैंने आपको बताया कि चार से पांच करोड़ लोग मेरे इलाके में आते हैं। इसलिए आपको देखना होगा कि जो चार से पांच करोड़ लोग आते हैं, वे केवल मंदिर में आते हैं। इसके अलावा, वहां आसपास की जो जगह हैं – जैसे गुरू वशिष्ठ ने वहां तपोवन आश्रम बनाया था। विक्रमशिला कहां है, तारापीठ कहां हैं, मंदार कहां है, बासुकीनाथ कहां है, त्रिकूट कहां है? रावन का प्लेन वहां लैन्ड करता था। इन सब जगहों पर यदि आप उस टूरिस्ट को ले जाना चाहते हैं, टूरिस्ट को रूकवाना चाहते हैं, तो आपको वहां रोड बनवानी पड़ेगी। यदि मान लीजिए कि रोड ट्रांसपोर्ट मंत्रालय ने आपको एक हाइवे बनाकर दे दिया, लेकिन सभी जगह हाइवे तो जाएगा नहीं। मान लीजिए कहीं से नेशनल हाइवे क्रॉस कर रही है, दो-तीन किलोमीटर ऐसा है जहां आपको उस बॉटल नेक को पूरा करना है। आप उसे किसके लिए छोड़िएगा? क्या राज्य सरकार के पास छोड़िएगा? राज्य सरकार की प्रायोरिटी है कि नहीं है, क्योंकि ये सब ऐसी जगह पर हैं, जिससे वोट की राजनीति नहीं होती है।

वहां किसी का मॉन्यूमेन्ट था, इससे क्या फर्क पड़ता है? जैसे मान लीजिए कि हमारा जो देवघर है, इसीलिए मैं प्रैक्टिकल बात कह रहा हूं। जब भी कोई योजना बनती है, जैसे वहां पानी की

बहुत कमी है। जब हमने उसके लिए योजना बनायी और वह योजना मेरे पास आयी, तो उसने कहा कि वहां डेढ़ या पौने दो लाख की आबादी है। हमको आगे 20-25 साल के लिए टारगेट करना है। 20-25 साल के टारगेट पर वहां की आबादी हाडर्ली साढ़े चार या पांच लाख होगी। वहां पांच लाख की आबादी कैसे 25 साल तक पानी पीएगी? उसी हिसाब से उसने पानी की योजना बना दी और डीपीआर भी बन गया। वे कभी यह नहीं सोचते हैं, क्योंकि वोट की राजनीति नहीं होती है और कभी किसी के दिमाग में नहीं आता है कि वहां रोज लाख–डेढ़ लाख लोग पूजा करने के लिए आते हैं। उनको भी पानी देना है। उस तरह के इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेन्ट के लिए यदि आप राज्य को इन्सिस्ट करके काम नहीं कर सकते हैं, तो आपको देना पड़ेगा।

दूसरा, आप यह समझे कि जो यह फंड है, सबसे ज्यादा जरूरी है कि आपके पास 'मनरेगा' की तरह पांच हजार करोड़ रुपये का कॉर्प्स फंड होना चाहिए। इसके बाद कॉरपोरेशन क्या काम करेगा, इस बारे में हमने क्लॉज-6 में कहा है कि "the Corporation shall formulate a Tourism Policy in consultation with the State Government" जिसके बारे में मैंने कहा कि सभी जगह आपके ऑफिस होंगे तो उससे आपको जानकारी मिलेगी, जैसे बजट के लिए होता है। माननीय प्रधानमंत्री जी हो या राज्य सरकारें हों, हमेशा कन्सल्ट करते रहते हैं कि कौन-सा बजट होगा, कहां तथा किस इलाके में जाएगा। उस हिसाब से स्टेट का कन्सल्टेशन और स्टेट की प्रायोरिटी होनी चाहिए। स्टेट की प्रायोरिटी ऐसी नहीं होनी चाहिए, बल्कि आपको भी अपने ऑफिस के माध्यम से एक पूरा का पूरा रिपोर्ट बना देना चाहिए। आपके यहां क्या समस्या है? जैसा मैं अभी देख रहा था और मैं फिक्की की एक रिपोर्ट लेकर आया हूं। होता क्या है कि दिल्ली में बैठकर फिक्की, सीआईआई, एसोचेम तथा इस तरह की अन्य संस्थाएँ आपको रिपोर्ट देती रहती हैं और आप गुमराह होते रहते हैं। मैं लोक सभा में ऑन रिकॉर्ड यह बात कहता हूं। ये जितनी भी संस्थाएँ हैं, मेरा उनसे कोई विरोध नहीं है। वे अच्छे बिजनेसमैन हैं। बिजनेसमैन हैं तो स्वाभाविक है कि दो पैसे कमाएंगे। यदि दो पैसे कमाते हैं तो लोगों को रोजगार भी देते हैं। इसका मतलब है कि बिजनेसमैन के खिलाफ कोई माहौल नहीं होना चाहिए। लेकिन उनकी जो प्रायोरिटी है, सभापति जी, मैं आपके माध्यम से

बताना चाहता हूं। उनकी प्रायोरिटी आपको खुश करना है। उन्होंने सीआईआई तथा फिक्की में एक कमेटी बना दी है और आपको वे रिपोर्ट दे देते हैं। आपको लगता है कि मेरा क्या है, इन्होंने तो अच्छा ही काम किया है। लेकिन मैं इस रिपोर्ट को देख रहा था कि यह रिपोर्ट कहां का है। वे दिल्ली के बारे में बता रहे हैं। वे मुम्बई के बारे में बता रहे हैं। वे राजस्थान के बारे में बता रहे हैं। वे मध्य प्रदेश के बारे में बता रहे हैं। मैंने उनकी पूरी रिपोर्ट पढ़ ली है, लेकिन उनको बिहार दिखायी ही नहीं दिया। उनको झारखंड दिखायी ही नहीं दिया। उनको ओडिशा दिखायी ही नहीं दिया। उनको हिमाचल प्रदेश दिखायी ही नहीं दिया। आप यह समझें कि उनको वैसी जगह दिखायी ही नहीं दी। जबकि हिन्दुत्व के बाद इस देश में तीन धर्म हैं, जो कि हिन्दुत्व से ही निकले हुए हैं या हिन्दुत्व के ही कारण है। ये तीनों के तीनों धर्म जहां से निकले हैं, चाहे सिख धर्म की बात हो, जबकि सिख धर्म की स्थापना गुरू गोविंद सिंह जी ने की थी। उनका बर्थ प्लेस कहां है? वह बिहार है। यदि बुद्धिज्म की बात करें तो महात्मा बुद्ध का जो पूरा इतिहास तथा दर्शन है, वह पूरा का पूरा बिहार में है। यदि जैनिज्म की बात करें तो पूरा का पूरा दर्शन बिहार है।

(1645/CP/RP)

राम जी यदि पढ़ने के लिए विश्वामित्र जी के आश्रम में गए, तो वह बक्सर है, यदि वह शादी करने के लिए गए, तो जनकपुर गए। यदि जरासंध की हत्या की, तो जरासंध बिहार में ही नालंदा के आसपास के राजा थे। कर्ण की अगर बात करें, तो जैसा मैंने अभी कहा कि अंग प्रदेश के राजा था, जब कोई राजा उसको बनाने के लिए तैयार नहीं था। जहां से हिंदुत्व का, रामायण को, महाभारत का, गीता का सब कुछ आपको दिखाई देता हो, वहां इनकी प्रायोरिटी नहीं है। प्रायोरिटी इसलिए नहीं है, क्योंकि बिहार में कोई नेता नहीं है, जो इस बारे में चर्चा करेगा। कोई वित्त मंत्री, किसी दिन यदि बिहार के लोगों को मौका मिलेगा, झारखंड के लोगों को मौका मिलेगा, ओडिशा के लोगों को मौका मिलेगा, तब न सीआईआई, फिक्की, एसोचैम उसके लिए काम करेंगे। यहां तो मौका है कि बड़े राज्यों को मिलना है, दिल्ली के इर्द-गिर्द गणेश परिक्रमा करनी है, तो इस तरह इसे पूरा करना है। मैं कह रहा हूं कि टूरिज्म पॉलिसी इस तरह से नहीं बन सकती है। टूरिज्म पॉलिसी स्टेट के साथ डिसकशन करके

आप बना सकते हैं। आप किसी के सहारे इन चीजों को नहीं छोड़ सकते हैं। आप सांसदों से पूछिए कि उनके इलाके में क्या है। हम आपको जो गाइड करेंगे, यहां जितने लोग बैठे हुए हैं, यहां वीणा जी बैठी हुई हैं, जो मैं कर्णगढ़ी की बार-बार बात करता हूं, मुंगेर की वह सांसद हैं। वह जो कर्णगढ़ी है, वहां अभी स्वामी सत्यानंद जी का भव्य आश्रम है। वे बड़े संत हैं। उनका आश्रम हमारे यहां भी है। वे अच्छा काम करते हैं। मुंगेर योगाश्रम के तौर पर एक बड़ा आश्रम भी है, लेकिन कर्णगढ़ी तो खत्म हो गई। वहां कुछ नजर नहीं आता है। मैं आपको कह रहा हूं कि यहां जितने सांसद बैठे हुए हैं, वे आपको बताएंगे कि कौन सी जगह हमारे यहां है, उसका क्या ऐतिहासिक महत्व है, क्या सांस्कृतिक महत्व है और उसके बाद यदि एक पॉलिसी बनती है, फार्मुलेट होती है, तो मेरा आपसे आग्रह होगा कि आप अभी इसके शुरू करने के पहले सारे सांसदों से ही पूछ लीजिए। सबसे पहले उसे ही कंपाइल करिए कि कहां, क्या चीजें हैं? नैमिषारण्य कितनी बढ़िया जगह है और उसका कितना असर है।

इसके बाद हमने पाइंट 6 में कहा कि give wide publicity to its policies and programmes through all means of communication including print and electronic media. आज की डेट में इसका सबसे बड़ा असर है। संयोग से मेरे सामने इस कमेटी के चेयरमैन बैठे हुए हैं। अभी ट्विटर वाले को बुलाया है। पूरे देश भर में बड़ा हंगामा चल रहा है कि ट्विटर हो, इंस्टाग्राम हो, फेसबुक हो, प्रिंट मीडिया हो और इलेक्ट्रानिक मीडिया हो। आपको पब्लिसिटी देकर यह बताना है कि हम इस तरह की पॉलिसी बना रहे हैं या यह योजना हम इंप्लीमेंट कर रहे हैं, यह योजना हमको राज्य सरकार ने दी है, यह योजना हमको मेंबर ऑफ पार्लियामेंट ने दी है। इस योजना का फायदा है या नुकसान है। इस योजना में हमने पैसा दिया, तो वह काम चल रहा है या नहीं चल रहा है। एक प्रॉपर वे में यदि आप फीड बैक लेना शुरू करेंगे, तो ठीक है। कुछ आपको निगेटिव मिलेगा कि पैसा हो गया, करप्शन हो गया, चीजें हो गईं। आप यदि उसकी फोटोग्राफ अपलोड करवाएं, जैसे माननीय प्रधान मंत्री जी हम लोगों से जो कार्यक्रम कराते हैं, वी.के.सिंह साहब आप तो गवाह हैं कि मोटर साइकिल यात्रा हमने की या नहीं की, हेलमेट के साथ फोटो डालो। आप किसी बस्ती में रात में रुकते हो या नहीं रुकते हो, उसका भी फोटो लोड करो। यह नहीं है कि वह किसी मास्टर की तरह

काम करते हैं। वह यह है कि जैसे अभी प्रधान मंत्री आवास योजना बन रही है, तो उसका गृह प्रवेश हुआ कि नहीं हुआ, वह देखते हैं। वह जीपीएस पर पूरा लोड होता है। उसी तरह से आपने योजना में जो पैसा दिया, यदि इस मोड का हम उपयोग करेंगे, तो आपको मेरे से ज्यादा खबर मिलेगी। मैं जो आपको फीड बैक दूंगा और यह जो फीड बैक है आपके डिपार्टमेंट को, इसीलिए मैंने इसके बारे में कहा।

इसके बाद हमने कहा कि advise Central Government with regard to financial assistance to be provided to State Governments for creating/improving infrastructure at all tourist centres.

अब देखिए, एक छोटी सी बात है। हम आगरा जाते हैं। आगरा सात अजूबों में एक अजूबा है। जितने लोग आते हैं, उनको हम आगरा ले जाते हैं। आगरा स्टेशन से उतरकर यदि हमको ताजमहल जाकर देखना है, तो आपने उसको देखा है कि हम इतने वर्षों में एक बढ़िया रोड नहीं बना पाए। कहां रिक्शा चल रहा है, कहां साइकिल चल रही है, गाड़ी में कौन स्क्रैच लगा देगा, हम उसे नहीं बना पाए। कई फॉरेन डिग्निटरी के साथ बड़े लोग वहां जाते हैं। जनरल वी.के.सिंह साहब गए होंगे। इनके लिए तो सुविधा है कि फॉरेन डिग्निटरी को ले जाते हैं, तो आप ट्रैफिक रोक देते हैं, उनको लेकर चले जाते हैं, लेकिन आम लोगों के बारे में सोचिए। यह इनफ्रास्ट्रक्चर कौन डेवलप करेगा? वहां का बढ़िया एयरपोर्ट चालू होगा या नहीं, इसके बारे में कौन सोचेगा?

(1650/NK/RCP)

उसकी कनेक्टिविटी कैसे होगी, उसके बारे में कौन सोचेगा? 'उड़ान' के माध्यम से माननीय प्रधानमंत्री जी सोच रहे हैं, ढ़ाई हजार रुपये में आप कैसे आगरा पहुंचेगे, कैसे चप्पल वाले लोग पहुंचेंगे, सवा सौ जगहों पर छोटे-छोटे एयरपोर्ट या एयर स्ट्रिप के माध्यम से डेवलपमेंट हो रहा है। लेकिन रोड कौन बनाएगा?

मान लीजिए, आगरा एक्सप्रेसवे बन गया, आगरा एक्सप्रेसवे का मेन्टेनेंस कौन करेगा, मान लीजिए किसी तरह से एक्सिडेंट हो गया, रोज दो-चार एक्सिडेंट होते हैं, उसके लिए हमने कौन सी

फैसिलिटी क्रिएट की है, कौन सी पुलिस है, सीआरपीएफ होती है, बीएसएफ होती है या वहां की लोकल पुलिस होती है। उसको पता ही नहीं है कि हमको किसके साथ कैसा बिहेव करना है। आपको नहीं लगता है कि टूरिज्म पुलिस हो, जैसे सीआईएसएफ एक कन्सनट्रेटेड पुलिस हो गया है, सेन्ट्रल इंडस्ट्रियल सिक्युरिटी फोर्स है, वह केवल इंडस्ट्री को देखता है, आप एयरपोर्ट पर देखिए वह कितना अच्छा काम कर रहा है, वह प्रोपर प्रोटोकॉल दे रहा है, बढ़िया से चेकिंग हो रहा है। आपको नहीं लगता है कि अब इस तरह का समय आ गया है कि हम एक टूरिज्म फोर्स क्रिएट करें। भारत सरकार द्वारा यह क्रिएट होना चाहिए, जो गाइड भी है, जो लोगों को सुरक्षा भी दे रहा है।

मेरा इस बिल के माध्यम से बड़ा विषय है, लोगों को सुरक्षा नहीं मिल रही है। हमारे यहां कई बार एडवाइजरी जारी कर देते हैं, उसके लिए विदेश मंत्रालय हमेशा लड़ता रहता है, कभी कहा जाता है कि स्वाइंन फ्लू हो गया है, भारत मत आइए, कभी कहेगा, निर्भया जैसा कांड हो रहा है, रेप हो रहा है, आप नहीं आइए। आप समझिए कि कहीं का ईंट कहीं का रोड़ा बना कर जिसे हम रोकने का प्रयास करते हैं, उसमें इसकी सबसे बड़ी आवश्यकता है। इसके बाद हमने कहा, जो इसी से जुड़ा हुआ है Provide better connectivity to all place of tourist importance by way of creation of adequate infrastructure. वर्ष 2011-12 में एक कमेटी बनी, टूरिज्म मिनिस्टर उसके अध्यक्ष होते थे। रेलवे, एयर, नेशनल हाईवे और स्टेट के साथ डिस्कशन करके इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप करना था। 2011 में नोटिफिकेशन हो गया। अब मेरा सवाल है कि आठ सालों में, साढ़े चार साल अपने और उसके पहले के चार साल यूपीए सरकार के, तो इस आठ और साढ़े आठ सालों में हमने इस तरह की कितनी बैठकें लीं। जब रेल बजट आता है तो टूरिज्म मंत्रालय ने कितनी चिट्ठी लिखी कि यह कनेक्टिविटी हमारे लिए जरूरी है। नेशनल हाईवे को कितनी चिट्ठी लिखी है कि यहां नेशनल हाईवे बनना जरूरी है। स्टेट पीडब्ल्यूडी को कितनी चिट्ठी लिखी है कि यह जरूरी है, सिविल एविशन को कितनी बार चिट्ठी लिखी है कि यह जरूरी है, कितनी बार आपने कॉमर्स मंत्रालय को कहा है कि हमारे यहां इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर बना दीजिए, यह जरूरी है, कितनी बार विदेश मंत्रालय से

आपने कन्संलट किया है कि आपके टूरिस्ट फ्लो में कमी आ रही है, इसमें एम्बेसी से सहयोगी की आवश्यकता है।

मेरा आपसे आग्रह है कि कमेटियां बन जाती हैं, टूरिज्म मिनिस्टर इसके हेड होते हैं, मैं उसका नोटिफिकेशन लेकर आया हुआ हूं। आप अलग-अलग मंत्रालय के साथ बैठ कर यदि यह बैठक करेंगे, वाइबेलिटी गैप फंडिग का सवाल है, जहां गैप हो जाएगा। हमने कहा कि मनरेगा की तरह पांच हजार करोड़ रुपये का बजट होना चाहिए। जहां गैप हो जाएगा, उस गैप को पूरा करने के लिए इसका उपयोग कीजिए। इससे लगेगा कि हम बड़ा काम कर रहे हैं। इसके बाद हमने कहा है Set up tourist facilitation centres at all airports and railway stations with a view to facilitate travelling, boarding and lodging for the tourists including reservation in air services, trains, buses, hotels and motels. आप यह समझें कि स्विटजरलैंड टूरिज्म में क्यों इतना आगे चला गया? एक ही पास लेना है, उसी पास से रेल है, उसी पास से आप बस में चले जाइए, उसी से आपको बोट की भी ड्राइविंग मिल जाएगी। एक ही पास है, दो पास नहीं लेने हैं। रेलवे की टाइमिंग परफेक्ट है, यदि ग्यारह बज कर एक मिनट लिखा हुआ है तो ग्यारह बज कर एक मिनट पर ही ट्रेन आएगी, लिखा हुआ है कि ग्यारह बज कर पांच मिनट पर बस यहां से वहां जाएगी, फिर लिखा हुआ है कि यह बस आपको वहां पहुंचाएगी और यह बोट ग्यारह बज कर बीस मिनट पर यहां से वहां ले जाएगी।

(1655/SK/SMN)

किसी से कोई मतलब नहीं है, भाषा का कोई मतलब नहीं है। वहां कोई स्विस भाषा बोलता है, कोई जर्मन बोलता है, कोई फ्रेंच बोलता है। यहां बहुत लोगों को अंग्रेजी नहीं आती, यहां से जो लोग जाते हैं उनको न तो फ्रेंच आती है, न जर्मन आती है और न स्विस आती है। लेकिन फिर भी यहां के लोग वहां जाते हैं क्योंकि उनको सारी सुविधा मिलती है। वहां कोई ऐसा रेलवे स्टेशन नहीं है जहां टूरिस्ट इन्फॉर्मेशन सैंटर न हो। कोई ऐसी जगह नहीं है जहां इस तरह की फैसिलिटीज़ न हो। कोई ऐसा एयरपोर्ट नहीं है जहां आपको लोग सहयोग करने के लिए तैयार न हों। अपने देश में कितने

इस तरह के सैंटर्स हैं? मान लीजिए स्टेट ने बनाया है, मैं आपको बताना चाहता हूं कि इन ही के पैसे इन्होंने हमारे यहां दो जगह देवघर और बासुकीनाथ में टूरिज्म सैंटर बनाने के लिए पैसा दिया। दस साल से पैसा दे दिया लेकिन आज तक नहीं बन पाया है, आज तक बना ही नहीं है। मैं दूसरों की बात नहीं छोड़ता हूं। जब तक आप यह नहीं करेंगे, आप कैसे टूरिस्ट्स को बढ़ाएंगे? मेरा सुझाव है कि आप इसे इन्कलूड कीजिए।

महोदय, इसके बाद हमने कहा कि Conduct organised tours to different tourist centres. जैसे ही देवघर गए तो उसके पास की जगह को देखना होता है। मान लीजिए कोई टैक्सी बुक करके जाना चाहता है, तो पता होना चाहिए कि यहां से वहां तक टैक्सी का इतना किराया है। दूसरे की बात छोड़िए, हम घूमते रहते हैं क्योंकि जनपथ में अनुराग जी का घर है। हमें कभी-कभी जाने का मौका मिल ही जाता है जब लंच या डिनर कराते हैं, नहीं तो हम वैसे भी चाय पीने चले जाते हैं। वहां दुनिया भर के टूरिस्ट्स दिखाई देते हैं। वे ऑटो और टैक्सी वालों से लड़ते हुए नजर आते हैं। मैं देखता हूं कि वे उनको इतना चार्ज करते हैं कि यदि उनको क्नाट प्लेस ले जाएंगे तो जहां 100 या 50 रुपए ऑटो का भाड़ा होगा, उससे 500 रुपए वसूलने की बात करते हैं, क्योंकि इस तरह के सैंटर्स ही नहीं हैं। हमने होटल्स के बाहर ऐसा कुछ बनाया ही नहीं है कि यह आपको यहां से वहां लेकर जाएगा। एक गाइडिड होना चाहिए कि यह एसी बस है आपको यहां ले जाएगी, नॉन एसी बस है आपको वहां ले जाएगी, टैक्सी आपको वहां ले जाएगी, ऑटो से जो जाना चाहते हैं ये लेकर जाएंगे, रिक्शे का भाड़ा इतना है। आप जब तक इसे निर्धारित नहीं करेंगे और इसे स्टेट और इन्फ्रास्ट्रक्चर के साथ डिसकशन नहीं करेंगे तो टूरिज्म का डैवलपमेंट नहीं हो पाएगा। यह बड़ा विषय है।

मैंने जैसे कहा कि इस दुनिया में सबसे ज्यादा रोजगार कोई दे रहा है तो वह टूरिज्म ही दे रहा है। रोजगार के डाटा पर जो इतनी बातचीत हो रही है, वह डाटा एक मिनट में खत्म हो जाएगा। बिजनैस इतना रोजगार नहीं देता। किसी भी देश का डैवलपमेंट बिना टूरिज्म के नहीं होता है। आज वही देश प्रॉसपेरिटी की तरफ बढ़ रहा है जहां टूरिज्म है। केरल, जहां से मंत्री जी आते हैं, सबसे बड़ा उदाहरण है। वी.के. सिंह जी, कुरुक्षेत्र में इतना बड़ा महाभारत हो गया, सरस्वती नदी को हरियाणा

में खोज रहे हैं। आप समझें कि जब से मैं पैदा हुआ हूं सरस्वती खोजी जा रही है। यह कब तक खोजी जाएगी? कुरुक्षेत्र के डैवलपमेंट के लिए केवल एक कॉर्नर के लिए इतना पैसा दे दिया, उतना पैसा दे दिया, इससे क्या होगा? शिमला में मॉल रोड अपना अस्तित्व खत्म कर रहा है। मसूरी में मॉल रोड दिखाई नहीं देता है, अंधाधुंध पेड़ों की कटाई हो रही है।

मैं बद्रीनाथ और केदारनाथ के दर्शन के लिए जा रहा था। मैं बद्रीनाथ जी के दर्शन कर पाया, केदारनाथ के दर्शन इसलिए नहीं कर पाया क्योंकि जिस ट्रेन से मैं जा रहा था वह ट्रेन लेट हो गई। मुझे किसी ने कहा कि आप हरिद्वार उतर जाइए, वहां से देहरादून चले जाइए, यह ज्यादा अच्छा रास्ता है क्योंकि ट्रेन लेट हो गई है। आपको आश्चर्य होगा कि हरिद्वार से देहरादून जाने में पांच घंटे लगे जबकि मुझे एक या सवा घंटे में पहुंच जाना चाहिए था। यहां अच्छी रोड ही नहीं है, इन्फ्रास्ट्रक्चर ही नहीं है, किऑस है। यदि आप जून-जुलाई के महीने में जाएंगे तो इस तरफ रेंगती हुई गाड़ियां नजर आएंगी। कोई भी चीज नहीं है।

मैं हरिद्वार, शिमला, देहरादून की बात कह रहा हूं जो कि इतने बड़े टूरिस्ट सैंटर्स हैं। लवासा को किसी तरह से बनाने की कोशिश हो रही थी, आपको पता है कि कैसे करप्शन के केस में फंस गया, क्या कारण हुआ कि यूपीए सरकार ने इसे बनने नहीं दिया? आजादी के बाद से आज तक हमने एक भी टूरिस्ट प्लेस डैवलप नहीं किया, जो भी किया वह अंग्रेजों ने डैवलप किया। हम अंग्रेजों को लाख गाली दें, लेकिन इन्फ्रास्ट्रक्चर के मामले में वे जो करके गए, मोदी जी के आने के बाद ही वह हो रहा है। इन लोगों को गुस्सा लगता है, 60 सालों में कांग्रेस ने केवल करप्शन के अलावा कोई काम नहीं किया।

हमने कहा है –Set up hotels, restaurants and motels in all tourist centres with a view to catering to the needs of different categories of tourists.

(1700/MK/MMN)

हमारे यहां टाटा है। 4 से 5 करोड़ लोग हमारे यहां आते हैं। एक बढ़िया होटल नहीं है। होटल इंडस्ट्री के लोग जाना नहीं चाहते हैं। मैं बार-बार उनको 10 साल से रिक्वेस्ट कर रहा हूं कि वहां एक थ्री स्टार, फोर स्टार और फाइव स्टार होटल चाहिए। लेकिन, मैं उनके ऊपर दबाव नहीं बना सकता। मंत्रालय का इतना जोर नहीं होता है कि हम बना पाएं। जब वहां अच्छे होटल नहीं होंगे तो हमारे यहां जो हाई एन्ड टूरिस्ट हैं, वे रात में रुकते ही नहीं हैं। जब वे रात में नहीं रुकेंगे, पैसा नहीं देंगे तो हमारे इलाके का क्या डेवलपमेंट होगा । इतना होने के बाद भी यदि मेरे इलाके का डेवलपमेंट नहीं हो रहा तो उसका कारण यही है। अगर कार्पोरेशन ऐसे वे में काम करेगी, लोगों को इन्सिस्ट करेगी कि अभी इस साल मेरा टारगेट यह है, आप यहां आओ, यहां आपको काम करना है, आप यहां आओगे, हम आपको फैसिलिटी देंगे, हम आपको इनकम टैक्स का रिबेट देंगे, हम आपको जी.एस.टी. का रिबेट देंगे।

इसके बाद हमने कहा है कि 'Prepare a list of paying guest accommodation available at places having inadequate hotel or motel accommodation.' कॉमनवैल्थ गेम्स के समय, सभापति महोदय मैं 5-7 मिनट में समाप्त करूंगा, घंटी नहीं बजाइएगा, लोगों को लगेगा कि फिर घंटी बजी। मैं कह रहा हूं कि इस तरह का जहां एकोमोडेशन नहीं है, यदि वहां पर पेइंग गेस्ट एकोमोडेशन देंगे, तो लोगों को रोजगार मिलेगा, लोगों के घर गेस्ट आएंगे, जिस तरह से हमारे यहां 'अतिथि देवो भव:' की परम्परा रही है।

इसके बाद, कल्चरल फंक्शन कैसे होगा, दूसरे कंट्रीज के साथ को-आर्डिनेशन कैसे होगा? आर्ट म्यूजिक भी एक बड़ा विषय है। रवीन्द्र संगीत खत्म हो रहा है या इस तरह के जो संगीत वाले लोग हैं, राजन मिश्र और साजन मिश्र से लेकर जसराज के बारे में लोग अवेयर नहीं हैं। यदि हम इस तरह की चीजें डेवलप करेंगे तो मुझे लगता है कि हम इस देश में एक बड़ी क्रांति ला सकते हैं। जिस तरह से आप कृषि क्रांति, नीली क्रांति, हरित क्रांति की बात करते हैं, उसी प्रकार रोजगार और इन्फ्रास्ट्रक्चर क्रांति भी एक सबसे बड़ा विषय है। मैं जाते हुए श्री वल्लूर साहब ने जो कहा था,

जो आप ही के यहां के हैं, उन्होंने कहा कि – "दरिद्र वह होता है, जो दूसरों को खिलाता नहीं है और जो अतिथि की सेवा करता है वही सबसे अमीर आदमी है।" श्री वल्लूर तमिलनाडु के बहुत बड़े कवि थे। अतिथि वह है, जो हमारे यहां आता है और टूरिस्ट्स से बड़ा अतिथि कोई नहीं है। सभापति महोदय, मेरा आपके माध्यम से सरकार से आग्रह है कि मेरे इस बिल को कंसिडर कीजिए, इसको पास कीजिए, इसके लिए पॉलिसी बनाइए और इस देश की इकोनॉमी को बढ़ाने में योगदान कीजिए। इन्हीं शब्दों के साथ जय हिन्द, जय भारत।

(इति)

HON. CHAIRPERSON (DR. P. VENUGOPAL): Motion moved:

> "That the Bill to provide for establishment of a Tourism Promotion Corporation of India to promote and develop tourism in the country and for matters connected therewith, be taken into consideration."

1703 बजे

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर):** धन्यवाद सभापति जी। माननीय निशिकान्त दुबे जी ने जो टूरिज्म प्रोमोशन कार्पोरेशन ऑफ इंडिया बिल आज सदन में हम सबके सामने रखा है, मैं सबसे पहले अपनी ओर से और सदन की ओर से और हृदय की गहराइयों से इनका आभार प्रकट करता हूं कि इतने महत्वपूर्ण विषय को लेकर आज इन्होंने अपनी बात यहां पर रखी और शानदार ढंग से रखी है। मैं इनको अपनी ओर बहुत-बहुत बधाई देता हूं। जब युवाओं की बात करूं तो रोजगार की बात भी आती है। जब एक टूरिस्ट कहीं भी जाता है, तो जाने-अनजाने, डायरेक्ट-इनडायरेक्ट, प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से 35 से 36 लोगों को उससे स्वरोजगार के अवसर मिलते हैं। जब कोई टूरिस्ट कहीं जाता है, तो बहुत इच्छाएं लेकर जाता है। जैसे हम लोग दिन-प्रतिदिन इतना काम करते हैं, हम लोगों को छुट्टियां कम मिलती हैं, लेकिन जब मिल जाती है, तो ऐसा लगता है कि किसी ऐसी जगह पर जाएं जहां शरीर की थकावट कम हो, मानसिक तौर पर तंदुरुस्त होकर आएं।

माननीय सभापति जी, आज अगर हम देखें तो पूरी दुनिया भर में जो टूरिज्म है, जी.डी.पी. में उसकी हिस्सदारी लगभग 9 प्रतिशत है।

(1705/RPS/VR)

दुनिया भर में करोड़ों लोगों को रोजगार केवल टूरिज्म के माध्यम से मिलता है। आज पूरी दुनिया में लगभग बीस करोड़ नौकरियां केवल टूरिज्म उपलब्ध करवाता है। भारत में भी मैं देखता हूं, जब से माननीय मोदी जी की सरकार आई है, कुछ अच्छे निर्णय लिए गए, चाहे वीज़ाज ऑन एराइवल, ई-टूरिस्ट वीज़ाज की बात हो, डेवलपमेंट ऑफ डिफ्रेंट टूरिज्म सर्किट्स की बात हो। यही नहीं, जो सबसे बड़ी बात है, विदेश से जो लोग यहां आते थे, वे पहले कूड़ा-कचरा और गंदगी देखकर तरह-तरह की बातें करते थे। स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से हम देश में बहुत बड़ा बदलाव लाए हैं, जिसके लिए मैं माननीय प्रधानमंत्री जी के प्रति बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं। हिन्दुस्तान के लोगों ने उसे दिल से अपनाया और सफल बनाया है, इसके लिए मैं उनके प्रति भी आभार प्रकट करना चाहता हूं।

माननीय निशिकान्त जी मेरे मित्र भी हैं। मैं कहने वाला था, वैसे तो ब्राह्मण कह दो तो वैसे ही बुद्धिमान होते हैं, पता ही है, लेकिन वह उच्च कोटि का हो, इतने विस्तार में बात की जाए और सारी बातें उसमें आ जाएं तो इतने शानदार ढंग से उन्होंने इस विषय को रखा है, मैं इसके लिए उनको बहुत-बहुत बधाई देना चाहता हूं। जिस व्यक्ति ने दुनिया का भ्रमण किया हो, जिसके दिल में एक उमंग हो, उम्मीद हो कि मुझे अपने राज्य को टूरिज्म के बलबूते पर भी आगे ले जाना है। इन्होंने यह नहीं कहा कि वहां पर जो माइन्स उपलब्ध हैं, उनके माध्यम से क्या करना है, बाकी क्या चीजें करनी हैं, बल्कि इन्होंने यह कहा कि मैं दुनिया भर के लोगों को, चाहे देवघर की बात हो या झारखण्ड के बाकी क्षेत्रों की बात हो या बिहार के मुंगेर की बात हो, कैसे वहां लेकर जाएं, उसके लिए आधारभूत ढांचा कैसे बने, इस बात को उन्होंने यहां पर रखा है, जिसके लिए मैं इनका स्वागत करता हूं। मुझे लगता है कि सबसे बड़ी कमी क्या आती है, अगर किसी को मेरे राज्य हिमाचल प्रदेश तक आना है, इनको गोड्डा, झारखण्ड से आना होगा तो कैसे आएंगे? सभापति महोदय, अगर आपको तमिलनाडु से हिमाचल प्रदेश आना हो तो क्या होगा? आपको या निशिकान्त जी को वहां आने के लिए पहले दो या तीन फ्लाइट्स बदलकर आना पड़ेगा। अगर हिमाचल प्रदेश में एयर कनेक्टिविटी नहीं होगी तो आप सबसे पहले अपना ट्रैवलिंग का बिल कैलकुलेट करेंगे। अगर चार लोगों की टिकट बनानी पड़ेगी तो शायद विदेश की टिकट सस्ती होगी और हिमाचल प्रदेश में आने की टिकट महंगी पड़ेगी। Connectivity is the key, time is precious. आज समय का मूल्य सबसे ज्यादा है। हमें मुश्किल से दो दिन की छुट्टी मिलेगी तो सब यह सोचेंगे कि हम तीन घण्टे में कहां पहुंच पाएंगे, हम वहां जाएंगे। जहां शरीर को और थकावट न हो, आराम देने लायक जगह मिलेगी, हम वहां पर जाएंगे। हमारे पास जो दुनिया को दिखाने के लिए है, चाहे हेरिटेज साइट्स हों, चाहे रिलीजियस साइट्स हों, चाहे हमारे कल्चरल वेन्यूज हों या प्राकृतिक सौन्दर्य वाली जगह हो, क्या हम उन स्थानों के लिए कनेक्टिविटी बेहतर करने का कोई प्रयास करेंगे? मैं दिल खोलकर कह सकता हूं कि मोदी जी ने ऐसा किया है। चाहे उत्तराखण्ड की चार धाम यात्रा हो, हजारों-करोड़

रुपये का प्रावधान किया और उस पर काम करने का प्रयास नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ने किया, इसके लिए मैं उनको धन्यवाद देना चाहता हूं।

मैं माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि हिन्दुस्तान में कितनी टूरिज्म साइट्स हैं, क्या इसका कोई लेखा-जोखा आपके पास है? उनकी एयर, रेल, रोड और वाटर कनेक्टिविटी कितनी है? जो सवाल निशिकान्त जी ने पूछा, जब देश का बजट बनता है तो क्या हमारा टूरिज्म मंत्रालय उनको लिखकर देता है कि हमें यहां से नेशनल हाइवे चाहिए, हमें यहां से रेल कनेक्टिविटी चाहिए या हमें वहां एयरपोर्ट चाहिए? किसी सांसद से ज्यादा वे उस बात को गंभीरता से लेंगे, जब भारत सरकार का ही एक मंत्रालय ऐसा लिखकर देगा कि देश के इस कोने में कनेक्टिविटी चाहिए। उसको गंभीरता से लिया जाएगा और उन क्षेत्रों में टूरिज्म को बढ़ावा मिलेगा, ऐसा मेरा मानना है।

(1710/RAJ/SAN)

माननीय सभापति जी, जहां दुनिया भर में टूरिज्म की ग्रोथ लगभग चार प्रतिशत हुई है, वहीं पर भारत ने 9.7 प्रतिशत ग्रोथ की है। मैं अपनी ओर से माननीय मंत्री जी आपको, भारत सरकार और माननीय प्रधान मंत्री जो को बधाई देना चाहता हूं और यह भी कहना चाहता हूं :-

"बंधी नियमित जिंदगी से होती है सबको घुटन
इससे मन बहलाव के लिए जरूरी है पर्यटन
जरूरी है पर्यटन।"

इसलिए हम पर्यटन के विस्तार में न केवल रोजगार की बात करते हैं, बल्कि हर नागरिक को शारीरिक और मानसिक तौर पर तंदुरुस्त रखने का प्रयास करते हैं। ऐसे कौन-कौन से क्षेत्र या एवेन्यूज हो सकते हैं? मैं हिमाचल प्रदेश से चुन कर आया हूं। वहां प्राकृति सौंदर्य, पहाड़, पानी, जंगल, खेत, सेब के बगीचे, बहुत पुराने-पुराने मंदिर और धार्मिक स्थल भी हैं। एडवेंचर स्पोर्ट के लिए भाखड़ा बांध और पोंग बांध जैसे स्थान भी हैं। लेकिन, वहां पर न शिकारे हैं, न बैकवाटर्स वाली बोट्स हैं, जिनमें हम रह पाएं, न एडवेंचर टूरिज्म के लिए पर्याप्त सुविधाएं हैं। अगर हम स्काई रेल की बात करें तो उसकी सुविधा भी नहीं है। हमारे यहां जंगल हैं, मगर हमारे पास वैसे प्रावधान नहीं हैं, पैसे नहीं हैं। देवी-देवताओं की पूजा करने के लिए मन्दिर हैं। अगर हिमाचल प्रदेश की

आबादी 70 लाख हैं तो हमारे यहां दो करोड़ से ज्यादा टूरिस्ट्स आते हैं, उसकी आबादी का तीन गुणा ज्यादा। लेकिन, उसके लिए उतना बड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर होना जरूरी है, चाहे हाईवेज हैं, रोडवेज हैं। अगर कोई वहां के मन्दिर में आ भी गया तो क्या वहां पर उस मन्दिर के इतिहास को लेकर कोई ऑडियो-विजुअल्स हैं या नहीं? क्या कभी आपके मंत्रालय ने वह करने का प्रयास किया? क्या वहां पर गाइड्स उपलब्ध हैं? मैं आपसे जानना चाहता हूं कि देश भर में कितने गाइड्स की ट्रेनिंग इस विभाग ने आज तक की है? हमारे पास कितने गाइड्स ऑन-रिकॉर्ड उपलब्ध हैं? बहुत सारे ऐसे लोग भी बाहर से आते हैं, जो प्राइवेट गाइड भी चाहते हैं, ग्रुप के लिए गाइड्स भी चाहते हैं। अगर गाइड्स न हो तो वहां पर टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल कर सकते हैं। आजकल तो ऐसे इक्विप्मेंट्स मिलते हैं कि आप अपने हेडफोन में उसे लगाकर प्रि-रिकॉर्डेड सब कुछ सुन सकते हैं। हमारे यहां कांगड़ा फोर्ट है, वह सरकार ने नहीं किया है, वहां के जो राजा थे, उनके परिवार ने वह किया है। उनका अपना एक एनजीओ या अपनी संस्था है, उसके माध्यम से किया है। उनके इतिहास के बारे में बताता है, लेकिन मैं हिमाचल के किसी भी मंदिर में चला जाऊं, उसके मंदिर के इतिहास के बारे में बताने के वहां पर कोई तैयार नहीं है। वहां न कोई बोर्ड है और न कोई ऑडियो विजुअल है। हम क्या कर सकते हैं?

मैं रिकॉर्ड देख रहा था, वह बैंकॉक हो, जिसके बारे में निशिकांत जी ने कहा है। हम थाईलैंड, मलेशिया या दुनिया के अन्य देशों की बात करें, जो बहुत छोटे-छोटे देश हैं। आप सिंगापुर की बात कर लीजिए। वहां पर हम से ज्यादा टूरिस्ट्स जाते हैं। उन्होंने टूरिस्ट को आकर्षित करने के लिए कुछ न कुछ ऐसा बनाया है, जिसका एक आकर्षण बना है और दुनिया भर के लोग वहां पर जाते हैं। निशिकांत जी ने लंदन की बात की है। अगर वहां पर मैडम तुसाद का म्यूजियम देखना हो, एक भूतों वाली या बिल्डिंग खड़ी कर देते हैं, उसमें देखना हो तो हमें वहां चार घंटे लाइन में लगना पड़ता है, बीस पाउंड की टिकट खरीदनी पड़ती है, यानी आपको 2000 रुपये की टिकट खरीदनी पड़ेगी। उनको बेचना आता है, मार्केटिंग करना आता है। क्या हम मार्केटिंग में फेल हो गये? हमारा प्रोडक्ट उनसे कई गुना बेहतर था। एक बार कोई राजस्थान आ जाए तो छोटी हवेलियां हों या बड़े

महल हों, उनका अपना आकर्षण का एक केन्द्र है। राजस्थान ने कुछ हद तक तरक्की की है। भैरों सिंह शेखावत ने वह किया, वसुंधरा राजे जी ने वह किया। उन्होंने उनको वापस खड़ा करने का प्रयास किया। जो महलों के राजा थे, उनके पास भी कमाई के साधन खत्म हो गए थे, लेकिन भैरों सिंह जी की शुरुआत ने जहां एक ओर उनके बड़े-बड़े महलों और उनकी हवेलियों को बचाने का प्रयास किया, वहीं दूसरी ओर लाखों लोगों के लिए रोजगार के अवसर भी उत्पन्न किए हैं।

(1715/RBN/VB)

HON. CHAIRPERSON (DR. P. VENUGOPAL): Anurag ji, I have a list of six to seven hon. Members who want to speak on this important Bill. So, please conclude your speech within two to three minutes.

SHRI ANURAG SINGH THAKUR (HAMIRPUR): Sir, I will take only 25 minutes because I have to speak on a lot of things and I have just started.

सर, निशिकांत जी द्वारा लाये गये बिल के साथ यह अन्याय होगा, यह देश में करोड़ों रोजगार पैदा करेगा। मैं इसके बाद जम्मू-कश्मीर पर भी आऊँगा।

श्री दुष्यंत सिंह जी की मैं बात कर रहा था, उन्होंने धौलपुर में अपने महल को एक बहुत ही सुन्दर होटल में कनवर्ट किया है। न केवल देश के, बल्कि विदेशी लोग भी वहाँ आते हैं। यही नहीं, जब मैं धार्मिक स्थलों की बात करता हूँ, चाहे माता वैष्णो देवी का मन्दिर हो, तिरुपति बालाजी का मन्दिर हो, बाकी मन्दिर हों, इन सभी ने अपने आप को ट्रांसफॉर्म किया है। यदि हम गोल्डन टेम्पल की बात करें, तो जिस तरह से यहाँ की संस्थाओं ने काम किया है, उससे वहाँ पर टूरिज्म में पाँच गुना वृद्धि हुई है। आज अमृतसर की अर्थव्यवस्था खड़ी है, वहाँ कोई इंडस्ट्री नहीं है। गोल्डन टेम्पल और वाघा बॉर्डर के कारण लोग वहाँ जाते हैं। अमृतसर का जो खाना है, उस व्यंजन को भी दुनिया भर में प्रसिद्ध किया गया है क्योंकि वहाँ का खाना कहीं और नहीं मिल पाता है। बिहार का लिट्टी-चोखा हो, राजस्थान का दाल-बाटी चूरमा हो, साउथ इंडिया की डिशेज़- इडली, डोसा से लेकर बाकी व्यंजन हों, क्या हम लोग इन सबको लेकर एक अट्रैक्शन का केन्द्र खड़ा कर सकते हैं?

Can there be food festivals around the country so that tourists coming into the country know that in this month you will have food festival here, you will have film festival here, and you will have music festival here?

हम म्यूज़िक फेस्टिवल, फूड फेस्टिवल आदि आयोजित करें ताकि उनमें आसपास की अलग-अलग संस्कृतियों को, अलग-अलग व्यंजनों को दिखाने का अवसर मिले। मैं सदन के माननीय सदस्यों से पूछता हूँ कि नॉर्थ-ईस्ट के कितने राज्यों में आपको जाने का मौका मिला है?

सभापति जी, क्या आप नॉर्थ-ईस्ट के सभी 'सेवन सिस्टर्स' राज्यों में चले गये हैं? हिन्दुस्तान के कितने युवा नॉर्थ-ईस्ट के मणिपुर, मेघालय, नागालैंड, मिजोरम और बाकी राज्यों में गये होंगे? नेशनल इंटिग्रेशन का यह एक बहुत बड़ा प्रयास हो सकता है।

मैंने इसकी शुरुआत की है। मैंने अपने संसदीय क्षेत्र के मेधावी छात्रों, जो दसवीं और बारहवीं कक्षा में पहले सौ स्थानों पर आये थे, को मौका दिया। मैंने 'सांसद भारत दर्शन' योजना शुरू की। हवाई जहाज के द्वारा उनको बैंगलोर, पुणे, मुम्बई और हैदराबाद की यात्रा करायी। वे लोग इसरो सैटेलाइट सेन्टर देखने गये, स्टेडियम्स देखने गये। उनको भारत के उपराष्ट्रपति जी ने अपने घर पर बुलाकर नाश्ता कराया, उनसे वार्तालाप किया। वे राष्ट्रपति भवन भी गये। मोहम्मद अजहरुद्दीन और बृजेश पटेल जैसे खिलाड़ियों ने उनके साथ एक-एक घंटा बिताया, बैंगलोर और हैदराबाद के स्टेडियम्स दिखाये। उनको टेक्नोलॉजी समिट में प्रोडक्ट लांच करने से लेकर विभिन्न कम्पनियों से मिलने का अवसर मिला। चेतन भगत जैसे राइटर ने हमारे हिमाचल प्रदेश के बच्चों को अपने घर बुलाया और अपनी माता जी द्वारा बनाया गया भोजन खिलाया, ऑटोग्राफ दिया और उनको अपनी किताबें भी दीं। इससे उन बच्चों को एक्सपोज़र भी मिला, बाकी राज्यों की संस्कृति और वहाँ के स्थलों को देखने का अवसर भी मिला। जब वे वापस जाएंगे, तो उनकी बातें सुनकर हिमाचल प्रदेश के न जाने कितने और लोग अलग-अलग राज्यों में जाना चाहेंगे।

'सांसद भारत दर्शन' के तहत यात्रा पर जाने से पहले मैंने उन बच्चों से पूछा कि हिमाचल प्रदेश के 12 जिलों में कितने बच्चों ने सभी जिले देखे हैं? एक बच्चे ने भी हाथ खड़ा नहीं किया।

मैंने कहा, छ: जिले किसने देखे हैं, तो दो बच्चों ने हाथ खड़े किये। तीन जिले देखने वाले दो सौ बच्चों में से केवल चार या पाँच बच्चे थे।

अगर हम अपना प्रदेश भी नहीं देख पाते हैं, तो पूरे देश को देखना तो बड़ी दूर की बात है। महात्मा गांधी जी भी देश को तब समझ पाए, जब उन्होंने ट्रेन में बैठकर देश भर का भ्रमण किया और तब वे इस देश की लड़ाई लड़ पाये।

माननीय मंत्री जी, मेरा अनुरोध है, जैसा कि श्री निशिकांत जी ने कहा कि पाँच हजार करोड़ रुपये की व्यवस्था की जाए, तो आप कारपोरेट हाउसेज से बात कीजिए, भारत सरकार से बात कीजिए, यूथ, स्पोर्ट्स और एचआरडी मंत्रालय से भी बात कीजिए।

(1720/PC/SM)

आप इन तीनों से बात कीजिए। अगर हम इस देश के नौजवान को अपना देश दिखाने का कार्यक्रम नहीं शुरू कर पाएंगे, तो एक बहुत बड़ी कमी हमारे युवाओं के विकास में रह जाएगी। इसलिए, मैं निशिकान्त जी का धन्यवाद करता हूं। टूरिज़्म कॉर्पोरेशन के माध्यम से हम न केवल पयर्टन को बढ़ावा देंगे, हम आज की पीढ़ी और आने वाले पीढ़ियों को भारत दर्शन कराने का काम शुरू करेंगे। हम आने वाले भारत को नई बुलंदियों पर ले जाने का काम करेंगे। मेरे 'सांसद भारत दर्शन' के बाद कैनेडा इंडिया फाउंडेशन ने हमारे साथ एग्रीमेंट किया। वे इस साल आठ बच्चों को कैनेडा बुला रहे हैं। अगले कुछ दिनों में हमारे साथ ऑस्ट्रेलिया, दुबई और अबू धाबी के लोग भी टाई-अप्स कर रहे हैं। मेरे हिमाचल प्रदेश के बच्चों को वे अपने देशों में बुलाकर दिखाने के लिए तैयार हैं।

सभापति जी, अगर दुनिया के देशों में बैठे भारतीय हिमाचल प्रदेश के बच्चों को 'सांसद भारत दर्शन' से जोड़कर आज 'सांसद विश्व दर्शन' बनाने का काम कर रहे हैं, तो मेरा पयर्टन मंत्री जी से अनुरोध है कि वे भी इसे करें। हमारे विदेश राज्य मंत्री माननीय वी. के. सिंह जी यहां बैठे हैं। मैं आपसे भी अनुरोध करता हूं कि हमारे यहां के बच्चों को विश्व दर्शन और भारत दर्शन के लिए ये प्रयास करना चाहिए। जहां-जहां हमारी फौज है, जहां-जहां उनकी यूनिट्स हैं, हमें वहां यह कार्यक्रम

करना चाहिए कि स्कूलों के बच्चों को हमारी सेना के अधिकारियों और सेना बल के लोगों से मिलने का अवसर भी अलग-अलग जगह देना चाहिए। हमारे सैनिक कैसे रहते हैं, कैसे जीते हैं, इससे उनके अंदर सेना के प्रति भी एक अलग भाव बनेगा।

सभापति जी, मैं केरल की बात करना चाहता हूं। केरल में लोग बैकवाटर्स देखने आते हैं, वहां की बोट्स पर रहना पसंद करते हैं, वहां की बोट-रेस को देखना पसंद करते हैं। सभापति जी, यही नहीं, केरल के आयुर्वेद ने, वहां की थैरेपी ने आज दुनिया भर में अपनी एक जगह बनाई है। लोग वहां पर रिलैक्सेशन के साथ-साथ अपनी हैल्थ की ट्रीटमेंट के लिए भी आते हैं। इसलिए हम इसको देश के बाकी राज्यों में कैसे लागू कर सकते हैं? मान लीजिए कोई राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड या जम्मू कश्मीर गया, तो वह केरल की आयुर्वेद मसाज को वहां कैसे पा सकता है, इसकी ओर हमें प्रयास करने चाहिए। हम वैलनेस सेंटर्स की बात करते हैं। मोदी जी ने योगा - युनाइटेड नेशंस में - दुनिया भर के लिए 21 जून को योगा दिवस के रूप में मंजूर कराया। आज हिन्दुस्तान के हज़ारों लोगों को रोज़गार मिल रहा है। आप दुनिया भर के एयरपोर्ट्स पर जाइए, मॉल्स में जाइए, वहां पर योगा रूम्स मिलेंगे - जैसे स्मोकिंग के लिए अलग चेंबर बना होता है, आज योगा रूम्स हर जगह बने हैं। भारत के कितने एयरपोर्ट्स पर योगा रूम्स हैं? भारत के कितने मॉल्स में योगा रूम्स हैं? भारत के कितने मंदिरों में योगा रूम्स हैं? हमें यह भी करना चाहिए - योगा को और बढ़ावा देने के लिए और वैलनेस - मैडिटेशन स्पा को भी बढ़ावा देने के लिए और इसके माध्यम से जितने लोगों को रोज़गार मिल सकता है, उस ओर भी हमें प्रयास करना चाहिए।

सभापति जी, मेरे यहां हिमाचल प्रदेश में शेफर्ड्स को गद्दी कहते हैं, जो अपनी भेड़-बकरियों को लेकर पूरे पहाड़ों में घूमते हैं। उनकी ऊन को काटकर उससे कंबल बनता है, शॉल बनती है और ऐसी ट्वीड भी बनती है। यह हिमाचल की ट्वीड है। हमने हैरिस ट्वीड - स्कॉटिश वूल तो सुनी थी। आप हिमाचल प्रदेश की ट्वीड को देखिए। अगर और अच्छा प्रयास कर के इसको डिज़ाइन किया जाए, तो ये दुनिया के किसी कपड़े को मात दे सकती है। हिमाचल प्रदेश में जो एप्पल ऑर्चर्ड्स हैं, हम वहां लोगों को और बच्चों को लेकर जाएं, कि सेब पैदा कैसे किया जाता है,

ओलावृष्टि से उसको बचाया कैसे जाता है, नैट कैसे लगता है, हिलस्ट्रॉम गन क्या होती है, ऑर्गैनिक फार्मिंग कैसे की जाती है, किसान का दर्द भी जानेंगे और बच्चों को पयर्टन करने का मौका भी मिलेगा और होम-स्टे योजना को हम बढ़ावा दे पाएंगे। जिन लोगों के पास घरों में दो-दो कमरे भी खाली हैं, वे दो-दो लोगों को ठहरा पाएंगे और घर का खाना भी खिलाएंगे।

सभापति जी, यही नहीं, फिल्म्स की बात निशिकान्त जी ने की है। मैं सरकार का आभार प्रकट करता हूं। मैं स्टैंडिंग कमेटी ऑन आई. टी. का चेयरमैन हूं, उसमें इंफॉर्मेशन एण्ड ब्रॉडकास्टिंग भी आता है। हमने फिल्म इंडस्ट्री के चैलेंजेंज़ को समझने का प्रयास किया, क्योंकि हिंदी के विस्तार का काम भी फिल्म इंडस्ट्री ने किया है, हिन्दुस्तान को जोड़ने का काम भी फिल्म इंडस्ट्री ने किया है। समाज में जो कुरीतियां हैं, उनको जागरुक करने का काम भी फिल्म इंडस्ट्री ने किया है। स्विट्ज़रलैंड को टूरिस्ट डैस्टिनेशन बनाने का काम भी फिल्म इंडस्ट्री ने किया। कुल्लू मनाली, शिमला और चंबा को भी टूरिस्ट डैस्टिनेशन बनाने का काम किसी ने किया, तो फिल्म इंडस्ट्री ने किया।

(1725/SPS/AK)

हिन्दुस्तान के अंदर सिंगल विण्डो क्लीयरेंस नहीं थी। मोदी सरकार ने आकर सिंगल विण्डो क्लीयरेंस दी है। सिनेमेटोग्राफी एक्ट में बदलाव करने के लिए पायरेसी को खत्म किया जाए, वह भी मोदी जी ने किया है। इसके लिए मैं उनका आभार प्रकट करता हूं। लेकिन बड़ा विषय यह आता है कि हम फिल्मों के माध्यम से हिन्दुस्तान को दुनिया में कैसे दिखाएं? आज जो एन.आर.आइज़. दुनिया भर में बैठे हैं, जो भारत की पिक्चरों को देख कर हजारों करोड़ रुपया भारत में आता है, क्या हम उनको टूरिस्ट के नाते भारत ला सकते हैं? क्या हम उनको आन्ध्र प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात या राजस्थान, मैं तो कहूंगा मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और गुजरात के, अगर हम उनको फॉरेस्ट रिज़र्व्स दिखा दें, वहां पर शेर, वाइल्डलाइफ दिखा दें, वहां के वाटरफॉल्स दिखा दें, जो नियाग्रा फॉल्स से भी सुंदर होंगे, लेकिन कनेक्टिविटी, मार्केटिंग नहीं है। निहाल चंद जी के रेगिस्तान के सेण्ड ड्यूंस में अगर स्कूटर चला दें तो वहां पर

जो देखने को मिलेगा, लोग दुबई में जाकर करते हैं, वह यहां पर भी हो सकता है। हजारों लोगों के लिए रोजगार मिल सकता है। क्या इस दिशा में हमारी सरकार या कोई भी सरकार आगे काम करने के लिए तैयार है? मेरा निवेदन माननीय मंत्री जी से रहेगा। हमारे पास वर्षों से विश्व गुरू हैं, धर्म गुरू हैं। वैसे अगर निशिकान्त जी का प्रवचन हो जाए तो वैसे ही लाखों लोग इकट्ठे हो जाएं, क्योंकि जितने विस्तार से आपने इस देश की संस्कृति के बारे बताया, वह अपने आप में अद्भुत है।

HON. CHAIRPERSON (DR. P. VENUGOPAL): Shri Anurag Singh Thakur, please conclude now. I have a long list of hon. Members who have to speak on this issue.

… (*Interruptions*)

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर):** सभापति जी, हाउस लम्बा, 7 बजे तक चल सकता है। यह आखिरी सेशन है। मेरा आपसे निवेदन है, यह प्राईवेट मेम्बर बिल है, इसमें समय सीमा तय मत कीजिए। मैं यह कहना चाहता हूं कि 14वीं, 15वीं और 16वीं लोक सभा, तीनों लोक सभा में मैंने किसी सदस्य को भारतीय संस्कृति के बारे में और टूरिज्म के क्षेत्र में इतने विस्तार से बात करते हुए नहीं देखा, जैसे निशिकान्त जी आपने की है। मुझे लगता है कि हमें ऐसे और सदस्य सदन में चाहिए, ताकि वे बार-बार हमें जागरूक कर सकें। दुनिया भर में म्युजिक के फेस्टिवल होते हैं। लाखों लोग कोई ट्रांस म्यूजिक फेस्टिवल के नाम से, कोई किसी और के नाम से वहां पर जाते हैं। गोवा में भी इकट्ठे होते हैं, लेकिन जो हमारी संस्कृति है, जैसे लगातार हम भरतनाट्यम की बात करते हैं, संगीत से लेकर हम बाकी नृत्यों की बात करते हैं। क्या हम उनको भी कहीं टूरिज्म के साथ जोड़ सकते हैं? जब हम इनक्रैडिबल इण्डिया का प्रमोशन करते हैं तो क्या हम इनको भी साथ में लेकर वह कर सकते हैं। सभापति जी, मेरा आपसे निवेदन है कि हमें यह इसलिए भी करना जरूरी है, जहां दुनिया भर के देश आज मैरीजुआना वगैरह को लीगलाइज करके टूरिज्म को अट्रैक्ट करते हैं। अमेरिका से लेकर, कैरीबियन आइलैण्ड से लेकर, अब तो कनाडा से लेकर बाकी यूरोप के देश भी कर रहे हैं। उनको लगता है कि जो इल्लिगल ट्रेड होता है, उसके कारण बहुत सारे

आतंकवाद की गतिविधियां भी बढ़ती हैं और इकॉनोमी में से पैसा भी जाता है। लोगों ने उसको लीगलाइज करने का काम किया है, उसके मेडिकल बेनिफिट्स पर देखने का काम किया है। दुनिया भर के देश नए-नए तरीके टूरिज्म को प्रमोट करने लिए ढूंढ रहे हैं। हमारे पास तो दिखाने के लिए यहां पर इतना कुछ पहले से ही है। हम उसका भी विस्तार नहीं कर पा रहे हैं, उसका उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। मैं एक छोटा सा उदाहरण देता हूं, जैसे स्पोर्ट्स। स्पोर्ट्स में हमने आई.पी.एल. शुरू किया। क्या आपको कल्पना है कि इससे कितना रोज़गार उत्पन्न होता है? क्या आपको कल्पना है कि इससे कितने लोग विदेशों से भारत में मैच देखने आते हैं, इससे कितने लोगों के लिए उन दो महीने के अंदर रोजगार-स्वरोजगार के अवसर मिलते हैं, उसके माध्यम से हम कितने और स्थानीय स्थलों को दिखाने का अवसर प्रदान करते हैं? यह एक बहुत बड़ा अवसर हमारे पास है। मुझे लगता है कि इसके माध्यम से हम बहुत कुछ कर सकते हैं। अगर हम अमेरिका की बात करें...।

HON. CHAIRPERSON (DR. P. VENUGOPAL): Shri Anurag Singh Thakur, please conclude now.

… (*Interruptions*)

SHRI ANURAG SINGH THAKUR (HAMIRPUR): Sir, please give me 15 minutes more to speak.

HON. CHAIRPERSON: No, you have already taken about 25 minutes to speak.

SHRI ANURAG SINGH THAKUR (HAMIRPUR): No, Sir. I have just started, and I have taken only 15 minutes or so to speak.

HON. CHAIRPERSON: Other hon. Members are also eagerly waiting to express their views on this issue.

SHRI ANURAG SINGH THAKUR (HAMIRPUR): Sir, I will wait for them also till 7 o'clock.

(1730/MM/SPR)

Other issue is, what are the possibilities? हमारे पास बहुत सारे अवसर हैं। जब निशिकांत जी बोल रहे थे, मैं बैठे-बैठे लिख रहा था। माननीय मंत्री जी, मेरे मन में बात थी कि हम दुनियाभर को सॉफ्टवेयर देते हैं। हमने आईटी के क्षेत्र में बड़े-बड़े कदम उठाए हैं। लेकिन ऐसा क्यों नहीं है कि विदेश से जब कोई व्यक्ति आए तो हवाई जहाज, रेल, बस, टैक्सी या कोई भी साधन हो, उसके एक बारकोड स्कैन से उसको हर जगह एंट्री मिल जाए। यह कोई बहुत बड़ी बात नहीं है। हमें इसको प्राथमिकता के साथ करना चाहिए। हमें इससे बहुत ज्यादा लाभ मिलेगा। टेक्नोलॉजी से भी हो सकता है और बारकोड स्कैन करके भी हो सकता है। गॉल्फ खेलने के लिए जापान और दुनियाभर से लोग अमेरिका जाते हैं, क्या हिन्दुस्तान उसका एक बड़ा हब हो सकता है?

अक्षरधाम जैसे टेम्पल या अन्य टेम्पल्स हैं, जो आज दुनिया में आकर्षण का केन्द्र हैं। यूएस के एम्बेसडर वहां गए थे। उन्होंने बताया कि उनका वहां कैसा अनुभव रहा। क्या आप ऐसा ही सभी एम्बेसडर्स का दौरा वहां करवा सकते हैं ताकि वे ट्विटर पर डालें? आप उनके साथ अक्षरधाम जाइए, ताज महल देखने जाइए, उनको अलग-अलग जगह दिखाने के लिए आपके अधिकारी जाएं, राज्य के मंत्री जाएं। क्या हम साइक्लिंग ट्रैक बना सकते हैं? दुनिया भर के लोग आज हेल्थ कॉन्श्यस हो गए हैं। हिन्दुस्तान के युवाओं को शहरों में साइक्लिंग करने का अवसर नहीं मिलता है। हमारे पहाड़ों पर लोग ट्रैकिंग के लिए आते हैं और ट्रैकिंग करते समय उनकी मृत्यु हो जाती है तो क्या हम सैटेलाइट से उनकी ट्रैकिंग का कोई सिस्टम बना सकते हैं, ताकि किसी व्यक्ति की मृत्यु न हो। अडवेंचर स्पोर्ट्स चाहे वॉटर के हों या जंगल के हों या रेगिस्तान के हों, इन क्षेत्रों में हम कितना रोजगार उत्पन्न कर सकते हैं? क्या इस पर आपके डिपार्टमेंट ने कभी कोई सर्वे किया है? सर, इस देश का दुर्भाग्य है कि जब हम स्पोर्ट्स की बात करते हैं तो स्पोर्ट्स मंत्रालय को पता नहीं होता है कि किस जिले में क्या इंफ्रास्ट्रक्चर है, कितने खिलाड़ी वहां खेलने वाले हैं और कितने कोच उपलब्ध हैं? यदि टूरिज्म डिपार्टमेंट की बात करें तो उन्हें पता नहीं होता है कि कितने टूरिस्ट गाइड हैं, कितने टूरिस्ट डेस्टिनेशन हैं और कितनी हमारे पास कनैक्टिविटी से लेकर बाकी

सुविधाएं हैं? जब तक हमारे पास आंकड़े नहीं होंगे, हम इस दिशा में काम नहीं कर पाएंगे और मुझे लगता है कि हमें उस दिशा में काम करने की आवश्यकता है। मुझे जेनेवा में बार-बार जाना पड़ता है, मुझे ब्रसेल्स डब्ल्यूटीओ की मीटिंग अटेंड करने, इंटर-पार्लियामेंटरी यूनियन की मीटिंग अटेंड करने के लिए जाना पड़ता है। वहां लेक के किनारे दौड़ने के लिए ट्रैक बनाया हुआ है, कोई आइसक्रीम बेच रहा है, कोई ओल्ड विलेज अपनी हेरिटेज दिखाने की बात कर रहा है। मैं गुजरात के चुनाव में पोरबंदर गया। पोरबंदर की जितनी हेरिटेज बिल्डिंग्स हैं, उनको रीयल एस्टेट डेवलपर्स तोड़ रहे हैं। राज्य और देश की सरकार उस पर क्या कार्रवाई कर रही है?

चम्बा में चौगान के सामने पुरानी हेरिटेज बिल्डिंग्स हैं। लोग उनको तोड़ रहे हैं, क्योंकि सरकार की ओर से कोई फण्ड अवलेबल नहीं है। मेरे चम्बा का रूमाल दुनिया भर में जाना जाता था, मेरे हिमाचल की ज्वैलरी दुनिया भर में जानी जाती थी, मेरे हिमाचल के शोभा सिंह की पेंटिंग दुनिया भर में जानी जाती थी, आज वह सब कहां है? रोड्रिग्स आर्ट गेलरी, वहां रशिया के बहुत बड़े पेंटर आकर रहे। वह सब कहां पर है? हमने न उनको बचाने का प्रयास किया है और न ही बढ़ाने का प्रयास किया है। क्या इंडिया-रशिया कल्चर सेंटर मिलकर रोड्रिग्स आर्ट गेलरी पर काम कर सकते हैं? क्या शोभा सिंह की पेंटिंग्स को रिवाइव करने पर हम काम कर सकते हैं? क्या चम्बा रूमाल पर हम कोई काम कर सकते हैं? अगर कर सकते हैं तो मैं चाहूंगा कि जो लोकल आर्टिजन्स हैं, उनके लिए हमें काम करना चाहिए। लोकल ज्वैलरी में आप देखिए कि आज लोग पुरानी तरह के कपड़े पहनते हैं। यदि किसी के घर में शादी होती है तो आज की दुल्हन अपनी ग्रैंड मदर की साड़ी निकालकर पहनती है। किसी बड़े डिज़ाइनर के पास नहीं जाती है, केवल उसका बॉर्डर चैंज करवाती है। अपनी दादी की ज्वैलरी पहनती है। क्या हम इस सबको खत्म होने देंगे? मेरा आपसे अनुरोध है कि हम दुनिया भर को अपना यह पक्ष भी दिखा सकते हैं और अगर हम आर्टिजन्स से बायबैक गारंटी के लिए एक फण्ड क्रिएट करें तो आप देखेंगे कि गांवों में रोजगार और स्वरोजगार के बहुत सारे अवसर बन पाएंगे।

(1735/SJN/UB)

हिमाचल की टोपी एक पैटर्न से बनती है, दो पैटर्न से बनती है। भूट्टिको ने उस पर बहुत काम किया है। क्या टूरिज्म मंत्रालय और कल्चरल मंत्रालय मिलकर शाल का डिजाइन चेंज कर सकते हैं। मैंने यह जो पट्टी पहन रखी है, इसके और किस तरह के डिजाइन बनाए जा सकते हैं, वह आप बता सकते हैं। We could be a big export hub. केवल टूरिस्ट या देश के अंदर बेचने के लिए ही नहीं, टूरिज्म को भी बढ़ावा मिलेगा और हम उसको आगे कर पाएंगे। हमारे जो गद्दी हैं, जो बेचारे भेड़-बकरी लेकर सारी जगहों पर जाते हैं, उनको भी पहले से ज्यादा पैसा मिल पाएगा।

सभापति जी, यही नहीं, निशिकान्त जी ने बहुत विस्तार में और बहुत अच्छी-अच्छी बातें कहीं हैं। एक बात उन्होंने कही है कि अंग्रेजों ने बहुत बड़ा इन्फ्रास्ट्रक्चर बना दिया था, लेकिन उसके बाद कांग्रेस ने आकर बेड़ा गर्क कर दिया। मैं इनसे बिल्कुल सहमत हूं। आप देखिए कि जब बड़ी-बड़ी मशीनें नहीं थीं, तब भी कालका से शिमला रेलवे लाइन अगर किसी ने बनाई है, तो वह अंग्रेजों ने बनाई है। पठानकोट से जोगिन्दर नगर की नैरो गेज रेलवे लाइन किसी ने बनाई है, जोगिन्दर नगर जो मेरा ससुराल है, वहां पर भी उसे अंग्रेजों ने बनाया है। बरोट में एक सीधी ट्राली चढ़ती है, रेल की तरह, एक रेल ट्रैक बना हुआ है। हिन्दुस्तान में 70 सालों के बाद भी उसे कोई नहीं बना पाया है।

मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि क्या इस नेरो गेज रेलवे लाइन पर हम कोई ऐसी ट्रेन चला सकते हैं, जो हाईएंड हो, जो आम आदमी के लिए अलग चलाई जा सके, ज्यादा रेवन्यू जेनरेट किया जा सके। उसमें एक अलग अट्रैक्शन हो। मान लीजिए कि अंदर ही आप लोकल डांसर्स को, लोकल फोक सिंगर्स को करें, तो उनको भी वहां पर रोजगार मिल सकता है। जालंधर में एक व्यक्ति है, उसने हवेली के नाम से एक रेस्टोरेंट शुरू किया है। उसने पंजाब के कल्चर को वहां लाकर खड़ा कर दिया है। वहां पर रोज नए-नए आर्टिस्ट और डांसर्स आते हैं। उनको भी रोजगार मिलता है और पंजाब का खाना भी वहां पर मिलता है। चोखी ढाणी धानी जयपुर के बार्डर पर है। क्या हम ऐसी जगहों के लिए और ज्यादा कर सकते हैं।

दूसरा, इन्फार्मेशन टेक्नोलाजी के जमाने में, डिजिटल एज में सोशल मीडिया में आप अपने हैंडल का एक बार आकलन करिए। हम कितने फॉरेन टूरिस्ट को उस पर अट्रैक्ट कर पा रहे हैं? आप कितनी बार ट्रेन्ड करते हैं, कुछ ऐसी चीज दिखाकर जो आकर्षण का बड़ा केन्द्र हो।

महोदय, यही नहीं, अंडमान-निकोबार की बात किए बिना, मैं रह नहीं पाऊंगा। गोवा में तो टूरिस्ट आते हैं। 14 लाख की आबादी में भी वहां पर...(व्यवधान) गोवा में 14 लाख की आबादी होगी या नहीं होगी, कम होगी।...(व्यवधान) गोवा में उससे कई गुना ज्यादा टूरिस्ट आते हैं। अंडमान-निकोबार में ट्राईब्स हैं, फारेस्ट हैं, बीचेस हैं। One of the most pristine beaches in the world are there. हमारे पास वहां पर जो कोरल्स हैं, जो वहां की 'सी' लाईफ है, उसको देखने के लिए हम दुनिया भर के लोगों को ला सकते हैं। वहां क्रोकोडाइल पार्क है। वहां पर स्कूबा डाइविंग्स हैं, वहां नीचे ट्रेनिंग स्कूल्स खड़े किए जाएं। काम्पिटिशन क्रिएट करवाए जाएं। अगर आप अंडमान-निकोबार को एक हब बना दें कि जो फ्लाइट्स यूरोप से उड़ती हैं, वे वहां पर लैंड होकर जापान जाएंगी, आस्ट्रेलिया जाएंगी और बाकी जगहों पर जाएंगी। वहां 95 प्रतिशत रिजर्व फारेस्ट रखिए और जो बाकी 5 प्रतिशत है, वहां पर आप हजारों करोड़ रुपये साल का इस देश के रेवन्यू के लिए इक्ट्ठा कर सकते हैं। सिंगापुर से भी बड़ी इकोनामी हम वहां से खड़ी कर सकते हैं, जहां पर आज तक कोई काम पहले नहीं हुआ है।

वहां पर हम रिज़ॉर्ट्स बनाने की बात करें, कसीनो से लेकर। आज वीर सावरकर की बात शिवसेना के मेरे एक भाई ने की है। सेलुलर जेल की बात की है, वहां पर भी लाईट एंड साउंड शो हमने शुरू किया, किसी और ने नहीं किया है। हमने वहां की फ्लाइट्स भी बढ़ाई हैं। डिगलीपुर में कोई फ्लाइट नहीं जाती थी। हमारी सरकार में डिगलीपुर के लिए फ्लाइट शुरू करने के लिए मैंने वहां पर बात की। हमारे वहां के जो साथी और जो पार्टी के लोग आए, उनके कहने पर और हमारे सांसद विष्णु पद राय जी के कहने पर की है। यही नहीं, यह कहने के लिए छोटी बातें लगती हैं। मैं पहाड़ी राज्य से आता हूं, ट्रांस हिमालयन रीजन देखिए। जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और नार्थ ईस्ट के राज्यों में एक जैसी संस्कृति है। हॉर्नबिल फेस्टिवल आप वहां पर देखिए या

हमारे हिमाचल या उत्तराखंड या जम्मू-कश्मीर का देखिए। वहां के फेस्टिवल, लद्दाख और लेह का, आडवाणी जी बहुत बार वहां पर जाते थे।

(1740/BKS/SNT)

आप सिंधु वैली को ही लीजिए। हमारे क्षेत्रों को देखने के लिए कई-कई घंटे सफर करना पड़ता था। श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी ने टनल बनाने का काम शुरू किया, जो हमारी फौज की भी बहुत मदद करेगा। यहां जनरल वी.के.सिंह साहब बैठे हैं। उस टनल से हम मनाली से लेह-लद्दाख और लाहौल-स्पीति को जोड़ेंगे।

HON. CHAIRPERSON (DR. P. VENUGOPAL): Please try to conclude.

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर):** उससे एक नई घाटी खुल जाएगी, एक नई दुनिया खुल जायेगी। उसे अटल जी ने शुरू किया था और मोदी जी उसका उद्घाटन करने वाले हैं। अटल जी ने कश्मीर के लिए रेलवे लाइन शुरू की, मोदी जी ने उसकी शुरुआत की।

मैं अंत में इतना कहूंगा, क्योंकि मेरे बाकी साथियों ने भी बोलना है। मैं आपकी बात मान रहा हूं, हालांकि अभी मेरे पास 25-30 कागज और हैं, लेकिन मैं उनमें नहीं जाऊंगा। मैं केवल इतना कहूंगा कि मेरे अपने साथियों को भी बोलना है, मैं चाहता हूं कि वे भी अपने-अपने राज्यों की बातें बोलें। गुजरात के शेर जो वहां पर दिखते हैं, क्या हम उन्हें दुनिया को नहीं दिखा सकते? क्या राजस्थान के डेजर्ट से लेकर हवेली और बाकी सब नहीं दिखा सकते? हमें एक प्रयास सच्चे दिल से करना चाहिए और हमें इसके लिए कारपोरेट को आगे लाना चाहिए। आज शेखर गुप्ता जी ने एक ट्वीट किया था कि जिस तरह से आपने दिल्ली-मुम्बई में कुछ जगहों को कारपोरेट सोशल रिस्पांसिबिली में खड़ा किया, म्यूजियम तैयार किये तो आप बाकी जगहों पर भी इसे करके दिखाइए।

मैं केवल इतना अनुरोध करना चाहूंगा कि निशिकांत जी जो बिल लाये हैं, आप इसे प्राइवेट मैम्बर बिल तक सीमित मत रहने दीजिए। 130 करोड़ के भारत में जो अपार संभावनाएं हैं, जो भारत की संस्कृति है, जो भारत का प्राकृतिक सौंदर्य है, जो हमारे रिलीजियस डेस्टिनेशंस हैं, जो

हमारे एडवेंचर स्पोर्टेस के लिए एक्टिविटीज के अलग-अलग केन्द्र हो सकते हैं, उनसे करोड़ों लोगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न हो सकते हैं। इस बिल के माध्यम से एक नई दिशा देने का जो काम निशिकान्त दुबे जी ने किया है, मैं इसके लिए उनका कोटि-कोटि धन्यवाद करना चाहता हूं। निशिकान्त जी ने केवल इस सदन में ही नहीं, मुझे पता है आपने जो बहुमूल्य सुझाव दिए हैं और मेरे बाकी साथी अपने-अपने सुझाव यहां देने वाले हैं, उनमें जुगल किशोर जी, श्री पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल, श्री अर्जुन सिंह मेघवाल, श्री भैरों प्रसाद मिश्र तथा साहू जी यहां बैठे हैं। यद्यपि ये पहली बार चुनकर आए हुए सांसद हैं, लेकिन लगातार यहां पर रहते हैं, लगातार बोलते भी हैं। इसलिए मैं इनका बहुत स्वागत करता हूं।

सर, आप देखिये, जब इन सबके सुझाव आएँगे, कोणार्क टैम्पल, पुरी के बीच से लेकर हमारे ट्राइबल क्षेत्र जहां कोई जाता नहीं, मणिपुर के इम्फाल से लेकर हिमाचल प्रदेश के चम्बा, डलहौजी, धर्मशाला तक सब स्थलों को लीजिए। निशिकान्त जी ने बहुत उदार हृदय से मेरे स्टेडियम के बारे में कहा। मैं केवल इतना कहूंगा कि तब मैं केवल 27 वर्ष का था, जब मैंने वह स्टेडियम बनवाया। मुझे लोग कहते थे कि यह थोड़ा दीवाना सा है, जेब में पैसा नहीं स्टेडियम कहां से बनेगा। लेकिन जहां पर जुनून हो, जहां इच्छाशक्ति हो, वहां सब संभव होता है। जहां चाह, वहां राह। आप चाह रखिये, राह अपने आप बनती जाएगी। यह पूरा सदन मंत्री जी आपके साथ खड़ा है। आप इस बिल को पूरे दिल के साथ अपनाइये। हम इस भारत में करोड़ों लोगों के लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न करेंगे। मेरा हिमाचल भी पर्यटन की दृष्टि से कई गुना आगे बढ़ेगा। निशिकान्त जी, झारखंड में देवघर आपने दिखाया, आप मुझे वहां लेकर गए। हम जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ यात्रा पर गए।

HON. CHAIRPERSON: Shri Jugal Kishore*ji* is there to speak about Jammu & Kashmir.

**श्री अनुराग सिंह ठाकुर (हमीरपुर):** देवघर से लेकर अमरनाथ यात्रा तक गए। हमारे इंदौर में या बाकी अन्य स्थान हों, इनमें अपार संभावनाएं हैं। मेरा आपके माध्यम से यह निवेदन है कि टूरिज्म

को अनदेखा नहीं करना चाहिए। टूरिज्म कारपोरेशन ऑफ इंडिया में जो कोर्पस फंड 5 हजार करोड़ रुपये बनाने की बात कही गई है, उसे पूरा करना चाहिए और टूरिज्म को प्रायोरिटी लिस्ट में लाकर खड़ा करना चाहिए। इस टूरिज्म मंत्रालय के लिए आप अपना मन छोटा मत करिए कि आपको छोटा मंत्रालय दिया गया। यह इतना बड़ा मंत्रालय है, जिससे आप करोड़ों लोगों को भला कर सकते हो तथा भारत को आगे ले जा सकते हो।

महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभार प्रकट करता हूं और निशिकान्त दुबे जी का बहुत-बहुत धन्यवाद करता हूं। जय भारत।

(इति)

1744 बजे

**श्री भैरों प्रसाद मिश्र (बांदा):** सभापति महोदय, आज माननीय निशिकान्त दुबे जी ने देश में पर्यटन का संवर्धन और विकास करने के लिए भारतीय पर्यटन संवर्धन निगम की स्थापना करने का जो विधेयक पेश किया है, मैं उसके समर्थन में बोलने के लिए खड़ा हुआ हूं। मैं बधाई देना चाहता हूं कि उन्होंने ऐसे महत्वपूर्ण विषय पर विधयेक लाने का काम किया है।

(1745/GG/GM)

उन्होंने विस्तृत रूप से बातें रखने का काम किया है। मैं उन सब बातों से अपने को जोड़ता हूँ। अभी हमारे माननीय अनुराग ठाकुर जी ने भी विषय रखा है, मैं उन विषयों से भी अपने का संबद्ध करता हूँ और उस विषय पर मैं बहुत ज्यादा नहीं जाऊंगा। मैं समझता हूँ कि थोड़ा समय कम है तो मैं अपने क्षेत्र संबंधित बोलूंगा। मैं उत्तर प्रदेश के बुंदेलखण्ड क्षेत्र से आता हूँ। उत्तर प्रदेश में हमारा जो चित्रकूट धाम है, वह पर्यटन के क्षेत्र में, जब से उत्तराखण्ड उत्तर प्रदेश से अलग हुआ है, तब से उसको चाहे हिल स्टेशन कह लीजिए, चाहे धार्मिक पर्यटन स्थल कह लीजिए या पौराणिक स्थल कह लीजिए, वह बहुत ही महत्वपूर्ण स्थान है। जहां पर देश विदेश से प्रतिदिन हजारों यात्री आते हैं और अमावस्या के दिन तो इतना बड़ा मेला लगता है कि जिसमें लाखों लोग आते हैं।

जैसा माननीय निशिकांत जी कह रहे थे कि देवघर में श्रावणी के समय करोड़ों लोग आते हैं, पूरे महीने भर मेला चलता है। वैसे ही चित्रकूट में दीपावली का जब मेला चलता है, एक हफ्ते का होता है तो वहां पर लाखों लोग पूरे सात दिन तक आते हैं और बहुत बड़ा मेला प्रतिवर्ष लगता है। मैं ऐसे चित्रकूट क्षेत्र के विषय को बताना चाहता हूँ। आज वहां पर जो कामदगिरि पर्वत है, वहां के लोग उसके चारों तरफ परिक्रमा देते हैं, जैसे मथुरा में, वृंदावन में पंचकोसी परिक्रमा की जाती है, ऐसे ही चित्रकूट में भी कामदगिरि पर्वत की परिक्रमा दी जाती है। वह बहुत पवित्र माना जाता है और उसको ले कर कहा जाता है कि "कामदगिरि भए राम प्रसादा, अवलोकत भरत बिसादा।" गोस्वामी तुलसीदास जी की चौपाइयों में कहा गया है कि कामदगिरि के पर्वत को देखने मात्र से ही विषाद दूर हो जाते हैं। इसीलिए वहां पर लोग हज़ारों की संख्या में आते हैं। मान्यवर, वहां पर रामघाट है,

जहां पर गोस्वामी तुलसीदास जी ने रामायण की रचना की थी। भगवान राम भी रामघाट पर आए थे और वहां पर कहा गया है कि

"चित्रकूट के घाट पर भई संतन की भीड़,
तुलसीदास चंदन घिसे, तिलक देत रघुवीर।"

उस समय भगवान राम भी तिलक दे कर, वहां पर रूप धर कर आए थे। वहां पर मदगंजन स्वामी का मंदिर है, जिस पर शंकर जी की बहुत बड़ी पीठ मानी जाती है। मान्यवर, ऐसा पवित्र स्थान चित्रकूट धाम है। वहीं पर पवित्र मंदाकिनी नदी निकलती है, जिसको कहा जाए, जो माँ अनुसुइया का आश्रम है और वहां भगवान अत्री जी हैं, जो महेश अत्री हैं, वहां पर ब्रह्मा, विष्णु और महेश भी बाल रूप में हैं, वहां पर माँ अनुसुइया ने बाल रूप में उनकी सेवा करने का काम किया था। वहां तब से मंदाकिनी नदी निकलती है, जिसको गंगा के समान पवित्र माना जाता है। मैं केन्द्र सरकार का आभारी हूँ कि उन्होंने मंदाकिनी नदी को भी पवित्र नदी के रूप में, जैसे गंगा और यमुना को लिया है, वैसे मंदाकिनी नदी को भी पवित्र मान कर के उसको भी उसी सूची में शामिल किया है, जिसको वे संवर्धन करने का काम करेंगे।

मान्यवर, मैं आप सबसे कहना चाहता हूँ कि वहीं पर हनुमान धारा है। हनुमान धारा का बड़ा महत्व है। वहां पर कहा गया है जब लंका को वे अपनी पूछ से जला कर आए थे, तो वहीं हुनमान धारा में, उसी धारा में उनकी पूँछ ठण्डी हुई थी, उनकी ज्वाला शांत हुई थी। ऐसा स्थान हनुमान धारा है। वहीं पर हमारी गुप्त गोदावरी है, अगर उसको देखा जाए, गुप्त रूप से गोदावरी प्रकट होती हैं, फिर निकल कर पूरे मैदान पर जाती है। वहां पर जिस तरह से प्राकृतिक गुफाएं हैं, उनको देश-विदेश से लोग देखने आते हैं। वहां पर हमारे यहां स्फटिकशिला है, जहां कहा गया, रामायण में वृतांत आया है कि वहां पर काग ने चोंच मारी थी। वहां पर भगवान राम और सीता बैठ कर विहार कर रहे थे तो काग चोट मार कर भागा था। ऐसी स्फटिकशिला, पवित्र स्थान वहां पर है। चित्रकूट ऐसा स्थान है, जहां भगवान राम ने साढ़े 12 वर्ष अपने वनवास काल के बिताए थे, इसीलिए उसकी

महत्ता है। वहां पर एक लक्ष्मण पहाड़ी है। जहां पर रह कर वे भगवान राम की रक्षा करने का काम करते थे। वह लक्ष्मण पहाड़ी वहीं से कामदगिरी पर्वत के बगल से बनी हुई है।

(1750/KN/RK)

माननीय महेश शर्मा जी अभी आए थे, मैं उनका आभारी हूँ। पर्यटन मंत्रालय उनके पास था, आज उनके पास संस्कृति मंत्रालय है। उन्होंने रामायण सर्किट, जो अयोध्या से लेकर चित्रकूट तक पूरा रामायण, श्रृंगवेरपुर को, सब को बनाकर एक रामायण सर्किट बनाने का काम किया है, उसके लिए 125 करोड़ रुपये से ज़्यादा का धन देने का काम किया है, जिससे उनका विकास हो रहा है। मेरे संसदीय क्षेत्र में कालिजर का किला आता है, उन्होंने उसके संवर्धन के लिए 8 करोड़ रुपये दिए, इसके लिए मैं उनका आभारी हूँ। माननीय पर्यटन मंत्री जो यह कार्य देख रहे हैं, हमारे सामने बैठे हैं। मैं कहना चाहता हूँ कि उसका कोई शिलान्यास नहीं हुआ है। उस काम के लिए आठ करोड़ रुपया दिया गया था, उसका शुभारम्भ कराने की कृपा करें। मैं इसके लिए कई बार लिख चुका हूँ। आपके यहाँ से आठ करोड़ रुपये गया है, वह स्वीकृत है। विभाग के लोग उसका सर्वे करके देख आए हैं, वह काम क्यों नहीं शुरू हुआ है।

कालिंजर का किला बहुत ही महत्वपूर्ण है, जो पूरे देश-विदेश में जाना जाता है। उसके कार्यों का शुभारम्भ कराने का काम करें, जो रामायण सर्किट से संबंधित कार्य है। हमारे माननीय मुख्य मंत्री जी वहाँ गए थे, वहाँ पर कुछ चीज़ों का शुभारम्भ किया था, लेकिन रामायण सर्किट के अभी कार्य बाकी हैं। लक्ष्मण पहाड़ी पर रोप-वे बनकर तैयार है, वह शुभारम्भ के लिए इंतजार कर रहा है। यह वहाँ पर केन्द्र सरकार के पैसे से बना हुआ है। उस रोप-वे का भी शुभारम्भ करें, जिससे यात्रियों को लाभ हो सके। वहीं पर हमारा राजापुर है, जहाँ पर हस्तलिखित रामायण रखी है। राजापुर स्थान मेरे संसदीय क्षेत्र में आता है, जहाँ पर गोस्वामी तुलसीदास जी की हस्तलिखित रामायण की पांडुलिपि रखी हुई है, जिसको लोग देखने के लिए देश-विदेश से जाते हैं। उसके संवर्धन के लिए भी वहाँ पर कार्य हुआ है। एक वाल्मीकि आश्रम है जो वाल्मीकि जी के नाम पर है। आज अशोक सिंघल जी नहीं हैं। अशोक सिंघल जी उसका विस्तार करने के लिए प्रयासरत रहते थे। माननीय

पर्यटन मंत्री शर्मा जी और अशोक सिंघल जी ने, सब ने मिलकर उसकी एक योजना बनाने का काम किया था। वाल्मीकि आश्रम भी चित्रकूट जनपद में आता है। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे हैं, उसका कैसे विकास हो, इससे संबंधित योजना आपके यहाँ पड़ी हुई है, इसको करने का काम करें।

मैं नाना देशमुख जी का आभारी हूँ। भारत रत्न नाना देशमुख जी ने गोंडा के बाद चित्रकूट को गोद लेकर विकास करने का काम किया। अयोध्या धाम से लेकर उन्होंने तमाम चीज़ें वहाँ देने का काम किया है। स्वामी रामभद्राचार्य जी, जिनको भारत सरकार ने पद्म विभूषण से सम्मानित किया है, मैं इस अवसर पर उनको भी नमन करना चाहता हूँ कि जिन्होंने उसको केन्द्र बनाकर हमारे यहाँ तुलसीपीठ की स्थापना की और भी बहुत सी चीज़ें करने का काम किया है। मैं ऐसे महापुरुषों को नमन करता हुआ, आपसे केवल एक चीज़ कहना चाहता हूँ कि ऐसे बहुत से स्थान हैं, जैसे हमारे यहां गुढ़ा है, गिरवां के पास विंध्यवासिनी मंदिर है।

सर, बस दो-चार मिनट में अपनी बात को कन्क्लूड करता हूँ। मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहता हूँ, मेरे साथी पुष्पेन्द्र जी बैठे हैं, समय मिलेगा तो बोलेंगे। मैं बात कह देता हूँ कि बुंदेलखंड क्षेत्र पूरा एक पर्यटन हब बन सकता है, जहाँ पर बहुत कुछ है। आज बुंदेलखण्ड क्षेत्र को पर्यटन हब बनाने की ज़रूरत है, इसके लिए आप विशेष तौर से प्रयास करने का काम करें। योजना लाने का काम करें। मैं माननीय गडकरी जी का आभारी हूँ, मुझे भी रहना था, चूँकि आदत है जैसा माननीय प्रधान मंत्री जी ने कहा था कि सदन में उन्होंने माथा टेक कर किया था, हम लोगों ने भी सदन को मंदिर माना है। सभापति जी, मैं बताना चाहता हूँ कि मैंने कोशिश की है कि पाँच साल में एक दिन भी गैर हाजिर न हूँ। अगर मैं वहाँ अयोध्या जाता, वहाँ राम वन गमन मार्ग का शुभारम्भ हो रहा है, आज वहाँ पर अयोध्या से चित्रकूट तक के लिए राम वन गमन मार्ग देने का काम किया है, उसका शुभारम्भ हुआ है। मैं गैर हाजिर न हो जाऊँ इसलिए मैं गया नहीं हूँ। आज यहाँ उपस्थित हूँ। मैं आज इसके लिए भी बधाई देना चाहता हूँ। उसका शिलान्यास हुआ है, शीघ्र ही उसका काम पूरा होगा। मैं दूसरी चीज़ मंदाकिनी की सफाई के लिए और कहना चाहता हूँ। माननीय पर्यटन मंत्री जी गए थे, एक मशीन कह कर आए थे, वह मशीन अभी वहाँ पहुँची नहीं है। वह कहाँ अटकी हुई है, उसको

भिजवाने का काम करेंगे, तो वह मशीन रहेगी। एक चीज कहकर अपनी बात को समाप्त करूँगा कि जो चित्रकूट है, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश दो भागों में बंटा हुआ है। इसको एकीकृत करके उसको फ्री किया जाए। जैसे ट्रांसपोर्ट के लिए लोगों को वहाँ पर परमिट लेना पड़ता है, यूपी-एमपी में जाने के लिए, तो उसको फ्री जोन बनाकर वहाँ पटवा जी और कल्याण जी ने जब दोनों हमारी सरकारें थीं, उन्होंने यह योजना बनाई थी। उसको फ्री जोन घोषित करके व्यवस्था करने का काम करें। वहाँ से हमारी हवाई सेवाएँ शुरू होने वाली हैं। उसकी जुलाई डेडलाइन की गई है। मैं कहना चाहता हूँ कि जो हवाई सेवाएँ हैं खजुराहो से चित्रकूट, चित्रकूट से इलाहाबाद, इलाहाबाद से बनारस और अयोध्या, ऐसी हवाई सेवाएँ वहां शुरू कराने का काम करेंगे तो बहुत अच्छा होगा। अंत में एक बात कहकर कि रेलवे में…(व्यवधान)

(1755/CS/PS)

मैं नाना जी देशमुख को पुन: नमन करता हूँ। उन्हें भारत रत्न देने का काम हमारी सरकार ने किया है। इसके लिए मैं माननीय प्रधान मंत्री जी और अपनी सरकार का बहुत आभारी हूँ कि माननीय नाना जी देशमुख को उन्होंने भारत रत्न देने का काम किया। उनको नमन करता हुए मैं केवल एक चीज और कहना चाहता हूँ। एक रेलवे का हॉल्ट स्टेशन चित्रकूट द्वार के नाम से, जिसका सर्वे हो चुका है, भीड़ चित्रकूटधाम नहीं जाएगी, तो हॉल्ट स्टेशन वहाँ पड़ा हुआ है। वह हॉल्ट स्टेशन चित्रकूट द्वार के नाम से शीघ्र बना दिया जाएगा, तो लोगों को सुविधा रहेगी। इसी बात को कहकर मैं निशिकान्त जी को बहुत-बहुत बधाई देता हूँ और यह कहना चाहता हूँ कि इस विधेयक को स्वीकार करना चाहिए। बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

1756 बजे

**श्री निहाल चन्द (गंगानगर):** महोदय, पर्यटन विधेयक, 2015 के संबंध में चर्चा हेतु आपने मुझे समय दिया, इसके लिए मैं आपका धन्यवाद करना चाहूंगा। आज सरकार ने नानाजी देशमुख को भारत रत्न दिया है। मैं अपनी तरफ से सरकार को धन्यवाद देना चाहूंगा कि इतना बड़ा काम सरकार ने किया है।

महोदय, भारत एक परम्पराओं का देश है, प्रकृति का देश है। भारत में लोग परम्परा का आदर भी करते हैं। हमारी परम्परा का आदर करना, हमारे सामाजिक जीवन की एक जड़ भी है। मैं इस मौके पर इतना कहना चाहूंगा कि पर्यटन की दृष्टि से भारत एक बहुत विशाल तरीके से आगे बढ़ सकता है। इस देश की अर्थव्यवस्था में, जीडीपी में 9.3 पर्सेंट पर्यटन की हिस्सेदारी है। हमारे यहाँ घरेलू पर्यटक और विदेशी पर्यटक धार्मिक यात्राओं में शामिल होते हैं। भारत जैसे गर्म जलवायु वाले देश में विशेष रूप से हिमालयी प्रदेश भारतीय पर्यटन में अलग भूमिका निभाते हैं। उत्तर भारत और दक्षिण भारत में निवास करने वाले सभी लोगों के आकर्षण का यह केन्द्र है। प्राचीन स्मारक अवशेष अधिनियम, 1958, वर्ष 2010 में संशोधित 20 (ए) के अनुसार प्राकृतिक स्मारक से 100 किलोमीटर की दूरी पर कोई भी निर्माण का कार्य नहीं कर सकता है, यह सरकार ने तय किया है। मैं माननीय मंत्री जी का धन्यवाद करना चाहूंगा कि इस बिल में वे कितना सहयोग करेंगे और अगर वे अधिक से अधिक सहयोग करेंगे, तो मैं समझता हूं कि पर्यटन की दृष्टि से इसमें बहुत कुछ हो सकता है। मैं सरकार से निवेदन करना चाहूंगा कि हमारी ऐतिहासिक धरोहर जो प्रचुर संख्या में इस हिंदुस्तान में है, उसको और आगे बढ़ाने काम अगर कोई कर सकता है, तो वह इनका विभाग कर सकता है।

महोदय, पिछले तीन साल से मैं भी इस कमेटी में हूं और कमेटी की सिर्फ दो मीटिंग्स हुई हैं। आप अंदाजा लगाइए कि इस तरह से हम पर्यटन की दृष्टि से कैसे आगे बढ़ेंगे? जब पर्यटन की स्टैंडिंग कमेटी की मीटिंग ही नहीं होगी, तो हम किस तरीके से आगे बढ़ेंगे? मैं तो सिर्फ सुझाव देना चाहूंगा कि ऐसे कई क्षेत्र हैं, जहां पर हम लोग पर्यटन की दृष्टि से और आगे बढ़ सकते हैं।

मैं माननीय मंत्री जी से कहना चाहूंगा कि मेरा गंगानगर जिला, जो राजस्थान की सीमा पर है, सीमा पर होने की वजह से पूरे राजस्थान में रेतीले धोरे हैं। अगर दुबई से ज्यादा रेतीले धोरों को हम कहीं देख सकते हैं, तो हम राजस्थान में देख सकते हैं, लेकिन पर्यटन की दृष्टि से हम लोग वहां कुछ भी नहीं कर पा रहे हैं। वर्ष 1996 से पहले जब भैरों सिंह जी राजस्थान के मुख्य मंत्री थे और बाद में वर्ष 2013 में राजस्थान प्रदेश की मुख्य मंत्री वसुंधरा जी थी, तब हमने पर्यटन की दृष्टि से काफी पैसा ऐतिहासिक इमारतों में लगाया था। प्राचीन इमारतें, जो खंडहर हो गई थीं, उनको ठीक करने का काम अगर किसी ने किया है, तो वह हमारी सरकार ने किया है। नरेन्द्र भाई मोदी के नेतृत्व में पर्यटन की दृष्टि से हम लोग और आगे निकल सकते हैं। मैं कहना चाहूंगा कि पर्यटन की दृष्टि से ऐसे कुछ इलाके हैं, जिनको हम पर्यटन की दृष्टि से आगे ले जा सकते हैं, उनके संबंध में विशेष प्रयास इस विभाग को करना चाहिए। विभाग के अधिकारीगण को स्वयं जाकर उन्हें देखना चाहिए। जितना पैसा केन्द्र सरकार ने राजस्थान को दिया या हमारे इलाके में दिया या पर्यटन की दृष्टि से जितना पैसा सीमावर्ती क्षेत्र में दिया गया, उसका अभी तक काम भी चालू नहीं हो पाया है। जब हमारी पिछली मीटिंग थी, तो मैंने यह बात उठायी थी, हनुमानगढ़ जिले में, मेरी कांस्टीट्युएंसी में एक भटनेर दुर्ग है, वहां पर केन्द्र सरकार ने दो करोड़ रुपये दिए थे।

(1800/RV/RC)

महोदय, उसका काम तीन सालों से चालू नहीं हुआ है। अगर पर्यटन के विषय में हम लोग इस तरीके से देखेंगे तो पर्यटन किस तरीके से आगे बढ़ेगा, यह मुझे कहने की जरूरत नहीं है।

महोदय, राजस्थान में जाहरवीर गोगा जी का एक मन्दिर है, जो भारत का सबसे बड़ा मन्दिर है। रामदेवरा का मन्दिर उत्तर भारत का सबसे बड़ा मन्दिर है। पल्लूगढ़ धाम में भी उत्तरी भारत का सबसे बड़ा मन्दिर है। जब हमारी सरकार थी, उस समय राजस्थान सरकार ने जाहरवीर गोगा जी के मन्दिर के लिए पाँच करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की थी।

HON. CHAIRPERSON (SHRI P. VENUGOPAL): Hon. Members, now it is 6 o'clock. We had started the Private Members' Business at 3.34 p.m. Therefore, can we extend the time of the House by four minutes?

SEVERAL HON. MEMBERS: Yes.

**श्री निहाल चन्द (गंगानगर):** सर, मैं पाँच मिनट में अपनी बात खत्म कर दूंगा।

HON. CHAIRPERSON: You try to conclude within two minutes.

**श्री निहाल चन्द (गंगानगर):** सर, वहां का भी अभी तक काम चालू नहीं किया गया है।

मेरे पड़ोस में एक खटकर कलाँ गांव है, जो शहीद भगत सिंह की जन्मस्थली है और जो पंजाब के नवाँशहर के पास है। उसका काम भी अभी तक चालू नहीं हुआ है। पहले जैसा उनका घर था, वह आज भी वैसा ही पड़ा है। उनके पुराने बर्तन, रीति-रिवाज के जो पुराने सामान थे, वे आज भी वैसे ही पड़े हैं। वहां भी सरकार ने काम चालू नहीं किया है।

महोदय, पर्यटन की दृष्टि से हम लोग राजस्थान की पुरानी इमारतों को लें। राजस्थान के ऐतिहासिक स्थल, पुराने मन्दिरों को हमें पर्यटन की दृष्टि से इसमें लेना चाहिए और केन्द्र सरकार को उसमें पैसे देने चाहिए।

सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र में करीब आठ हजार वर्ष पूर्व की मोहनजोदड़ो सभ्यता की कालीबंगा सभ्यता है। मैं पिछले पाँच सालों से विभाग के पीछे पड़ा हूं और मुझे मात्र 50 लाख रुपये मिले। हिन्दुस्तान की एकमात्र सभ्यता कालीबंगा सभ्यता है। यहां पर प्राचीन बर्तन और कंकाल पड़े हैं। वे आज भी वहीं पड़े हैं। वर्ष 2003 में तो वहां से एक कंकाल भी चोरी हो गया। वहां का ऐसा सिस्टम है। मैंने उसके लिए सरकार से पैसे भी मांगे। पर, मुझे मात्र 50 लाख रुपये मिले और वह भी आज तक चालू नहीं हुआ। मैं समझता हूं कि ऐसी प्राचीन इमारतें, ऐसी प्राचीन सभ्यता, जिसे जीवित रखने के लिए हमारे विभाग के अफसरों को वहां जाकर देखना चाहिए।

महोदय, मेरे यहां औरिजनल लैला-मजनू की एक कब्र भी है। मेरे संसदीय क्षेत्र में एक गांव हिन्दुमलकोट है। हिन्दुस्तान और पाकिस्तान के बीच जब लड़ाई हुई थी तो वह यहीं से शुरू हुई थी। उसे पर्यटन की दृष्टि से हम और आगे बढ़ा सकते हैं। मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि मेरी कुछ डिमांड्स हैं, इन्हें आगे बढ़ाने का काम करें।

महोदय, आपने मुझे समय दिया, इसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद।

(इति)

1803 बजे

**कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर):** सभापति महोदय, धन्यवाद।

महोदय, समय की मर्यादा है। मैं अपनी बात पाँच मिनट के अन्दर समाप्त कर दूंगा।

HON. CHAIRPERSON: You try to conclude within two minutes.

**कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल (हमीरपुर):** महोदय, आज जो पर्यटन संवर्धन निगम विधेयक, 2015 निशिकान्त जी लेकर आए हैं, उस पर निशिकान्त जी और अनुराग ठाकुर जी ने बहुत अच्छी तरह से विषय को रखा है। जो विषय आ गए हैं, मैं उसकी चर्चा न करते हुए केवल एक बात कहूंगा।

महोदय, मैं बुंदेलखण्ड क्षेत्र से आता हूं। मेरे यहां बहुत सेवाभावी लोग हैं। भगवान राम भी हमारे बुंदेलखण्ड में अपने वनवास के बारह वर्ष काटे हैं। नानाजी देशमुख जी, जिन्हें अभी भारत सरकार ने भारत-रत्न दिया है, वे भी चित्रकूट में रहे हैं। मैं केवल बुंदेलखण्ड की बात कह कर अपनी बात पूरी करूंगा। अन्य प्रकार के पर्यटन हैं, मगर हिन्दुस्तान में बड़ी सेवाभावी संस्थाएं भी काम कर रही हैं। वे कुष्ठ रोगियों के लिए, अनाथ बच्चों के लिए और गौशाला के क्षेत्र में जो काम कर रही हैं, उसे दुनिया भर से लोग देखने के लिए आते हैं।

महोदय, हमारे यहां नानाजी देशमुख जी ने काम किया, स्वामी रणछोड़ दास जी ने काम किया। स्वामी रामभद्राचार्य जी, जिन्होंने विकलांग विश्वविद्यालय खोला। श्री आशीष गौतम जी, जिन्होंने कुष्ठ रोगियों की सेवा के लिए दिव्य प्रेम सेवा मिशन की स्थापना की। ऐसी अनेक संस्थाएं हैं। मेरे क्षेत्र में हमीरपुर, महोबा, तिंदवारी, राठ, चरखारी है, जिसे बुंदेलखण्ड का कश्मीर कहा जाता है। हमारे बगल में खजुराहो है, ओरछा है। मेरे पूर्वजों के द्वारा बनाए हुए खजुराहो के जो मन्दिर हैं, वे हजारों वर्षों से हैं। वहां हजारों वर्षों से एक परम्परा चली आ रही है। वहां वीर-रस की आल्हा गायन की जो प्रतियोगिता होती है, दुनिया भर से लोग उस पर शोध करने आ रहे हैं। मैं माननीय मंत्री जी का ध्यान इस तरफ आकृष्ट करना चाहता हूं कि पूरी दुनिया भर के लोग इस बात पर शोध कर रहे हैं कि दुनिया का ऐसा कौन-सा वीरता का एक खण्ड काव्य है, जो मौखिक रूप से जीवित है। उसे किसी ने लिखा नहीं है। रामचरितमानस को गोस्वामी तुलसीदास ने लिखा, लेकिन जो आल्हा

खण्ड है, जिसके वीर रस की चर्चाएं होती हैं, पूरे विश्व के देशों से, सभी विकसित देशों से लोग आकर उस पर शोध कर रहे हैं। भारत सरकार पर्यटन के क्षेत्र में और हर क्षेत्र में बहुत बड़ा काम कर रही है।

(1805/MY/SNB)

महोदय, आदरणीय मोदी जी और योगी जी के नेतृत्व में जो कुम्भ लगा है, मैं आपसे केवल इतना ही बोलना चाहता हूं कि कुम्भ से भी अनंत संभावनाएं पर्यटन की हैं, जैसे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री जी ने गुजरात के रण और कच्छ को डेवलप कर दिया है, जहां पहले कुछ भी नहीं था।

अंत में, मैं आपसे यही बात करना चाहता हूं कि बुंदेलखंड में प्राकृतिक छटा, सौन्दर्य, नदियां, पहाड़, जंगल तथा झरनें हैं।

(इति)

HON. CHAIRPERSON (DR. P. VENUGOPAL): Hon. Members, it is time. The House stands adjourned to meet again on Monday, 11th February 2019 at 11 a.m.

1806 hours

*The Lok Sabha then adjourned till Eleven of the Clock on Monday, February 11, 2019/Magha 22, 1940 (Saka)*